# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 28 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 102 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




गुजरात से गिरफ्तार साइबर अपराधी

# चार बड़ी रेल परियोजनाएं मंजूर

## कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, असम और गुजरात को 12,328 करोड़ की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश की बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए और "नया भारत" के विज़न को धरातल पर उतारते हुए, केंद्र सरकार ने रेलवे क्षेत्र में चार नई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 12,328 करोड़ है। ये परियोजनाएं देश के पांच राज्यों — गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम — में रेल नेटवर्क को व्यापक रूप से



विस्तार देने जा रही हैं।

**कच्छ के सुदूर क्षेत्रों तक पहुँचेगी रेलः पर्यटन और व्यापार को मिलेगा प्रोत्साहन**

गुजरात के सीमावर्ती और ऐतिहासिक महत्व वाले कच्छ क्षेत्र में देशलपार-हाजीपीर-लूना और वायोर-लखपत नई रेल लाइन को मंजूरी दी गई है।

यह परियोजना 145 रूट किलोमीटर और 164 ट्रैक किलोमीटर लंबे नेटवर्क का विस्तार करेगी, जिसकी लागत 2526 करोड़ तय की गई है। तीन वर्षों में पूर्ण होने वाली यह लाइन न केवल क्षेत्र को देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ेगी, बल्कि इससे कच्छ के लगभग 866 गांवों और 16 लाख लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस रेल लाइन के जरिए अब रण कच्छ, धोलावीरा (विश्व धरोहर स्थल), कोटेश्वर मंदिर, नारायण सरोवर और लखपत किले जैसे प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों तक रेल सेवा पहुँचेगी, जिससे पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, इस रूट से नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट जैसे वाणिज्यिक वस्तुओं के परिवहन में भी मदद मिलेगी, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। सिकंदराबाद - वाडी तीसरी और चौथी लाइन (कर्नाटक-तेलंगाना) की इस 173 किमी लंबे रेल खंड के विस्तार पर 5012 करोड़ खर्च किए जाएंगे। परियोजना पांच वर्षों में पूरी होगी और इससे कलबुर्गी जैसे आकांक्षी जिले सहित 3108 गांवों और 47.34 लाख लोगों को लाभ पहुंचेगा।

**भागलपुर - जमालपुर तीसरी लाइन (बिहार)**

पूर्वी बिहार को मजबूत कनेक्टिविटी देने वाली यह 53 किमी लंबी लाइन तीन वर्षों में बनेगी। इसकी लागत 1156 करोड़ होगी और यह बिहार के भीतरी क्षेत्रों में यातायात की निर्बाधता सुनिश्चित करेगी। इन चारों परियोजनाओं के माध्यम से भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क में 565 किलोमीटर की वृद्धि करेगा। इससे कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, फ्लाई ऐश, उर्वरक, कंटेनर, कृषि उत्पाद, इस्पात और पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई के लिए जरूरी मार्गों की क्षमता में भारी इजाफा होगा। 68 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त मालवाही क्षमता, रेलवे की लॉजिस्टिक दक्षता को नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी और आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता में योगदान देगी। इस योजना से जुड़े गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम के 13 जिले सीधे लाभान्वित होंगे, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने और समावेशी विकास को बल मिलेगा।

# भोजपुर में घूसखोर बीइओ रंगेहाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षक की सजग पहल से बड़ी कार्रवाई हुई है। शाहपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) गुलाम सरवर और सरकारी शिक्षक मोहम्मद कादिर हुसैन को मंगलवार को निगरानी विभाग की टीम ने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। नाश्ते की दुकान पर हुई गिरफ्तारी निगरानी विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरा-बक्सर फोरलेन स्थित गजराजगंज के एक नाश्ते की दुकान पर जाल बिछाया। यहां दोनों आरोपी शिक्षक संतोष कुमार पाठक से रिश्वत की रकम ले रहे थे। मौके पर ही अधिकारियों ने कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बकाया वेतन के नाम पर मांगी गई रिश्वत जानकारी के मुताबिक, बंशीपुर प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित विशिष्ट शिक्षक संतोष कुमार पाठक का करीब 8 लाख 54 हजार रुपए का वेतन दो साल से बकाया था। इस भुगतान के बदले बीईओ गुलाम सरवर ने उनसे एक लाख रुपए की मांग की थी। मजबूर होकर शिक्षक ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से कर दी। पूरी प्लानिंग के तहत जाल शिकायत के बाद पटना से आई निगरानी टीम ने रणनीति बनाकर दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया।

## एक नजर

### श्वेता शर्मा नेशनल टीचर्स अवार्ड 2025 के लिए चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देवघर जिले के लिए गर्व का क्षण है। राजकीयकृत विवेकानंद मध्य विद्यालय, मीना बाजार की शिक्षिका श्वेता शर्मा का चयन नेशनल टीचर्स अवार्ड 2025 के लिए किया गया है। आगामी 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा जाएगा। गौरतलब है कि इस वर्ष झारखंड राज्य से केवल देवघर की श्वेता शर्मा का ही चयन इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान के लिए हुआ है। उनका यह चयन शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान और विद्यार्थियों को शिक्षित एवं जागरूक बनाने की दिशा में उनके निरंतर प्रयासों की मान्यता है। श्वेता शर्मा के इस चयन से न केवल देवघर, बल्कि पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा है। स्थानीय शैक्षिक जगत और समाज के विभिन्न वर्गों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### खिलाड़ियों और कोचों को मिलेंगे 3 करोड़ से अधिक के नकद पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर राजधानी रांची तीन दिवसीय मेगा खेल महोत्सव का गवाह बनेगा। 29 से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। राज्य भर के खिलाड़ी और प्रशिक्षक महोत्सव में भाग लेने को लेकर उत्साहित हैं। यह आयोजन झारखंड सरकार के खेल एवं युवा कार्य निदेशालय की ओर से किया जा रहा है। उद्घाटन और समापन समारोह महोत्सव का उद्घाटन 29 अगस्त को सुबह 10 बजे मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम में झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार मुख्य अतिथि होंगे। समापन समारोह 31 अगस्त की शाम 5 बजे उसी स्थल पर आयोजित होगा। खिलाड़ियों और कोचों का सम्मान इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का सम्मान होगा। निदेशालय की ओर से बताया गया है कि खिलाड़ी कल्याण कोष से चयनित खिलाड़ियों और कोचों को 3 करोड़ रुपये से अधिक की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। सरकार का मानना है कि यह पहल न सिर्फ खिलाड़ियों के योगदान को मान्यता देगी बल्कि युवाओं को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। प्रतियोगिताएं रोजाना सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

### गुजरात से दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**रांची।** झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुजरात से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों ने सेना के एक अधिकारी को ऊंचे रिटर्न का झांसा देकर 2 करोड़ 90 लाख रुपये की ठगी की थी। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम और कुछ चेक भी बरामद किए हैं। सीआईडी ने बताया कि साइबर क्राइम थाना कांड संख्या 88/25 के तहत यह कार्रवाई की गई। दर्ज मामले में पीड़ित अधिकारी ने बताया था कि उन्हें टेलीग्राम पर संचालित ग्लोबल इंडिया साइट की एक लिंक भेजी गई। लिंक पर क्लिक करने के बाद शिकागो बोर्ड ऑफ एक्सचेंज के नाम पर एक ऑनलाइन खाता खोला गया और मेटल ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झूठा लालच दिया गया। विश्वास में लेकर आरोपियों ने उनसे करोड़ों रुपये निवेश करवाए और बाद में खाते से 2.90 करोड़ रुपये अवैध रूप से ट्रांसफर कर लिए। अनुसंधान के क्रम में सीआईडी को सुराग मिला कि इस पूरे नेटवर्क में गुजरात के अपराधियों की भूमिका है। इसके बाद विशेष टीम ने छापेमारी कर गरनिया भरत उर्फ रमकु भाई और गोयनिया हार्दिक भाई उर्फ करम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी गुजरात के सूरत के निवासी हैं और पूछताछ में उन्होंने अपराध में संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

### जम्मू-कश्मीर में बाढ़ का कहर : स्कूल-कॉलेज बंद

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में झेलम नदी के उफान के बाद बाढ़ ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग और पुलवामा जिले के कई निचले इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने बुधवार को सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखने का आदेश जारी किया है।

### अनंतनाग में दो लोगों की मौत

**श्रीनगर।** मंगलवार शाम अनंतनाग शहर में बाढ़ के बीच बड़ा हादसा हो गया। यहां सामान निकालने के दौरान दुकान के ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज तार अचानक गिर गई, जिसकी चपेट में आने से वाहन चालक और कंडक्टर की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनंतनाग शहर और आसपास के दर्जनों गांवों में पानी का स्तर पांच फीट तक पहुंच गया है, जिससे लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। प्रशासन, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें लगातार राहत और बचाव कार्य में लगी हुई हैं। पुलवामा के चेरसू गांव में बाढ़ में फंसे दर्जनों खानाबदोशों को सुरक्षित निकालकर नजदीकी स्कूल में ठहराया गया है। वैष्णो देवी हादसे के पीड़ितों के लिए मुआवजा इसी बीच, रियासी जिले में भूस्खलन से हुई मौतों पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से नदियों और नालों के पास न जाने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी विधानसभा क्षेत्रों में 441 सेक्टर पदाधिकारियों की तैनाती

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले के सभी 11 विधानसभा क्षेत्रों में 441 सेक्टर पदाधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। अब इन सभी को मतदान से संबंधित कार्यों और दायित्वों के क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमआईटी में 28 को इसके लिए तिथि निर्धारित की गई है। दो पालियों में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन होगा। छह विस क्षेत्रों के सेक्टर पदाधिकारियों का सुबह और शेष पांच का दोपहर की पाली में प्रशिक्षण होगा। उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी और मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सुब्रत कुमार सेन ने इस आशय से संबंधित आदेश जारी किया है।बताया गया कि सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा का सत्यापन, भेद्यता मानचित्रण की तैयारी और चेकलिस्ट के अनुरूप कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण में जानकारी दी जाएगी। डीएम ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने का निर्देश दिया है। उप निर्वाचन पदाधिकारी को इसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### शिक्षा विभाग में फेरबदल, सीतामढ़ी ष्ठरू ने 10 प्रखंडों के बीईओ बदले

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** शिक्षा विभाग के लचर प्रदर्शन को देखते हुए डीएम रिची पांडेय ने जिले के 10 प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकार का प्रभार अन्य विभाग के अधिकारियों को सौंपा है। वहीं, बेलसंड की बीईओ अर्चना कुमारी को रुन्नीसैदपुर व थुम्मा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। डीएम द्वारा जारी आदेश में बथनाहा प्रखंड के बीईओ का प्रभार प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी बथनाहा मनोज कुमार को दिया गया है। इसी प्रकार बाजपट्टी बीईओ की कमान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बाजपट्टी अभय कुमार को, चोरौत प्रखंड के बीईओ का प्रभार सुरसंड के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पियुष कुमार को, डुमरा प्रखंड के बीईओ का प्रभार नगर निगम के सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी अरविंद कुमार को दिया गया है। वहीं, मेजरगंज प्रखंड के बीईओ का प्रभार प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मेजरगंज प्रियांशु कुमार को, परसौनी प्रखंड के बीईओ का प्रभार अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बेलसंड विद्या राज को, रीगा प्रखंड के बीईओ का प्रभार प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रीगा अनुप कुमार को दिया गया है। सोनबरसा प्रखंड के बीईओ का प्रभार अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार तिवारी को, सुप्पी प्रखंड के बीईओ का प्रभार सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी नगर परिषद बैरगनिया प्रभात कुमार को तथा सुरसंड के बीईओ का प्रभार प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी बथनाहा मनोज कुमार को दिया है। उक्त अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर आवंटित प्रखंड में योगदान करने का आदेश जारी किया गया है।

### बिहार में बड़े पैमाने पर थानाध्यक्षों का तबादला

**अररिया, एजेंसी।** बिहार के अररिया में मंगलवार को बड़े पैमाने पर थानाध्यक्षों का तबादला हुआ है. जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और रिक्त पदों पर थानाध्यक्षों की पोस्टिंग की गई है. पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों को अविलंब अपने नव पदस्थापन जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया है. पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश में जिले के 17 थानों में नये थानाध्यक्षों की पोस्टिंग की गई है. तेज-तर्रार अधिकारियों की नियुक्ति- गौरतलब है कि पिछले दिनों लंबे समय से जिले में जमे 31 पुलिस पदाधिकारियों का जोन तबादला हुआ था. जिसके बाद से जिले के कई थाना में थानाध्यक्ष का पद रिक्त था. नरपतगंज और भरगामा जैसे महत्वपूर्ण थानों में नये थानाध्यक्षों की तैनाती की गई है. इन क्षेत्रों में अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए तेज-तर्रार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके.

संजय कुमार बनें नरपतगंज थानाध्यक्ष- जारी आदेश के अनुसार प्रभारी विधि शाखा पुलिस कार्यालय में पदस्थापित इंस्पेक्टर संजय कुमार को नरपतगंज थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि महलगांव थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार को भरगामा थानाध्यक्ष बनाया है.

इन्हें मिली ये जिम्मेदारी- ताराबाड़ी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रेमचंद कुमार को यातायात थानाध्यक्ष, बरदाहा थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार मोर्या को कुर्साकांटा थानाध्यक्ष और डीआईयू शाखा में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार को सिकटी थानाध्यक्ष बनाया गया है.

महिला पुलिस पदाधिकारी की भी नियुक्ति- महिला थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक पूजा कुमारी 2 को एससी/एसटी थानाध्यक्ष, भरगामा थाना के अपर थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक मिथलेश कुमार को बरदाहा थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।वहीं, पुलिस कार्यालय जनशिकायत कोषांग प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार को बसमतिया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

# नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे से सीट बंटवारे पर हलचल, बीजेपी नेताओं से हो सकती है मुलाकात



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अचानक दिल्ली दौरे ने एनडीए खेमे में सियासी हलचल तेज कर दी है।जदयू नेता ललन सिंह और संजय झा के साथ पहुंचे नीतीश की भाजपा नेताओं से मुलाकात की अटकलें तेज हैं।हालांकि जदयू खेमे में कोई साफ जानकारी नहीं दे रहा, लेकिन सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी है।बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ये दौरा बड़े संकेत दे रहा हैं इसको लेकर सस्पेंस बरकरार है!.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे ने बिहार की सियासत में हलचल मचा दी है।जदयू एमएलसी संजय गांधी ने बताया कि मुख्यमंत्री मेडिकल चेकअप के लिए गए हैं, लेकिन भाजपा नेताओं से मुलाकात की संभावना से इनकार नहीं किया. दिल्ली रवाना होने से पहले नीतीश ने पटना में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से संजय झा और सम्राट चौधरी की मौजूदगी में बैठक की।खुद प्रधान ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की पुष्टि की है।उधर, एनडीए के अन्य नेता भी दिल्ली में मौजूद हैं, जिसमें उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं।ऐसे में संभावित एनडीए रणनीति बैठक के कयास तेज हो गए हैं।बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर घमासान तेज होता जा रहा है।चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर सकते हैं।एनडीए में अब तक सीट शेयरिंग का फार्मूला तय नहीं हुआ है।बीजेपी और जदयू के 100 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।दोनों दल के बीच बटवारा 105 और 106 सीट का हो सकता है शेष सीटें चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टियों में बंटनी हैं।हालांकि कई सीटों पर दावेदारी को लेकर पेंच फंसा है।कुछ बागी विधायक भी एनडीए में शामिल हो चुके हैं, जिससे सीटों की गणित और उलझ गई है।चिराग पासवान जीताऊ सीटों की मांग पर अड़े हैं, वहीं जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा भी अपनी ताकत के हिसाब से अधिक सीटों की मांग कर रहे हैं।ऐसे में नीतीश कुमार का यह दौरा सिर्फ चेकअप भर नहीं, बल्कि एनडीए की सियासी सर्जरी की तैयारी माना जा रहा है।2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान अकेले चुनाव लड़े थे।लेकिन इस बार एनडीए में हैं तो वहीं उपेंद्र कुशवाहा भी 2020 में अलग मोर्चा बनाकर चुनाव लड़े थे लेकिन इस बार एनडीए में हैं।2020 में एनडीए में भाजपा जदयू और हम के साथ वीआईपी था, लेकिन इस बार वीआईपी नहीं है लेकिन दो नए दल आ गए हैं और इसके कारण ही सीटों के बंटवारे को लेकर थोड़ी परेशानी बढ़ी हुई है.विधानसभा स्तर पर हो रहे सम्मेलनों में भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), हम और रालोसपा के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता एक साथ मंच साझा कर रहे हैं।लेकिन इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अचानक दिल्ली दौरे ने सियासी चर्चाओं को गर्म कर दिया है।जब भी नीतीश दिल्ली जाते हैं, अटकलें लगती हैं कि उनकी भाजपा शीर्ष नेताओं अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात होगी।

## बिहार की लड़कियों ने रसोई के बजाय बॉक्सिंग रिंग की ओर कर रहीं हैं रुख



**सारण, एजेंसी।** सलवार कुर्ता पहनने वाली लड़कियों को ट्रैक सूट में लाना काफी मुश्किल था।फिर भी हमने कोशिश की।उनके घरवाले बोलते थे कि शादी के बाद खेल नहीं, घर का कामकाज ही काम आएगा।लड़की को घर के अंदर ही रहना चाहिए।लेकिन अब ऐसी सोच को मुक्का पड़ेगा।दरअसल यह कहानी बिहार के सारण जिले के एक छोटे से गांव दिघवारा की है, जहां की लड़कियां आज बॉक्सिंग रिंग में कमाल कर रही हैं.

बिहार की दिघवारा गांव की लड़कियों ने समाज की इस सोच को नॉक आउट कर दिया है।बिहार की राजधानी पटना से करीब 50 किलोमीटर दूर एक बॉक्सिंग क्लब में रोज गांव की 40 से 50 लड़कियां रिंग में रोज पसीना बहाती हैं।इनका मकसद देश के लिए बॉक्सिंग में गोल्ड पर पंच लगाना है।पर सवाल है कि बिहार के एक छोटे से गांव की इन लड़कियों ने रसोई को छोड़कर बॉक्सिंग को ही क्यों चुना, आखिर यह ख्याल उनके मन में कैसे आया।गांव की प्रियंका और वर्षा आखिर बॉक्सिंग रिंग में कैसे पहुंची.

दिघवारा की इन लड़कियों को अपने मुक्के पर पूरा भरोसा है।प्रियंका (24 वर्ष) और वर्षा रानी (30 वर्ष) ने तो देश, राज्य और जिले से इतने गोल्ड और सिल्वर जीते, कि मेडल की झड़ी सी लग गई।प्रियंका बताती हैं कि मैरीकॉम मेरी प्रेरणा है।उन्हीं को देखकर मैंने खेलना सीखा है और मैं उन्हीं के लेवल पर पहुंचना चाहती थीं।2009 में 51 किलो में जूनियर वुमेन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर, 2016 इटली में 55 किलो में वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत चुकी हूं.

## पेशाब पिलाई, सिर मुडवाया, जूतों की माला पहनाकर घुमाया, बिहार में दंपती की मॉब लिंचिंग, पति की मौत



**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा से मानवता को शर्मसार करने वाली एक बड़ी घटना सामने आई है।हिसुआ थाना क्षेत्र के एक बुजुर्ग दंपती को डायन बताकर पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।भीड़ की बर्बरता में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है.

घटना में 70 वर्षीय पति और उनकी पत्नी को डायन बताकर पहले बाल मुंडवा दिए गए, फिर उनके सिर पर चुना लगाया गया।इसके बाद जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे मुहल्ले में घुमाया गया।क्रूरता की हद पार करते हुए उन्हें पेशाब तक पिलाया गया और बेरहमी से पीटा गया.

घटना की सूचना मंगलवार रात को ही 112 नंबर पर दी गई थी, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो भीड़ को देख कार्रवाई करने के बजाय लौट गई।स्थानीय थाना को सूचित तक नहीं किया गया।इसी लापरवाही के कारण बुधवार सुबह तक मामला और बिगड़ गया.

मारपीट में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई।पीड़िता को इलाज के लिए हिसुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है.

बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह ग्रामीण मृतक के शव के साथ उनकी पत्नी को भी जिंदा जलाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच किसी ने हिसुआ थाना को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और महिला को अस्पताल भेजा.

# सीमांचल के विकास को लगेंगे नए पंख, पीएम मोदी करेंगे नए एयरपोर्ट का उद्घाटन

**पूर्णिया, एजेंसी।** कथाशिल्पी फणीश्वर नाथ रेणु के उपन्यास मारे गए गुलफाम पर बनी फिल्म तीसरी कसम के जरिए पूर्णिया समेत सीमांचल के पिछड़ेपन की तस्वीर भी झलकी थी। इस तस्वीर को बदलने में भले ही आजादी के लगभग साढ़े सात दशक बीत गए, लेकिन आज उड़ान की दहलीज पर पहुंचने से पूर्णिया ही नहीं पूरे सीमांचल का दिल बाग-बाग है।

कच्ची-उबड-खाबड़ सड़कों पर बैलगाड़ी से शुरू हुआ पुरैनिया का सफर आज चिकनी फोरलेन पर फर्राटा भरते लग्जरी से उड़नखटोले तक पहुंच गया है। पूर्णिया एअरपोर्ट से उड़ान की तारीख तय होते ही सीमांचल अब विकास की राह पर सरपट दौड़ लगाने के लिए तैयार है।

इस इलाके की बड़ी आबादी का एक बड़ा सपना पुरा होने के साथ पूर्णिया औद्योगिक छलांग लगाने के लिए भी तैयार हो गया है। पूर्णिया एअरपोर्ट का उद्घाटन आगामी 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय होने की घोषणा की गई है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की है। आधिकारिक तौर पर अभी शेड्यूल तय नहीं हुआ है, लेकिन यह तिथि निश्चित मानी जा रही है। एअरपोर्ट के उदघाटन और पीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की कवायद तेज हो गई है।

वहीं एयरपोर्ट पर टर्मिनल बिल्डिंग सहित सभी अधूरे कार्यों को फाइनल टच दिया जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार पीएम के आगमन से पूर्व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस माह के अंत तक एअरपोर्ट का निरीक्षण करने पूर्णिया पहुंच रहे हैं।




फणीश्वरनाथ रेणु की कालजयी रचना मैला आंचल में तब के पुरैनिया (पूर्णिया, अररिया, किशनगंज) की दुर्दशा का सटीक चित्रण किया गया है। यहां के दुरूह आवागमन से लेकर, गरीबी, बेरोजगारी का सजीव चित्रण ने उन्हें मुंशी प्रेमचंद के समकक्ष खड़ा कर दिया। आज उस मैला आंचल की तस्वीर बदलने जा रही है।

पूर्णिया अब हवाई उड़ान की दहलीज पर पहुंच गया है। हवाई सफर की उल्टी गिनती यहां शुरू हो चुकी है। यहां से उड़ान के साथ ही इलाके के औद्योगिक विकास को नया पंख मिल जाएगा। चाहे मक्का-मखाना का व्यापार हो या उससे तैयार होने वाले प्रोडक्ट या फिर हाल के दिनों में यहां लगी छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां में तैयार उत्पाद, सभी को नया बाजार, नया फलक मिलेगा।

रेल और सड़क मार्ग में आगे बढ़ने के साथ यहां मेडिकल और शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त विकास हुआ। एथेनॉल फैक्ट्री, गैस बोटलिंग प्लांट जैसे बड़े प्लांट यहां लगाए गए, जबकि पालिट्री फीड, एनिमल फीड प्लांट के साथ डेयरी उत्पाद, नूडल्य प्लांट जैसे छोटे-छोटे कई उद्योग-धंधे यहां स्थापित हुए हैं।

खासकर मक्का और मखाना का निर्यात के क्षेत्र में पूर्णिया काफी आगे है। यहां से मखाना के साथ उसके उत्पाद देश के अन्य राज्यों के अलावा विदेशों में शुरू हो चुका हैं। कई मल्टीनेशनल कंपनियां यहां स्थायी रूप से व्यापार के लिए अपने वेयर हाउस यहां स्थापित कर चुके हैं। ऐसे में एयरपोर्ट की शुरूआत यहां के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रथम चरण में यहां दिल्ली व कोलकाता के लिए फ्लाइट शुरु होगा। इसके बाद अन्य महानगरों के लिए फ्लाइट आरंभ होगी।

## कई जिलों में होगी भारी बारिश, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

**पटना, एजेंसी।** बिहार में मानसून सक्रिय है।जिससे आज भी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।मौसम विभाग पटना के अनुसार राज्य के 13 जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।बारिश होने से कई जगहों पर बाढ़ आ गई है।जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इन जिलों में येलो अलर्ट- सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा, समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।इन जिलों में तेज हवा, मेघ गर्जन और भारी बारिश समेत वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।साथ ही यहां पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी.

**मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी:** मौसम विभाग ने राज्य के लोगों को एडवाइजरी जारी की है कि जलभराव और बाढ़ की स्थिति में लोग ऊंचे स्थानों पर चले जाएं।साथ ही खुले बिजली के तारों से दूर रहे हैं और व्रजपात के दौरान खुले मैदान समेत ऊंचे पेड़ों के पास खड़े होने से बचें. बता दें कि बाढ़ की वजह से 10 जिलों में करीब 17 लाख लोग प्रभावित हैं।शासन-प्रशासन द्वारा राहत-बचाव कार्य जारी है।बाढ़ का सबसे ज्यादा असर भागलपुर में हैं।यहां पर 343 गांवों के लोग बाढ़ की चपेट में हैं।बेगूसराय के 187 और वैशाली जिले के 76 गांवों में बाढ़ ने अपना कहर बरपाया है.मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में 27 अगस्त के बाद लो प्रेशर-एरिया बनने की आशंका है।जिससे इसका असर बिहार पर पड़ेगा और 28 और 29 अगस्त को प्रदेश के कई जिलों में मेघ गर्जन और व्रजपात के साथ भारी बारिश होगी।बिहार में अब तक 27 प्रतिशत कम हुई बारिश- बिहार में इस बार अब तक 544 बारिश दर्ज की गई है, जबकि अगस्त के अंत तक 741 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी।यानी अब तक औसतन 27 फीसदी कम बारिश हुई है।बीते सोमवार को गया में 76 एमएम, रोहतास में 70 एमएम, वैशाली में 21 एमएम, सीवान में 20 एमएम और शेखपुरा में 19 एमएम बारिश हुई है.

## नीतीश सरकार ने इस जिले को दी 1 अरब से अधिक की राशि

**शिवहर, एजेंसी।** जिले की स्थापना के तीन दशक से अधिक समय बाद शिवहर में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की पहल शुरू हो गई है। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने शिवहर में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए एक अरब पांच करोड़ 27 लाख 12 हजार रुपये की राशि आवंटित की है। इस राशि से जिले के तरियानी प्रखंड के सलेमपुर में 147.43 एकड़ व बेलाही दुल्लाह में 122.58 एकड़ सहित कुल 270.01 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के माध्यम से भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से जहां शिवहर में भी उद्योगों का बागवां सजेगा वहीं जिलेवासियों की दशकों के सपने को उम्मीदों के पंख लग गए हैं। औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के बाद उद्योग का विस्तार होगा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे जिले की आर्थिकी में भी बड़ा बदलाव आएगा। इसी औद्योगिक क्षेत्र में मिथिला हाट जैसे बाजार भी विकसित करने की सरकार की योजना है।इधर, जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने शिवहर में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण को राशि आवंटित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पाकिस्तानी महिला भागलपुर में अपने घर पर मौजूद

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर में एक सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षिका पर पाकिस्तानी मूल का आरोप लगा है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान में इसकी पहचान होने का दावा है। गृह मंत्रालय ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को इशाकचक में इमराना अपने घर में ही मौजूद थीं। वहीं बिस्तर पर लेटीं इमराना ने बताया कि बीमार हूं, इस कारण से स्कूल नहीं जा पा रही। इमराना खातून ने खुद को पाकिस्तानी होने की बात को झूठा बताया है। उसने दावा किया कि, बीएलओ फरजाना खातून से निजी विवाद है, जिस वजह से मुझे इस विवाद में घसीटा गया है। फरजाना ने प्रपत्र 7 के आधार पर नाम हटाने की अनुशंसा की। इमराना का आरोप है कि फरजाना (बीएलओ) उनके घर में बिना किराया दिए रह रही है और रंजिश के कारण उसने शिकायत की है। इमराना खातून ने बताया कि वह स्कूल जाने की तैयारी में थीं, लेकिन अचानक तबीयत खराब होने के कारण उन्हें मेडिकल लीव के लिए आवेदन करना पड़ा। इमराना ने कहा कि वह हृदय रोग से पीड़ित हैं और उनकी तबीयत आए दिन बिगड़ती रहती है। पाकिस्तानी होने की अफवाहों को इमराना ने खारिज करते हुए कहा कि, बीएलओ झूठ बोल रही है, उनका जन्म भारत में ही हुआ है। हालांकि जन्म की तारीख उन्हें ठीक से याद नहीं।

खास बात यह है कि जिस महिला पर सवाल उठ रहे हैं, वह 13 साल से सरकारी स्कूल में पढ़ा रही हैं। इमराना खातून 31 जनवरी 2012 को नारायणपुर प्रखंड में पहली बार सरकारी शिक्षिका के रूप में नियुक्त हुई थीं। इसके बाद 18 जुलाई 2013 से राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, बरहपुरा में सहायक शिक्षिका के तौर पर तैनात हैं। वह समय पर स्कूल आती थीं और ई-शिक्षा कोष में रोजाना उपस्थिति दर्ज कर रही थीं। फिलहाल वह मेडिकल लीव पर हैं। इमराना के घर वालों ने बताया कि उनके पति मोहम्मद इबनुल हसन मदरसा इस्लामिया, बांका में प्राचार्य थे। उन्हें 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने सम्मानित किया था। प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह के साथ भी उनकी तस्वीर है।

# मंत्री श्रवण कुमार और विधायक पर हमला, 1 किमी भागकर बचाई जान

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार के नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावां गांव में जमकर बवाल हो गया।यहां बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर मलावां गांव वालों ने अचानक हमला कर दिया।दोनों नेता हाल ही में गांव ने लोगों की सड़क हादस में मौत के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे थे।नालंदा में मंत्री श्रवण कुमार पर हमला- ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया जैसे ही वे गांव में पहुंचे, नाराज ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और नेताओं को दौड़ा लिया।जान बचाने के लिए मंत्री और विधायक को लगभग 1 किलोमीटर तक भागना पड़ा।इस हमले में उनके साथ मौजूद बॉडीगार्ड्स घायल हो गए.

गांव वाले पहले से थे नाराज- बताया जा रहा है कि ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने समय पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे कई जानें चली गईं।घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।बताया जा रहा है कि ग्रामीण पहले से ही स्थानीय विधायक से नाराज चल रहे थे।फिलहाल पुलिस हालात पर नजर बनाए हुए है और मामले की जांच की जा रही है.



9 लोगों की मौत के पांच दिन बाद पहुंचे गांव- दरअसल, नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र स्थित मलावां गांव में हादसे में 9 लोगों की मौत के बाद मातमपुर्सी के लिए पहुंचे।दोनों नेता घटना के पांच दिन बाद गांव पहुंचे, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।घटना के बाद गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे हैं.

जेडीयू प्रवक्ता बोले- हालांकि छ्वष्ठ के जिला प्रवक्ता धनंजय देव ने बताया कि ÷मंत्री पर हमला नहीं हुआ है, बल्कि वहां के लोग स्थानीय विधायक की कार्यशैली से नाराज होकर हंगामा करने लगे।किसी असामाजिक तत्व ने उस दौरान ईंट चला दिया जिससे मंत्री के स्कॉट में लगे सिपाही की सिर फट गई.÷ घटना की सूचना मिलते ही वरीय अधिकारी पहुंच मामले की जांच में जुट चुके हैं।पदाधिकारी अभी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं. गांव में पुलिस बल तैनात- हमले में मंत्री के बॉडीगार्ड और कई अन्य लोग घायल हो गए।घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया और गांव को पुलिस छावनी में बदल दिया गया. बीते शनिवार को सुबह तकरीबन 6 बजकर 10 मिनट पर पटना ज़िले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में सड़क हादसे 9 लोगों की मौत हो गई थी।जिसके बाद हिलसा विधायक घटनास्थल पर पहुंच सरकार के खिलाफ हमला करते हुए रोड चौड़ीकरण व बड़ी वाहनों की मनमानी के खिलाफ बोले थे.स्ष्ठरू ने पीड़ित परिवार को दिये थे 20-20 हजार- हिलसा के स्ष्ठरूअमित कुमार पटेल ने तत्काल पीड़ित परिवार को घटनास्थल पर पहुंचकर 8 लोगों को 20-20 हजार रुपए का चेक भी दिया था।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी घटना की सूचना मिलते ही अपने × हैंडल पर ट्वीट कर दुःख व्यक्त किया था. मृतकों में रविंद्र प्रसाद की 65 वर्षीया पत्नी संजू देवी, परशुराम पांडेय की 55 वर्षीया पत्नी उदेशा देवी, त्रिपुरारी शरण पांडेय की 35 वर्षीया पत्नी कंचन देवी, शंभु राम की 37 वर्षीया पत्नी बबीता देवी, विकास राम की 32 वर्षीया पत्नी रेणु कुमारी, धनंजय पासवान की 36 वर्षीया पत्नी दीपिका पासवान, वीरेन्द्र प्रसाद की 60 वर्षीया पत्नी गंगा देवी, चंद्रमौली पांडेय की 50 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी, चालक शंकर चौधरी का 22 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार की मौत हो चुकी थी.

## रिम्स ने जारी की सीनियर रेजिडेंट की चयन सूची 33 विभागों के लिए 79 का किया गया है चयन

**रांची, एजेंसी।** रिम्स में बीते 4 से 12 अगस्त तक सीनियर रेजिडेंट के पदों पर वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। मंगलवार को रिम्स प्रबंधन ने इनकी चयन सूची जारी कर दी है। चयन सूची के अनुसार, 33 विभागों के लिए 97 उम्मीदवारों के नाम का प्रकाशन किया गया है। इसमें 79 चिकित्सकों का चयन विभिन्न विभागों के लिए किया गया है, जबकि शेष चिकित्सकों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। इन्हें निर्देश दिया है कि तत्काल रिम्स में रिपोर्ट करें। बताते चले कि प्रबंधन ने विज्ञापन संख्या 2418 के तहत 49 विभागों के लिए 173 पदों पर आवेदन मांगे थे। लेकिन केवल 33 विभाग के लिए ही चिकित्सकों ने रूचि दिखाई। 16 विभाग ऐसे थे जिनमें एक भी डॉक्टर रेजिडेंसी के लिए नहीं मिले। जिन चिकित्सकों का चयन किया गया है वे बतौर सीनियर रेजिडेंट 3 साल तक रिम्स में अपनी सेवा देंगे। 3 साल की रेसिडेंस अवधि पूरी करने के बाद ये सभी असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए एलिजिबल होंगे। पहले रिम्स प्रबंधन ने 3 साल की सीनियर रेसिडेंसी के नियम में बदलाव कर इसे 89 दिन का कर दिया था। प्रबंधन ने 89 दिनों के लिए एडहॉक अधारित इनकी नियुक्ति कर रही थी, इसपर कोई भी उम्मीदवार रुचि नही दिखा रहे थे।

## तार खीचने के दौरान व्यवसायी पर टूटकर गिरा पोल, ग्रामीणों ने इंजीनियर को पीटा

**धनबाद, एजेंसी।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड उदयपुर के समीप मैट्रिक्स कंपनी द्वारा किये जा रहे कार्य के दौरान एक पोल मंगलवार की शाम एक व्यवसायी उदयपुर गांव निवासी संजय कुमार पर जा गिरा। यह कंपनी एचटी लाइन के लिए पोल गाड़ने और तार खींचने का काम कर रही है। घटना में घायल संजय की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। स्थानीय लोगों ने घटिया पोल लगाने का आरोप लगाकर काम कर रहे अभियंता की पिटाई कर दी। वहीं व्यवसायी को धनबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कपड़ा व्यवसायी संजय कुमार की बाइक दुकान के समीप जीटी रोड़ पर खड़ी थी। वह कहीं जाने के लिए बाइक पर बैठने जा रहे थे। इस दौरान पोल टूटकर बाइक पर गिर गयी। घटना में व्यवसायी के बांया पैर व शरीर में चोट लगी है। पैर टूटने की बात कही जा रही है। घटना के बाद मौके से मजदूर व मिस्त्री भाग खड़े हुए। वहीं साइट इंजीनियर आक्रोशित लोगों के हत्थे चढ़ गये। लोगों ने कंपनी प्रबंधन पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए साइड इंजीनियर बच्चू यादव की धुनाई कर दी। इस दौरान गणमान्य लोगों ने उन्हें भीड़ के चंगुल से बचाया। सूचना पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी रजनीकांत व इंस्पेक्टर सीमा कुमारी दल बल के साथ पहुंचे और बच्चु यादव को थाना ले आये। देर शाम दर्जनों ग्रामीण पीड़ित परिवार के साथ थाना पहुंचे और कंपनी प्रबंधन से नयी बाइक, इलाज का खर्च देने और लाइन खींच रहे ट्रैक्टर को जब्त करने की मांग करने लगे। इस दौरान बरवाअड्डा पुलिस ने कहा कि सिर्फ पीड़ित परिवार थाना के अंदर रहेगा। बाकी लोगों डांट, फटकार कर बाहर निकाल दिया। इसपर ग्रामीणों ने नाराजगी जतायी। इसके बाद थाना प्रभारी रजनीकांत ने सात लोगों को अंदर आने की इजाजत दी और कंपनी के लोगों से वार्ता करायी।

## नीरज हत्याकांड के फैसले पर टिकी हैं सबकी निगाहें, पक्ष-विपक्ष में हो रहे दावे

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड पर 27 अगस्त को आने वाली कोर्ट के फैसले पर सबकी निगाहें टिकी है। एक साथ चार लोगों की शरेशाम हुई हत्या में कोर्ट के फैसले से पहले ही पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गयी है। वहीं दूसरी तरफ, सोशल मीडिया पर भी दोनों पक्षों के लोग तरह-तरह के पोस्ट डाल कर तरह-तरह का दावा कर रहे हैं। 21 मार्च 2017 को पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, उनके पीएस अशोक यादव, निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी एवं चालक घोलटू महतो की हत्या स्टीलगेट पर की गयी थी। इस घटना के बाद धनबाद पुलिस ने अनुसंधान में दर्जनों लोगों से पूछ-ताछ की। 11 लोगों की गिरफ्तारी हुई। जिनके खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया गया। आरोप गठन के बाद ट्रायल शुरू हुआ। लगभग साढ़े आठ वर्षों के बाद कोर्ट का फैसला आने वाला है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। खुफिया एजेंसियों को सक्रिय किया गया है। साथ ही सरायढेला, कोर्ट रोड इलाका सहित कई क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गयी है। सूत्रों के अनुसार वरीय पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को सरायढेला, धनबाद, बैंक मोड़, झरिया थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कल के फैसले को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। कहा गया कि सभी थाना क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहे। हर अनजान व्यक्ति पर नजर रखे। स्टेशन, बस स्टैंड जैसे क्षेत्रों में भी सतर्क रहने को कहा गया है। इस हत्याकांड के बाद सिंह मैंसन एवं रघुकुल समर्थकों के बीच तनाव बढ़ गया। कोर्ट के फैसले की तिथि निर्धारित होने के बाद भी दोनों पक्ष के समर्थक सोशल मीडिया पर एक्टिव हो गये हैं। सोशल मीडिया पर भी टशन का असर दिख रहा है। तरह-तरह के रील्स डाल रहे हैं। दोनों पक्षों को उम्मीद है कि कोर्ट का फैसला उनके पक्ष में आयेगा। घटना के बाद की तस्वीरें साझा की जा रही है। अपने-अपने नेता के पक्ष में गोलबंद हो रहे हैं।

# राज्य सरकार ने कहा: वज्रपात, डूबने व सर्पदंश से 486 मरे, हजारों घर ढहे

### विधानसभा में अतिवृष्टि पर हुई विशेष चर्चा, कच्चे पक्के मकानों के गिरने पर कितना मुआवजा मिलेगा, स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला



**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में यह स्वीकार किया कि अतिवृष्टि के कारण काफी नुकसान हुआ है। अतिवृष्टि पर विधानसभा में हुई विशेष पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए आपदा मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि बज्रपात, दुचने और सर्पदंश से 486 लोगों की मौत की सूचना है। विभित्र क्षेत्रों में हजारों कन्ने पक्के मकान वह गए हैं। मंत्री ने कड़ा कि अभी इस बारे में रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

कहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिकों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण इस बार अतिवृष्टि हुई है। खरीफ फसलों में मोटे अनाज को काफी नुकसान हुआ है। विचड़ा के बर्बाद होने और धान की फसलों के व्यापक नुकसान का भी समाचार है। दोनों मंत्रियों ने कहा कि सरकार इस विषय पर संवेदनशील है। प्रभावितों को मुआवजा मिलेगा। पर, बह स्पष्ट नहीं हुआ कि मुआवजा कितना मिलेगा। हालांकि मंत्री इरफान ने यह अवश्य कहा कि आपदा विभाग के पास करीब 5 हजार करोड़ स्पर हैं। वहीं, मंत्री शिल्पी ने पूरिया की किल्लत पर केंद्र सरकार की घोरा।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में भयावह स्थिति है। बच्चे नदी पार कर स्कूल जा रहे हैं, तो मरीजों को खाट पर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। सरकार केजत बड़ी-बड़ी बातें न करे, वह इस प्राकृतिक आपदा को चुनौती में ले, ताकि अगली बार सदन में जब चर्चा हो, तो यह सब समस्याएं न गिनाने पड़ें। मरांडी ने कहा कि सरकार को यह भोषणा करनी चाहिए कि जिसके भी पर उड़े हीं, सबको पक्का मकान बना कर देगी।

अतिवृष्टि पर चर्चा की शुरुआत करते हुए झामुमो विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि भारी नुकसान हुआ है। सरकार शीघ्रा उसकी भरपाई करे। खरीफ फसल नष्ट हो गए हैं। मकई महआ, सब्जियां समेत दलहन काँ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पशुओं के लिए चारा नहीं है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार किमान आधीग का गठन करें। कई वर्षों तक हमलोगों ने अनावृष्टि पर चर्चा की है। आज अतिवृष्टि पर चर्चा करनी पड़ रही है। राज्य सरकार इस संबंध में क्या कर सकती है, उस पर चर्चा होनी चाहिए।

## राज्य सरकार ने 1.33 लाख करोड़ का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधा नसभा के मानसून सत्र में सोमवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सीएजी की तीन रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा। इसमें एक रिपोर्ट राज्य के वित्तीय लेखा जोखा से संबंधित है। विधा नसभा में पेश 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वित्त वर्ष से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र से मिले सहायता अनुदान की राशि के खर्च का हिसाब राज्य सरकार द्वारा केंद्र को वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद देने का प्रावधान है।

हालांकि, ऑडिट में पाया गया कि राज्य सरकार ने मिले 1।33 लाख करोड़ रुपए के केंद्रीय अनुदान के खर्च की उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को निर्धारित समय सीमा में नहीं दी। इस राशि के खर्च के लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 47,367 उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया जाना है। सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य के कुल राजस्व में 9।57 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जबकि, राज्य के अपने स्रोतों से मिलने वाले राजस्व में 11।49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 के मुकाबले 2023-24 में राज्य के कुल खर्च में 19।58 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2022-23 के मुकाबले 2023-24 में सरकार के राजस्व खर्च में 14।99 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले चार वर्षों के दौरान राज्य के राजकोषीय घाटे में भी कमी पाई गई है।

इधर, विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 का महालेखाकार का अनुपालन प्रतिवेदन पेश किया। जिसमें कहा गया है कि पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण विकास विभाग ने दो-दो योजनाओं पर करीब 41।10 करोड़ रुपए खर्च तो किए, लेकिन आम लोगों को इस खर्च का कोई लाभ नहीं मिला।

रिपोर्ट के मुताबिक, पथ निर्माण की ऑडिट में यह पाया गया है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को अतिरिक्त निधि प्रदान करने में विभाग ने असमर्थता जाहिर की। साथ ही निर्धारित समय के अंदर भू-अर्जन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विभाग के कार्यपालक अभियंता और भू-अर्जन पदाधिकारी के बीच समन्वय की कमी रही।

## खूंटी में 36 लाख से अधिका का डोडा जब्त, अज्ञात के खिलाफ एफआईआर, जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी, एजेंसी।** अवैध अफीम और तस्करी के खिलाफ खूंटी पुलिस की कार्रवाई जारी है। अफीम एवं डोडा तस्करी की सूचना पर खूंटी पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए 242 किलो अवैध डोडा पाउडर बरामद किया है। जब्त डोडा का बाजार मूल्य लगभग 36 लाख 30 हजार रुपये बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान तस्कर भागने में कामयाब रहे।

डीएसपी वरुण रजक ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि सायको थाना क्षेत्र के मारंगहदा मोड़ के समीप एक मारूति वैन से डोडा की तस्करी की सूचना एसपी मनीष टोप्पो को मिली थी। सूचना पर डीएसपी वरुण रजक और सायको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे ने मारंगहदा मोड़ के समीप वाहन जांच लगाई।

इस जांच के दौरान के मारुति वैन भी वहां पहुंची लेकिन मारुती में सवार लोगों ने पुलिस को देख लिया और मोड़ से पहले गाड़ी को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। मौके से वाहन से 12 बोरे में भरा 242 किलो डोडा का पाउडर जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 36 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है।

डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि जब्त डोडा, गाड़ी मालिक और अज्ञात तस्कर के खिलाफ सायको थाना में कांड संख्या 25/2025, एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 15(सी)/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस तस्करी में शामिल अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। छापामारी टीम में डीएसपी वरूण रजक, थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय, हवलदार प्रदीप संगा, सुभीत कुजूर, आरक्षी हेमंत कुमार व तालकेश्वर राम शामिल थे।

## झारखंड में 29 अगस्त से राज्य के सभी हिस्से में बारिश, कोल्हान और संताल परगना के जिलों में हैवी रेन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के लोगों को दो दिन की राहत के बाद एक बार फिर भारी बारिश का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि राज्य के अधिकांश हिस्सों में 29 अगस्त से बारिश का नया दौर शुरू होगा। रांची समेत कई जिलों में सामान्य से मध्यम स्तर की बारिश होगी, जबकि कोल्हान और संथाल परगना क्षेत्र में 29 और 30 अगस्त को भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने 29 से 31 अगस्त तक राज्यभर में लगातार बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के पश्चिमी उत्तरी तट, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटीय भाग पर एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय हुआ है। यह अगले 48 घंटे के भीतर और मजबूत होकर पश्चिम-उत्तर दिशा की ओर बढ़ेगा। इस सिस्टम के असर से झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश की आशंका है। राजधानी रांची में मंगलवार सुबह बादल छाए रहे और कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई।



विभाग ने अनुमान जताया है कि बुधवार और गुरुवार को राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बादल छंटने के कारण राजधानी रांची में फिलहाल मौसम सामान्य महसूस हो रहा है, लेकिन गुरुवार के बाद एक बार फिर से जोरदार बारिश की स्थिति बनेगी। लगातार बारिश और बदलते मौसम के बीच राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य के करीब बना हुआ है। रांची का अधिकतम तापमान मंगलवार को 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले 24 घंटे में चार डिग्री की बढ़त दर्शाता है। न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री रहा। वहीं, गोड्डा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया, जो राज्य में सर्वाधिक रहा।

मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि आगामी दिनों में भारी बारिश होने पर तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। वर्तमान में राज्य के अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य बना हुआ है, लेकिन 29 अगस्त के बाद से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। लगातार तीन दिनों तक होने वाली बारिश से सामान्य जीवन प्रभावित हो सकता है और लोगों को एक बार फिर जलजमाव और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## नगड़ी में रिम्स-2 निर्माण को लेकर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के तेवर गर्म

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में रिम्स टू के लिए कांके के नगड़ी में चिन्हित जमीन पर उठा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। 24 अगस्त को प्रस्तावित आंदोलन के दौरान हाउस अरेस्ट होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने फिर एक बार उसी जमीन पर रिम्स -2 नहीं बनने देने की घोषणा की है।



**सरकार को जवाब देगी जनता :** दरअसल विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वहां की जनता, सरकार के इस निर्णय का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि 2012 तक उस जमीन की रैयतों से मालगुजारी ली जाती थी, लेकिन अधिग्रहण कब हुआ? ये आज तक नहीं बताया गया है।

पूर्व सीएम ने किसानों पर दर्ज मामलों का विरोध करते हुए कहा कि जिन्होंने हल चलाया, उन पर केस दर्ज करना गलत है। अब जनता की अदालत में हम जाएंगे। उन्होंने कहा कि 1957 में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के लिए जब यह भूमि अधिगृहित करने की कोशिश की गई थी, तब रैयतों ने उसका तगड़ा विरोध किया था। उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने किसानों की समस्या सुनी थी?

चंपाई सोरेन ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का हवाला देते हुए कहा कि यह जमीन अधिग्रहित नहीं की गई है। ऐसे में वर्तमान सरकार जबरन आदिवासी किसानों की जमीन लेने पर तुली है, यदि ऐसे ही हालात रहे तो किसी की भी जमीन कभी भी सरकार ले सकती है।

सूर्या हांसदा एनकाउंटर को लेकर चंपाई सोरेन ने कहा कि जो लोग समाज और गरीबों के लिए संघर्ष करते हैं, उन पर केस दर्ज हो जाने से वह अपराधी नहीं हो जाते। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान भी कई कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज हुए थे लेकिन अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। चंपाई सोरेन ने साफ तौर पर कहा कि सूर्या हांसदा, गरीबों और बच्चों के लिए संघर्ष करने वाले इंसान थे। पूर्व सीएम ने कहा कि केस दर्ज होना अपराध साबित नहीं करता। इसलिए एनकांउटर की जांच सीबीआई से करानी चाहिए।

## रिम्स पर असर: पारा मेडिकल छात्रों की गैरमौजूदगी में डॉक्टर्स को करनी पड़ी जांच

**रांची, एजेंसी।** रांची रिम्स में शनिवार देर रात जूनियर डॉक्टर्स और पारा मेडिकल छात्रों के बीच हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध में मंगलवार को करीब 450 से अधिक पारा मेडिकल छात्रों ने कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया। छात्रों ने रिम्स प्रबंधन और सभी विभागों के एचओडी को पत्र लिखकर साफ कर दिया है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, वे ड्यूटी पर नहीं लौटेंगे।

पारा मेडिकल छात्रों के बहिष्कार का सबसे ज्यादा असर रिम्स की इमरजेंसी और आईसीयू सेवाओं पर पड़ा, जहां सामान्य दिनों में 70 से अधिक पारा मेडिकल छात्र तैनात रहते हैं, वहीं मंगलवार को उनकी गैरमौजूदगी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों को ही एक्स-रे, ईसीजी और अन्य तकनीकी काम भी करने पड़े। मरीजों को घंटों तक जांच के लिए इंतजार करना पड़ा। ट्रॉमा सेंटर और इमरजेंसी वार्ड में हालात सबसे ज्यादा बिगड़े थे।

**रिम्स कैंटीन चाय मामला... प्रबंधन को सौंपी गई रिपोर्ट :** रिम्स की कैंटीन से चाय पीने के बाद गंभीर हुई जूनियर डॉक्टर डॉ. अरुणा के मामले में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रबंधन को सौंप दी है। समिति ने जांच के दौरान कैंटीन कर्मियों, नर्स और उस समय उनके साथ ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों से पूछताछ की। रिम्स के पीआरओ और उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि इस प्रकरण की अलग से पुलिस की जांच भी चल रही है, इसलिए फिलहाल रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पुलिस के साथ रिपोर्ट साझा की जाएगी।

इधर, फिलहाल डॉ. अरुणा की हालत स्थिर है और उन्हें आईसीयू में चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनके पिता और परिवार के अन्य सदस्य लगातार उनके साथ मौजूद हैं और प्रबंधन से निष्पक्ष जांच व पारदर्शी रिपोर्ट की मांग कर रहे हैं।

# मयंक सिंह के रिमांड को लेकर रामगढ़ कोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**रामगढ़, एजेंसी।** अजरबैजान जेल से पहली बार झारखंड के रामगढ़ भदानीनगर कोर्ट के कांड संख्या 175/22 में सुनील कुमार मीणा उर्फ मयंक सिंह को पुलिस रिमांड पर लेने के लिए एटीएस (क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट) ने आवेदन दिया था, जिस पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मिस संजीबिता गुइन की अदालत में सुनवाई हुई। एटीएस की ओर से सरकारी अधिवक्ता कुमुद रंजन ने पक्ष रखा, जबकि सुनील कुमार की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत सिकरवार, अधिवक्ता विधानचंद्र सिंह, अधिवक्ता अनिमेष सिंह ने बहस की। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने बताया कि हम सुनील कुमार की ओर से पक्ष रख रहे हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से आवेदन दिया गया कि सुनील कुमार मीणा उर्फ मयंक सिंह को आगे की जांच के लिए पुलिस रिमांड दिया जाए। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि जिस समय भदानी नगर पीएस कांड संख्या 175/22 में आरोप पत्र पेश किया गया था, एक तो पुलिस लालपुर थाना कांड संख्या 307/23 में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है, जिसमें आकाश राय उर्फ मोनू और मयंक सिंह के खिलाफ किया गया है, जिसकी चार्जशीट की कॉपी कोर्ट को भी दे दी गई है। इससे पहले जब अभियोजन पक्ष ने मान लिया है कि आकाश राय ही मयंक सिंह है, तो आकाश राय को भी मयंक सिंह, सुनील कुमार को मयंक सिंह और मयंक सिंह को भी कैसे मयंक सिंह बनाया जाएगा। केस डायरी में कहीं भी ऐसा कोई गवाह या अन्य सबूत नहीं है, जिससे साबित हो कि सुनील कुमार ही सुनील कुमार मीणा उर्फ मयंक सिंह है।

अधिवक्ता ने कहा कि जिस व्यक्ति को मयंक सिंह कहकर यहां लाया गया है, वह मयंक सिंह नहीं बल्कि सुनील कुमार है। वे वाहवाही बटोरने के लिए उसे प्रोजेक्ट कर रहे हैं। इसके साथ ही हमने माननीय न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट का एक जजमेंट भी पेश किया है, जिसमें अगर नई याचिका का जिक्र नहीं किया जाता, तो इस मामले में कोई तथ्य मौजूद नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से अज़रबैजान दुनिया की शीर्ष 10 जेलों में शामिल है। वहां जेल में बंद होने के बावजूद, मयंक सिंह के नाम पर हर दिन उसके खिलाफ मामला दर्ज हो रहा है। फिर जो व्यक्ति जेल में है, वह उच्चतम सुरक्षा क्षेत्र में है। इन सभी दलीलों को सुनने के बाद, अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।



एटीएस की ओर से सरकारी वकील ने अपनी बात रखी। उन्होंने अदालत को बताया कि जिस मामले में मयंक सिंह उर्फ सुनील कुमार मीणा उर्फ सुनील कुमार को अजरबैजान जेल से वापस लाया गया है, उसकी जांच अभी लंबित है। जिस समय पुलिस जांच कर रही थी, उस समय मयंक सिंह उर्फ सुनील कुमार मीणा उर्फ सुनील कुमार जेल में था। इसलिए, न तो उससे ठीक से पूछताछ हो सकी और न ही कई तथ्य सामने आ सके। पूरी दलील सुनने के बाद, अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### क्या है पूरा मामला

झारखंड में पहली बार विदेश से ट्रांजिट के ज़रिए लाए गए कुख्यात अपराधी सुनील कुमार मीणा उर्फ मयंक सिंह को रामगढ़ कोर्ट में पेश किया गया और उसे पुलिस रिमांड पर लेने की अपील की गई, लेकिन शनिवार को जिस मामले में पुलिस रिमांड की अपील की गई, उसमें पहले ही चार्जशीट दाखिल हो चुकी थी, जिसका हवाला आरोपी सुनील कुमार के वकील ने दिया और कोर्ट ने शनिवार को सुनील कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद आज सोमवार को एटीएस की ओर से पीपी ने पुलिस रिमांड के लिए कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखा, जबकि आरोपी सुनील कुमार की ओर से हाईकोर्ट के वकील ने अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 27-08-2025 21:53 Page 1



# रिपोर्ट की देरी से न्याय व्यवस्था में आ रही बाधा : डीआइजी

## जताई चिंता, उपायुक्तों को लिखा पत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले के उपायुक्तों को पत्र भेजकर कहा है कि पोस्टमार्टम व पीड़िता के चोट जांच (इंजरी) रिपोर्ट थानों को समय पर उपलब्ध कराई जाए। डीआईजी ने पत्र में उल्लेख किया है कि रिपोर्ट देर से मिलने के कारण कई आपराधिक मामलों की जांच समय पर पूरी नहीं हो पा रही है। इससे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत निर्धारित समय सीमा में चार्जशीट दायर करने में कठिनाई हो रही है। गंभीर अपराधों में पुलिस को 90 दिनों के भीतर व अन्य मामलों में 60 दिनों के भीतर जांच पूरी करनी होती है। लेकिन रिपोर्ट की देरी न्याय व्यवस्था में बाधा बन रही है। पत्र में कहा है कि कई ऐसे मामले, जिनका पोस्टमार्टम जिला अस्पतालों में किया जा सकता है, उन्हें भी अनावश्यक रूप से रांची रेफर किया जा रहा है। इससे न केवल समय व संसाधन की बबार्दी होती है बल्कि पीड़ित परिवारों को भी अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

डीआईजी ने उपायुक्तों से आग्रह किया है कि वे सिविल सर्जन को निर्देशित करें कि सभी पोस्टमार्टम व इंजरी रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में संबंधित थानों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही केवल वही मामले रांची भेजे जाएं जो वास्तव में रेफर करने योग्य हो। डीआईजी ने इसे न्यायिक प्रक्रिया को ससमय पर पूरा करने व आम जनमानस को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम बताया है।

# बंगीय दुर्गा बाड़ी में स्मारिका का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर बंगीय दुर्गा बाड़ी के तत्वावधान में प्रकाशित होने वाली स्मारिका का बुधवार को विमोचन किया गया। दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से इसका विमोचन किया। पूजा समिति के अध्यक्ष शुभंकर चक्रवर्ती ने कहा कि स्मारिका को तैयार करने में शहर के व्यवसाइयों का काफी सहयोग रहा है। इसे तैयार करने में शिवेश मोइत्रा, सुमित भट्टाचार्य व अमर भांजा का योगदान रहा है।

स्मारिका में यहां के बंगाली परिवारों का शहर में क्या योगदान रहा, इसका उल्लेख किया गया है। यह संग्रहणीय है। पूजा समिति के सचिव जयंत विश्वास ने कहा कि इस वर्ष बंगीय दुर्गा बाड़ी में 111वें वर्ष की पूजा की जाएगी। इसे यादगार बनाने के लिए कई आयोजन किए जा रहे हैं। इसके लिए मुख्य संरक्षक श्यामल चक्रवर्ती, ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव दिवेंदु गुप्ता आदि के मार्गदर्शन में पूजा की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि श्यामल चक्रवर्ती की देखरेख में दुर्गा बाड़ी में बने नए हॉल का उपयोग भी इस साल से शुरू कर दिया जायेगा। बंगाली समाज के युवा सदस्य इस वर्ष पूजा के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह काफी उत्साहजनक है। इस साल अष्टमी व नवमी को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बाहर से कई कलाकारों को भी बुलाया जा रहा है। उनके साथ स्थानीय कलाकार भी अपने प्रदर्शन से समां बांधेंगे। सप्तमी को नाटक का प्रदर्शन होगा। स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में देवाशीष सेनगुप्ता, गौतम घोष, आशीष दासगुप्ता, शिवेश मोइत्रा, सुजीत घोष, सुमित भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।

## गिरफ्तारी की मांग

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को खुलेआम धमकी देनेवाले की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# एचएमएसआई ने धनबाद में नई सीबी 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स किया पेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**धनबाद।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने धनबाद, झारखंड में नई सीबी 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स को पेश किया। नई होंडा सीबी125 हॉर्नेट की कीमत लिमिटेड पीरियड इंट्रोडक्टरी प्राइस पर रुपए 1,12,000 रखी गई है, जबकि शाइन 100 डीएक्स की कीमत रुपये 75,950 है (एक्स-शोरूम, धनबाद)। कंपनी ने दोनों मोटरसाइकिलों की मेगा कस्टमर डिलीवरी भी शुरू कर दी है। नई पीढ़ी के राइडर्स को ध्यान में रखते हुए सीबी125 हॉर्नेट को राइड योर रिज्ज की स्पिरिट के साथ स्पोर्टी स्टाइलिंग और दमदार परफॉर्मेंस के लिए डिजाइन किया गया है।

वहीं, शाइन 100 डीएक्स अपने लेगेसी को आगे बढ़ाते हुए और भी बेहतर फीचर्स और प्रीमियम स्टाइलिंग के साथ आती है, जो ग्राहकों की उम्मीदों पर खरी उतरती है सॉलिड है। ग्राहक इन मोटरसाइकिलों की बुकिंग अपने नजदीकी होंडा अधिकृत डीलरशिप पर जाकर कर सकते हैं।

होंडा सीबी 125 हॉर्नेट एक आक्रामक स्ट्रीट-स्टाइल डिजाइन के साथ आती है और चार आकर्षक कलर ऑप्शंस में उपलब्ध है झ पर्ल सायरन ब्लू विद लेमन आइस येलो, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल सायरन ब्लू विद एथलेटिक ब्लू मेटैलिक, और पर्ल सायरन ब्लू विद स्पोर्ट्स रेड। होंडा शाइन 100 डीएक्स अपनी आइकॉनिक शाइन लेगेसी को एक नए और प्रीमियम डिजाइन के साथ आगे बढ़ाती है। इसमें नया डिजाइन किया गया हेड लैम्प विद क्रोम गार्निशिंग, स्टाइलिशचौड़ा फ्यूल टैंक, आकर्षक बॉडी ग्राफिक्स, औरऑल-ब्लैक इंजन व ग्रैब रेल दिए गए हैं, जिन्हें क्रोम मफलर कवर और भी प्रीमियम लुक देता है। यह बाइक चार वाइब्रेंट कलर ऑप्शंस में उपलब्ध है पर्ल इग्नियस ब्लैक, इम्पीरियल रेड मेटैलिक, एथलेटिक ब्लू मेटैलिक, और जेनी ग्रे मेटैलिक।

# करम महोत्सव में शामिल हुए विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बगोदर प्रखंड के अड़वारा पंचायत के बाजार टांड में बुधवार को करम महोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे एल के एम के केन्द्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक पहुंचे जहां कमिटी के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम डुमरी के विधायक है लेकिन बगोदर मेरा पड़ोसी है कुछ भी समस्या आप लोगों हो तो हम आप के समस्या का समाधान करने का प्रयास करुंगा । उन्होंने कहा की करम एक प्राकृतिक पर्व है और कुंवारी बच्चियां खास कर इस पर्व को मनाती है। ऐसे में हमने सरकार से मांग किया कि करम पर्व पर तीन दिन की छुट्टी हो। कार्यक्रम में केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष दिनेश साहु, लोकसभा के पूर्व प्रत्यासी मनोज यादव, सलीम अंसारी, डेगलाल महतो, संतोष महतो, प्रकाश महतो, कुंजलाल साव, मनोज महतो, महेश महतो, शेख शाहीद, उमेश महतो, रंजन कुमार शशि ठाकुर धर्मपाल महतो नाहीद अंसारी रवि महतो राधा देवी, विजय ठाकुर प्रेमचन्द साहु आदि काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# अंधविश्वास नहीं, लोग विज्ञान पर करें भरोसा

## ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के भलकुदर पंचायत अंतर्गत नैयाडाबर समेत कई गांवों में बुधवार को बेंगाबाद पुलिस ने डायन प्रथा जैसी कुप्रथा के खिलाफ एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में संचालित हुआ, जिसमें एसआई. रवींद्र सिंह, विभूति देव और अन्य पुलिस बल शामिल रहे। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि डायन-बिसाही एक अंधविश्वास है और किसी भी बीमारी का कारण जादू-टोना नहीं, बल्कि चिकित्सकीय समस्या होती है। उन्होंने कहा कि किसी महिला को डायन कहकर प्रताड़ित करना डायन प्रथा अधिनियम 2001 के तहत दंडनीय अपराध है, जिसके लिए सख्त सजा का प्रावधान है। अंधविश्वास से नाता तोड़ो और कानून से नाता जोड़ो। पुलिस ने यह भी अपील की कि डायन कहने या प्रताड़ना की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि दोषियों पर कानूनी कार्रवाई हो सके थाना प्रभारी ने कहा कि इस अभियान का मकसद सिर्फ कानून की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि समाज को अंधविश्वास की जड़ से मुक्त करना है। पुलिस ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भी आग्रह किया कि वे अपने स्तर पर जागरूकता फैलाएं और महिलाओं के साथ होने वाले शोषण को रोकने में सहयोग दें। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और भरोसा दिलाया कि वे समाज से इस अमानवीय प्रथा को समाप्त करने में योगदान देंगे।

इसी तरह इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन के तत्वावधान में आज हिंदी कार्मेल स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को रिड्यूस, रियूस, रीसाइकिल के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई।

# अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** जिले में अवैध खनन को लेकर मंगलवार की देर रात छतरपुर के करमा कलां में खान निरीक्षक शुभम कुमार ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से खनन करने वाले खनन में प्रयुक्त होने वाले औजार को छोड़कर फरार हो गये।

मौके से खान निरीक्षक ने अवैध खनन में शामिल दो ट्रैक्टर को जब्त किय ट्रैक्टर से 80 घन फीट स्टोन बोल्डर पाया गया। साथ ही दो जैक, हैम्बर मशीन, चार ड्रिलिंग रॉड, एक शबवेल, एक कुल्हाड़ी, 20 डेटोनेटर समेत अन्य उपकरण बरामद किये गए।

मामले में अज्ञात के विरुद्ध छतरपुर थाना में एफआईआर दर्ज करायी गई है।

# पूर्व सीओ का पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** ढाई लाख आबादी का प्यास बुझाने वाले गिरिडीह खंडोली डेम की जमीन पर कब्जा कराने के आरोप मे बुधवार को जेकेएल एम ने बेंगाबाद की पूर्व सीओ प्रियंका प्रियादर्श का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान जेकेएलएम नेता नागेंद्र चन्द्रवंशी, मुखिया सादिक अंसारी समेत जेकेएलएम के कई नेता और कार्यकर्त्ता शामिल हुए। जेकेएलएम नेता नागेंद्र ने पूर्व सीओ पर आरोप लगाते हुए कहा की सीओ के मिलीभगत से सुभास पब्लिक स्कूल के निदेशक ने खंडोली के जमीन पर कब्जा कर लिया है और अब उसके पानी को प्रदूषित करने के प्रयास मे है। लेकिन जेकेएलएम किसी सूरत मे ये नहीं होने देगी. कहा की जिस खंडोली ने पूरे शहर का प्यास बुझाया जाता है अब उसे भी गिरिडीह के एक जमीन माफिया बेंगाबाद के अंचल के मिलीभगत से लूट चुके हैं और जिला प्रशासन अब का भी सहयोग मिल रहा है।


## आद्रा मंडल के तहत पार्किंग संविदा हेतु ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पार्किंग संविदा। **श्रेणी:** पार्किंग, **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएआरके82; **लॉट सं./श्रेणी: (1)** पार्किंग-आद्रा-आरकेआई-टीडब्ल्यू-66-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन), **(2)** पार्किंग-आद्रा-बीक्यूए-एमएक्स-62-25-1 (पार्किंग-मिश्रित वाहन)। **नीलामी शुरू (सभी लॉटों के लिए):** 11.09.2025 को 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** क्रमांक 1 के लिए 11.09.2025 को 12:30:00 बजे एवं क्रमांक 2 के लिए 11.09.2025 को 12:40:00 बजे। **टिप्पणी:** प्रस्तावित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा
(PR-562)



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/692 दिनांक : 25.08.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **क्रम. सं. 1; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3374; कार्य का नाम:** "श्रीरामपुर - सीनियर डीईएन (1) / एचडब्ल्यूएच के तहत श्रीरामपुर गुड्स शेड का उन्नयन और आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य; **निविदा मूल्य :** रु.57,73,502.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 1,15,500.00; **क्रम. सं. 2; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3473; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन (1) / एचडब्ल्यूएच के तहत बेण्डल गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 74,13,349.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 1,48,300.00; **क्रम. सं. 3; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3480; कार्य का नाम:** ऑफिसर्स रेस्ट हाउस/हावड़ा न्यू स्टेशन कॉम्प्लेक्स में एक पैसेंजर लिफ्ट (निर्माण - ओमेगा एलिवेटर्स) का 36 महीने के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध; **निविदा मूल्य :** रु. 5,05,257.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 10,100.00; **समापन अवधि :** क्रम सं. 1, 2 के लिए 180 दिन और क्रम सं. 3 के लिए 36 महीने; **समापन तिथि एवं समय:** 17.09.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित हो जाती है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन खोली जा सकेंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

(HWH-267/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

**सं.: सी8-एमपीएस-डब्ल्यूवीएम-एवीएम-एसटीजेन-एएसएन-2025 दिनांक : 25.08.2025** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301, मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल में मल्टी-पर्पस स्टॉल (एमपीएस), आटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम), वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) और स्टाफ कैंटीन के संचालन एवं रखरखाव हेतु आईआरईपीएस पोर्टल, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:- **अनुक्रम सं.; लॉट सं./श्रेणी; ई-नीलामी समाप्ति तिथि/समय एवं कार्य का विवरण** क्रमानुसार :

**नीलामी सूची सं. : एएसएन-एमपीएस-25-8**

**एए/1;** एमपीएस-एएसएन-डीजीआर-एमपीएस-21-25-1; 04.09.2025 को 12:30 बजे; दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 4-5 (एचडब्ल्यूएच छोर) पर सीट सं. 760 और 770 के बीच स्थित मल्टी-पर्पस स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए आवंटन। अनारक्षित (महिलाओं) के लिए निर्धारित। **एए/2;** एमपीएस-एएसएन-डीजीआर-एमपीएस-18-25-1; 04.09.2025 को 12.40 बजे। दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2-3 पर कालका छोर की सीट सं. 395-404 के पास मल्टी-पर्पस स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए। अनारक्षित के लिए निर्धारित (सभी श्रेणियों के लिए खुला); **एए/3;** एमपीएस-एएसएन-डीजीआर-एमपीएस-20-25-1; 04.09.2025 को 12.50 बजे। दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 (एचडब्ल्यूएच छोर) पर सीट सं. 63 और 67 के बीच स्थित मल्टी-पर्पस स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए। अनारक्षित के लिए निर्धारित (सभी श्रेणियों के लिए खुला); **एए/4;** एमपीएस-एएसएन-डीजीआर-एमपीएस-22-25-1; 04.09.2025 को 13.00 बजे दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 4-5 (केएलके छोर) पर सीट सं. 1010 और 1119 के बीच मल्टी-पर्पस स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए आवंटन। अनारक्षित (महिलाओं) के लिए निर्धारित।

**नीलामी सूची सं. : एएसएन-एवीएम-25-2**

**एए/1;** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-101-25-1; 05.09.2025 को 12.30 बजे; प्लेटफार्म सं. 01 पर स्थित दुर्गापुर स्टेशन पर खानपान सेवाओं के लिए 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए स्टैंडअलोन मोड में आटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट x 3 फीट 15 वर्ग फीट) की स्थापना और संचालन के लिए आवंटन। **एए/2;** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-102-25-1; 05.09.2025 को 12.40 बजे; प्लेटफार्म सं. 4-5 पर स्थित दुर्गापुर स्टेशन पर एचडब्ल्यूएच एंड एस्केलेटर के बगल में 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए स्टैंडअलोन मोड में खानपान सेवाओं के लिए आटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट x 3 फीट = 15 वर्ग फीट) की स्थापना और संचालन के लिए आवंटन। **एए/3;** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एवीएम-100-25-1; 05.09.2025 को 12.50 बजे; दुर्गापुर स्टेशन पर खानपान सेवाओं के लिए स्टैंडअलोन मोड में आटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) की स्थापना और संचालन के लिए आवंटन, जो कि 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए कॉनकोर्स क्षेत्र (स्कैनर मशीन के सामने) में स्थित है।

**नीलामी सूची सं. : एएसएन-डब्ल्यूवीएम-25-11**

**एए/1;** एमएसएस-एएसएन-सूरी-डब्लूवीएम-89-25-1; 06.09.2025 को 12.30 बजे। ओएचई पी/नं 54/8 और सूरी/1018 के बीच प्लेटफार्म सं. 2-3 पर सिउरी (सूरी) रेलवे स्टेशन के एकल आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्ग फीट) की स्थापना और संचालन 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए। **एए/2;** एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्लूवीएम-26-25-1; 06.09.2025 को 12.40 बजे। ओएचई मस्त सं. 186/36 के पास प्लेटफार्म सं. 3-4 पर अंडाल रेलवे स्टेशन के एकल आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्लूवीएम) की स्थापना और संचालन के लिए 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए लाइसेंस प्रदान करना। **एए/3;** एमएसएस-एएसएन-एमएनएई-डब्ल्यूवीएम-39-25-1; 06.09.2025 को 12.50 बजे; मानकर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 1-2 पर सीट नंबर 16-20 और सीट सं. 31-35 के बीच में 05 (पांच) साल की अवधि के लिए स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना और संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना। **एए/4;** एमएसएस-एएसएन-एसटीएन-डब्ल्यूवीएम-90-25-1; 06.09.25 को 13.00 बजे; सीतारामपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 2-3 पर पुराने एफओबी के पास 05 (पांच) साल की अवधि के लिए स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्ग फीट) की स्थापना और संचालन। **एए/5;** एमएसएस-एएसएन-पैन-डब्ल्यूवीएम-91-25-1; 06.09.2025 को 13.10 बजे; पानागढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1-2 पर ओएसओपी स्टॉल के बगल में 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (30 वर्ग फीट) की स्थापना और संचालन। **एए/6;** एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-डब्ल्यूवीएम-24-25-1; 06.09.2025 को 13.20 बजे; देवघर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2 पर सबवे के पास सीटिंग व्यवस्था नंबर 4 और 5 के बीच शेड के नीचे स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना और संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना। **एए/7;** एमएसएस-एएसएन-बीएसकेएच-डब्ल्यूवीएम-47-25-2 06.09.2025 को 13.30 बजे; बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 01 पर, प्लेटफार्म शेड के नीचे ट्रैक्शन पोल सं. 49/3 और 49/4 के बीच 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए स्टैंड अलोन आधार पर 01 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना और संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना।

**नीलामी सूची सं. : एमएसएस-एएसएन-एसटीजीईएन-4**

**एए/1;** एमएसएस-एएसएन-एएसएन-एसटीजेन-49-25-1; 12.09.2025 12.30 बजे; 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल में स्टाफ कैंटीन के संचालन और रखरखाव का प्रावधान।

(ASN-170/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**सं. सीओएम/सीएटीजी/न्यू अलॉटमेंट/ई-टेंडर/2022 दिनांक: 25.08.2025** मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व रेलवे, 4वीं मंजिल, रेल यात्री निवास, न्यू कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा जीएमयू के माध्यम से 05 वर्ष की अवधि के लिए खानपान सेवाएं प्रदान करने के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमें a) न्यूनतम 03 (तीन) वर्ष का खानपान व्यवसाय का अनुभव, b) खानपान व्यवसाय से पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक में सांकेतिक लाइसेंस शुल्क का न्यूनतम 03 (तीन) गुना वार्षिक टर्नओवर और c) पिछले तीन वित्तीय वर्षों में लाभ या हानि + संचित भंडार + न्यूनतम रु। 03 (तीन) लाख का शेयर पूंजी। **क्रम.सं.; निविदा सूचना सं.; स्टेशन; स्थान; आरक्षण श्रेणी; आरक्षित मूल्य/सांकेतिक लाइसेंस शुल्क (प्रति वर्ष); संविदात्मक मूल्य; ईएमडी (संविदात्मक मूल्य का 2%); निविदा दस्तावेज की लागत और जीएसटी (निविदा दस्तावेज की लागत पर 12%)** क्रमानुसार :

**हावड़ा मंडल के 'ए1' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**1; आर4-जीएमयू-एचडब्ल्यूएच-एनसी-एसटी-पीएफईएनडी6;** हावड़ा; न्यू कॉम्प्लेक्स/दक्षिण कॉन्कोर्स/पीएफ समापन/6 से; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 28,17,683.00; रु. 2,93,100.00; रु. 5,000.00; रु. 600.00.

**हावड़ा मंडल के 'ए' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**1; आर3-जीएमयू-कैटजी-आरपीएच-पीएफ2-3-2;** रामपुरहाट; पीएफ-2 और 3/एफओबी और पीएफ शेड के बीच/बीएचपी एंड (नंबर 2); 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फीट; जीएमयू-महिला; रु. 5,22,842.00; रु. 54,400.00; रु. 3,000.00; रु. 360.00.

**हावड़ा मंडल के 'बी' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**1; आर6-जीएमयू-कैटजी-बीएचपी-पीएफ2-3;** बोलपुर; पीएफ-2&3; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु.4,66,319.00; रु.48,500.00; रु.3,000.00; रु.360.00.

**हावड़ा मंडल के 'सी' श्रेणी के स्टेशनों पर जीएमयू इकाइयां स्थापित की जाएंगी**

**(1); आर9-जीएमयू-कैटजी-जीबीआरए-पीएफ1;** गोबरा; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट। जीएमयू-जनरल; रु. 75,912.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(2); आर9-जीएमयू-कैटजी-बीजीएनए-पीएफ1**; बलगोना; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 66,887.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(3); आर12-जीएमयू-कैटजी-बीएलवाई-पीएफ1-1ए;** बाली; पीएफ-1&1ए; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला रु. 2,30,804.00; रु. 24,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(4); आर11-जीएमयू-कैटजी-केओजी-पीएफ1-2;** कोन्नगर; पीएफ-1&2; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 2,30,804.00; रु. 24,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(5); आरई15-जीएमयू-कैटजी-बीईक्यू-पीएफ5;** बेलूर; पीएफ-5; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 2,44,935.00; रु. 25,500.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(6); आरई15-जीएमयू-कैटजी-यूपीए-पीएफ1-2;** उत्तरपाड़ा; पीएफ-1&2; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 2,30,804.00; रु. 24,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(7); आरई7-जीएमयू-कैटजी-एलएलएच-पीएफ5;** लिलुआ; पीएफ-5; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 2,87,328.00; रु. 29,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(8); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एसएमएई-पीएफ1;** समुद्रगढ़; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 1,06,356.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(9); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एमयूजी-पीएफ2-3;** मगरा; पीएफ-2&3; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 85,482.00; रु. 8,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(10); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एसआईयू-पीएफ1;** सिंगुर; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 82,229.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(11); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एजीईई-पीएफ1;** अग्रद्वीप; पीएफ-1 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 95,621.00; रु. 10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(12); आरई14-जीएमयू-कैटजी-बीएएचडब्ल्यू-पीएफ1;** बाहिरखण्ड; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 1,02,723.00; रु.10,700.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(13); आरई14-जीएमयू-कैटजी-बीएलएई-पीएफ1;** बलरामबाटी; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 75,912.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00.**(14); आरई14-जीएमयू-कैटजी-बीएचएलए-पीएफ1;** बेहुला; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 1,06,356.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(15); आरई14-जीएमयू-कैटजी-बीएफजेड-पीएफ1;** भांडारटिकुरी ; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 88,799.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(16); आरई14-जीएमयू-कैटजी-ग्रे-पीएफ1ए;** गुड़ाप ; पीएफ-1ए; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 75,912.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(17); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एलकेएक्स-पीएफ1;** लक्ष्मीपुर; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 88,799.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(18); आर ई14-जीएमयू-सीएटीजी-लोक-पीएफ1;** लोकनाथ; पीएफ-1; 5' X 6' अर्थात 30 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 69,895.00; रु. 7,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(19); आरई14-जीएमयू-सीएटीजी-एमयूयू-पीएफ1;** मानकुन्डु; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 95,621.00; रु. 10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(20); आरई14-जीएमयू-सीएटीजी-एमबीई-पीएफ1;** मिर्ज़ापुर बाँकिपुर; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 75,935.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(21); आरई14-जीएमयू-कैटजी-पीएलएई-पीएफ1;** पालसिट; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 82,229.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(22); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एसएलजी-पीएफ1;** सिमलागढ़; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 82,229.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(23); आरई14-जीएमयू-कैटजी-टीबीएई-पीएफ1-2;** त्रिबेणी; पीएफ-1&2 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-महिला; रु. 95,621.00; रु. 10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(24); आरई14-जीएमयू-कैटजी-बीसीजीएम-पीएफ1;** बैंचीग्राम; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 82,229.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(25); आरई14-जीएमयू-कैटजी-बीजीएई-पीएफ1;** बलागढ़; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 1,13,810.00; रु. 11,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(26); आरई14-जीएमयू-कैटजी-बीएमएई-पीएफ1-2;** बेलमुरी; पीएफ-1&2; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 66,887.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(27); आरई14-जीएमयू-कैटजी-सीडीएई-पीएफ1-2;** चंदनपुर; पीएफ-1&2; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 66,887.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(28); आरई14-जीएमयू-कैटजी-डीईए-पीएफ1;** दियाड़ा; पीएफ-1; 5' X 6' अर्थात 30 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 69,895.00; रु. 7,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(29); आरई14-जीएमयू-कैटजी-डीटीएई-पीएफ1;** धात्रीग्राम; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 1,06,356.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(30); आरई14-जीएमयू-कैटजी-डीएमएलई-पीएफ1;** डुमुरदह; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 1,06,356.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(31); आरई14-जीएमयू-कैटजी-जीएफई-पीएफ1;** गरिफा; पीएफ-1; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 88,799.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(32); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एचपीएल-पीएफ1;** हरिपाल; पीएफ-1; 5' X 6' अर्थात 30 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 64,525.00; रु. 6,800.00; रु. 1,000.00; रु.120.00. **(33); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एचआईएच-पीएफ1-2;** हाजीगढ़; पीएफ-1&2; 10' X 6' अर्थात 60 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 66,887.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(34); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एचवाईजी-पीएफ1;** हुगली घाट; **पीएफ-1;** 5' X 6' अर्थात 30 वर्ग फीट; जीएमयू-जनरल; रु. 75,479.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(35); आरई14-जीएमयू-कैटजी-जेआरएई-पीएफ1;** जौग्राम; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 75,912.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(36); आरई14-जीएमयू-कैटजी-जेपीक्यू-पीएफ1;** झापानडांगा; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 75,912.00; **(37); आर ई14-जीएमयू-कैटजी-जेआईटी-पीएफ1;** जिराट; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 1,06,356.00; रु. 11,100.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(38); आरई14-जीएमयू-कैटजी-केकेएई-पीएफ1;** कैकला; पीएफ-1; 5' x 6' अर्थात 30 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 69,895.00; रु. 7,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(39); आरई14-जीएमयू-कैटजी-केएमएई-पीएफ1-2;** खामारगाछी; पीएफ-1&2; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 95,621.00; रु. 10,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(40); आरई14-जीएमयू-कैटजी-केएचएन-पीएफ1;** खानयान; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 82,229.00; रु. 8,600.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(41); आरई14-जीएमयू-कैटजी-केजेयू-पीएफ1;** कुंतीघाट; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 1,13,810.00; रु. 11,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(42); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एमडीएसई-पीएफ1;** मधुसूदनपुर; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 75,912.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00; **(43); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एमएवाईपी-पीएफ1;** मायापुर; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 64,013.00; रु. 6,700.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(44); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एनबीएई-पीएफ1;** नवग्राम; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 75,912.00; रु. 7,900.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(45); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एनएसएफ-पीएफ1;** नसीबपुर; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 88,799.00; रु. 9,300.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(46); आरई14-जीएमयू-कैटजी-पीबीजेड-पीएफ1-2;** पोड़ाबाज़ार; पीएफ-1&2; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 66,887.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **(47); आरई14-जीएमयू-कैटजी-एसओएई-पीएफ1;** सोमराबाजार; पीएफ-1; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 1,13,810.00; रु. 11,900.00; रु. 2,000.00; रु. 240.00. **(48); आर11-जीएमयू-कैटजी-पीआरएई-पीएफ1-2;** पाल्ला रोड; पीएफ-1&2; 10' x 6' अर्थात 60 वर्ग फुट; जीएमयू-जनरल; रु. 66,887.00; रु. 7,000.00; रु. 1,000.00; रु. 120.00. **सभी क्रम के लिए अंतिम तिथि:** 12.09.2025. **(i)** टेंडर दस्तावेज़ की लागत पर 12% जीएसटी राशि फॉरवर्ड चार्ज के माध्यम से एकत्र की जाती है। **(ii)** टेंडर दस्तावेज़ की उपलब्धता: **www.ireps.gov.in (iii) अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **(iv) प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **(v)** बोलियाँ केवल ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी हैं। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-266/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मगध प्रमंडल में 97 गोदामों का मंत्री डा. प्रेम कुमार ने किया शिलान्यास

## गोदामों के निर्माण से सहकारिता विभाग के पैक्सों में 88500 मे. टन भंडारण क्षमता में होगी वृद्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार के द्वारा के मगध प्रमंडल के 5 जिलों के राज्य योजना से वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्मित होने वाले कुल 97 गोदामों का शिलान्यास किया गया। इन गोदामों में 80 गोदाम 1000 मे. टन क्षमता एवं 17 गोदाम 500 मे. टन क्षमता के शामिल हैं। इन गोदामों का निर्माण से सहकारिता विभाग के पैक्सों में 88500 मे0टन भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी। सहकारिता मंत्री द्वारा शिलान्यास के साथ-साथ मगध प्रमंडल के सभी 5 जिलों के उपस्थित पैक्स, व्यापारमंडल एवं अन्य प्रकार के समितियों के उपस्थित अध्यक्षों को संबोधित भी किया गया। उनके द्वारा अपने संबोधन में सभी अध्यक्षों को कहा गया कि सरकार के पास पैक्सों, व्यापार मंडलों में गोदाम निर्माण हेतु राशि की कमी नहीं है, आप प्रस्ताव उपलब्ध करायें, सरकार उस पर विचार करते हुये आपको गोदाम निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करायेगी। मंत्री द्वारा पैक्स अध्यक्षों को यह भी कहा गया है कि राज्य के अंतर्गत राज्य स्तर पर एवं जिला स्तर पर अच्छे कार्य करने वाले को मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कृत करने की योजना लागू की गई है जिसके लिए 05 सितम्बर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। मंत्री द्वारा बताया गया कि बिहार में सहकारिता विभाग सभी तरह की सहकारी समितियों के उत्थान के लिए प्रयासरत है एवं इस संबंध में कई प्रकार की योजनाएं भी चला रही है जैसे- मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, अधिप्राप्ति, पैक्सों में गोदाम निर्माण, प्राथमिक सब्जी सहकारी समितियों में आधारभूत संरचना निर्माण आदि। कार्यक्रम में उपस्थित कई पैक्स अध्यक्षों द्वारा सीएमआर जमा करने की तिथि बढ़ाने एवं आपूर्ति किये गये सीएमआर के बकाया मूल्य का भुगतान कराने की मांग की गई जिसके संबंध में मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डा0 प्रेम कुमार के अतिरिक्त विनय कुमार, विधायक, गुरूआ अमित कुमार दांगी, सदस्य, अतिपिछडा वर्ग आयोग विद्या भूषण मिश्र संयुक्त निबंधक, मगध प्रमंडल, गया, मगध मार्केटिंग यूनियन के अध्यक्ष बसंत जी परमार, मउ पैक्स के अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, नगर प्रखंड के मदनबिगहा पैक्स के अध्यक्ष अशोक चन्द्र कश्यप सहित कई अन्य सहकारिता के गणमान्य लोगों द्वारा भी सबोधन किया गया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में विधि-विधान से मना गणेश चतुर्थी उत्सव





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के पटना स्थित कार्यालय सह आवासीय परिसर में कर्मचारी कल्याण समिति के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं विधि-विधान से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), विजय गोयल एवं सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा, संगीता गोयल ने विधिपूर्वक विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की। पूरे आयोजन में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही एवं वातावरण भक्ति-भाव, उमंग और पारिवारिक सौहार्द से सराबोर हो उठा। भक्तिमय धुनों और मंगलाचरण के बीच सभी ने मिलकर एनटीपीसी की प्रगति, परिवारों के सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं), मैथ्यू ई. कोवूर, महाप्रबंधक (मा.सं.), अनिल कुमार चावला, उप महाप्रबंधक (नैगम संचार), विश्वनाथ चंदन सहित कर्मचारी कल्याण समिति के सदस्यगण, सुजाता लेडिज क्लब की अन्य वरीय सदस्यायें व सभी वरिष्ठ कर्मचारीगण सपरिवार उपस्थित रहे।

# बिहार को मिल सकती है बड़ी सौगात : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से नितिन नवीन ने की मुलाकात

## 1,100 करोड़ की सीआरआइएफ परियोजनाओं को लेकर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली/पटना।** बिहार में सड़क संपर्क को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने सीआरआईएफ के अंतर्गत 15 प्रमुख सड़क परियोजनाओं के लिए लगभग 1,100 करोड़ की स्वीकृति का अनुरोध किया। इन 15 परियोजनाओं के माध्यम से 226 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। मंत्री नितिन नवीन ने केंद्रीय मंत्री को बिहार की सड़क अवस्थाओं, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और विकास की संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने प्रस्तुत परियोजनाओं पर सकारात्मक विचार व्यक्त करते हुए शीघ्र स्वीकृति का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के समग्र विकास में सड़क संपर्क एक अहम भूमिका निभाता है और केंद्र सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग देगी। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इन परियोजनाओं के लागू होने से बिहार में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, संपर्कता बेहतर होगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आवाजाही सरल होगी। इसके साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा और विकास की रफ्तार तेज होगी।

# जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने दीपक कुमार अभिषेक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने विधि प्रकोष्ठ को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अधिवक्ता दीपक कुमार अभिषेक को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। यह नियुक्ति जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद की अनुशंसा पर विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार द्वारा की गई। नियुक्ति मिलने पर दीपक कुमार अभिषेक ने संगठन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगे। उनका कहना है कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि दीपक कुमार अभिषेक एक समर्पित और ईमानदार कार्यकर्ता हैं। संगठन को उनसे गहरी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदर्शों और पार्टी की नीतियों के अनुरूप काम करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देंगे।

# बिहार को वैश्विक औद्योगिक शक्ति बनाएगा प्रोत्साहन पैकेज : नीतीश मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार द्वारा लागू बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बीआईआईपीपी)- 2025 राज्य को औद्योगिक क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बुधवार को पटना स्थित होटल मौर्या में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि यह नीति बिहार को न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक औद्योगिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगी। इससे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और राज्य में उद्यमिता व नवाचार को गति मिलेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, तकनीकी विकास निदेशक शेखर आनंद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव ने बीआईआईपीपी के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत प्रस्तुति दी और बताया कि यह पैकेज निवेशकों के लिए बिहार को एक आकर्षक गंतव्य बनाएगा। इस योजना के अंतर्गत 100 करोड़ से अधिक निवेश और 1000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार देने वाली इकाइयों को 10 एकड़ जबकि 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वालों को 25 एकड़ तक निःशुल्क भूमि दी जाएगी। फॉर्च्यून 500 वैश्विक/भारतीय कंपनियों को 200 करोड़ से अधिक निवेश पर आवश्यकता अनुसार भूमि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त 40 करोड़ रुपये तक ब्याज अनुदान, 300% तक शुद्ध राज्य वस्तु एवं सेवा कर की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों तक, 30% पूंजीगत अनुदान तथा स्थानीय कर्मचारियों के ईएसआई व ईपीएफ अंशदान पर प्रतिपूर्ति का भी प्रावधान है – वस्त्र और चमड़ा इकाइयों के लिए यह लाभ 7 वर्षों तक और अन्य इकाइयों के लिए 5 वर्षों तक मिलेगा। इसके साथ ही हर वर्ष 40 लाख रुपये तक का निर्यात प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण पर 25% लागत प्रतिपूर्ति, कौशल विकास, अक्षय ऊर्जा उपयोग, स्टाम्प शुल्क व भूमि रूपांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति, निजी औद्योगिक पार्कों को सहयोग, पेटेंट व गुणवत्ता प्रमाणन जैसे कई प्रावधान शामिल हैं। इस योजना के तहत निवेशकों को लाभ प्राप्त करने के लिए 31 मार्च 2026 तक आवेदन करना अनिवार्य होगा।

# औरंगाबाद के अंचल अमीन को मिली 4 वर्षों के कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना की एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के जूर्म में आज एक पूर्व अंचल अमीन को 4 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 20000 का जुर्माना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले मे सुनवाई के बाद औरंगाबाद जिले के दाउदनगर अंचल अमीन शिव शंकर राम को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक प्रभारी ट्रैप किशोर कुमार सिंह ने बताया कि 11 नवंबर 2014 को ब्यूरो के अधिकारियों ने दोषी अंचल अमीन को एक स्थानीय व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी का सही प्रतिवेदन देने के एवज में 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए इस मामले में 11 गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था।

# वोट चोरी यानी युवाओं के भविष्य की चोरी: बिहार में शिक्षा घोटालों पर कांग्रेस-राजद का हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरपुर/पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था की गिरती हालत और भर्ती परीक्षाओं में हो रहे घोटालों को लेकर बुधवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (यूनाइटेड) सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि बिहार, जो कभी नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों के लिए विश्व प्रसिद्ध था, आज नकली डिग्री और प्रश्नपत्र माफिया का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा वोट की चोरी का मतलब है युवाओं के भविष्य की चोरी! रागिनी नायक ने बताया कि राज्य में शिक्षा से जुड़े तीन बड़े घोटाले सामने आ चुके हैं: फर्जी डिग्रियों की बिक्री, प्रश्नपत्र लीक और इन सबमें सत्ताधारी नेताओं और माफियाओं की सांठ-गांठ। उन्होंने बताया कि स्नातक से लेकर आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) और विधि स्नातक (एल.एल.बी.) तक की डिग्रियों की 'दर सूची' तय है – बी.ए. के लिए 70,000 से 1 लाख, बी.एड के लिए 1.5 से 2 लाख और बी.ए.एम.एस. के लिए 25 लाख तक की मांग की जा रही है। वहीं, नीट-यूजी जैसे प्रश्नपत्र लीक मामलों में प्रति परीक्षार्थी 30 से 40 लाख तक वसूले जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि 2017 से 2024 तक दस से अधिक परीक्षाएं – जैसे सिपाही भर्ती, बी.पी.एस.सी., अमीन परीक्षा, नीट, शिक्षक भर्ती – प्रश्नपत्र लीक के कारण रद्द या विवादित हुई हैं। रागिनी नायक ने आरोप लगाया कि भाजपा-जेडीयू की सरकार माफियाओं की संरक्षक बन चुकी है और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। राजद की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका भारती ने कहा कि यह केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के भविष्य पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा ले रही है। कांग्रेस के प्रवक्ता अभय दुबे और मीडिया विभाग के अध्यक्ष राजेश राठौर भी संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित थे। उच्च शिक्षा पर केंद्र सरकार की रिपोर्ट ''सर्वेक्षण रिपोर्ट - 2021-22'' का हवाला देते हुए बताया गया कि बिहार में उच्च शिक्षा की स्थिति दयनीय है – सकल नामांकन अनुपात केवल 17.1 प्रतिशत है और प्रति एक लाख जनसंख्या पर केवल 7 महाविद्यालय हैं जो पूरे देश में सबसे कम है। कांग्रेस और राजद ने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर इस गिरती शिक्षा व्यवस्था को संभाले और दोषियों पर सख्त कार्यवाही करे।

# सियालदह एवं आसनसोल से गोरखपुर,पटना के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में आसनसोल एवं सियालदह से पटना, हावड़ा से रक्सौल, सियालदह एवं आसनसोल से गोरखपुर के मध्य एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी सं. 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल पूजा स्पेशल - गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना पूजा स्पेशल 19.10.2025 से 09.11.2025 तक प्रत्येक रविवार को आसनसोल से 13.20 बजे प्रस्थान कर 13.42 बजे चित्तरंजन, 13.57 बजे जामताड़ा, 14.25 बजे मधुपुर, 14.47 बजे जसीडीह, 16.25 बजे झाझा, 17.09 बजे किऊल, 17.37 बजे मोकामा, 18.10 बजे बख्तियारपुर, 19.10 बजे पटना साहिब, 19.25 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 20.15 बजे पटना जं. पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03135/03136 सियालदह-पटना-सियालदह पूजा स्पेशल - गाड़ी सं. 03135 सियालदह-पटना पूजा स्पेशल 05.10.2025 से 16.11.2025 तक प्रत्येक रविवार को सियालदह से 00.30 बजे प्रस्थान कर 01.48 बजे नैहाटी, 04.00 बजे बर्द्धमान, 05.45 बजे दुर्गापुर, 06.55 बजे आसनसोल, फतुहा, 13.30 बजे पटना साहिब, 13.48 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 15.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

# समाज सुधार और शिक्षा के केंद्र बनेंगे मठ और मंदिर : रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने तय किया है कि अब राज्य के मठ और मंदिर केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें समाज सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक चेतना के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि मंदिरों की सामाजिक उपयोगिता बढ़ाकर उन्हें जनता से गहराई से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मठ और मंदिर समाज सुधार, शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और संस्कृति की धुरी बनेंगे और साथ ही बिहार की सनातन परंपरा को मजबूत करने के साथ समाज को नई दिशा देंगे। इसी उद्देश्य से कई नई योजनाएं तैयार की गई हैं जिन्हें जल्द ही पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। इस पहल की शुरूआत 18 सितंबर को पटना के बापू सभागार में होने वाले राज्यस्तरीय सम्मेलन से होगी। इसमें पंजीकृत मठ-मंदिरों के प्रबंधकों और संत-महात्माओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधि मंत्री मंगल पांडेय समेत मंत्रिमंडल और विधायिका के अन्य सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। प्रो. नंदन ने कहा कि युवाओं को जोड़ने के लिए मंदिर परिसरों में व्यायामशालाएं और अखाड़े स्थापित किए जाएंगे जहां 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के युवक नियमित शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा आसपास की बस्तियों को पूर्णिमा और अमावस्या पर कथा-पाठ और सामूहिक अनुष्ठानों के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे आध्यात्मिकता और सामाजिक एकता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक मठ और मंदिर अपने संसाधनों के अनुसार स्वाध्याय केंद्र, पुस्तकालय और निःशुल्क कोचिंग संस्थान शुरू करेगा। समाज सुधार के प्रयासों के तहत दहेज रहित विवाह को प्रोत्साहन दिया जाएगा और गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग किया जाएगा। साथ ही शराबबंदी और नशा मुक्ति को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

# एमएलसी हुलास पांडेय समेत छह को मिली जमानत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सरकारी आदेश की अवहेलना करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में धरना प्रदर्शन करने के आरोपों के एक मामले में राजधानी पटना की एक विशेष अदालत ने आज विधान पार्षद हुलास पांडे समेत छह लोगों को जमानत पर मुक्त कर दिया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत में आज विधान पार्षद हुलास पांडे तथा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रधान महासचिव संजय पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर शाहनवाज अहमद कैफी, प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे और प्रवक्ता राजेश कुमार ने आत्मसमर्पण करने के साथ ही जमानत पर मुक्त किए जाने की प्रार्थना की थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने उपरोक्त सभी अभियुक्तों को दस-दस हजार रूपयों के निजी मुचलके के साथ उसी राशि के दो जमानतदारों का बंध पत्र दाखिल किए जाने पर जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। आरोप के अनुसार 15 फरवरी 2022 को अभियुक्तों ने सरकारी आदेश की अवहेलना कर प्रतिबंधित डाक बंगला क्षेत्र में धरना प्रदर्शन किया तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई थी। इस संबंध में पटना के कोतवाली थाना में भारतीय दंड विधान की धारा 143, 188, 353 एवं 323 के तहत एक प्राथमिकी संख्या 76/2022 दर्ज की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में 10 जुलाई 2024 को आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद उपरोक्त अभियुक्तों की इस मामले में प्रथम उपस्थिति थी। सभी अभियुक्त पूर्व से इस मामले में पुलिस द्वारा दी गई जमानत पर थे।

# श्री दादीजी सेवा समिति का स्थापना दिवस एवं गणेश पूजन धूमधाम से मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में श्री दादीजी सेवा समिति का 37वां स्थापना दिवस गणेश चतुर्थी के दिन धूमधाम से मनाया गया। मौके पर दादीजी मंदिर को खूब अच्छी तरह देशी-विदेशी फूलों से सजाया गया। मौके पर गणेशजी की पूजन की गयी तथा 108 किलो लड्डू का भोग चढ़ाया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलायें एवं पुरुषों ने गणेश वंदना की। भक्तजन भक्ति में नाचते झूमते गा रहे थे। मौके पर दादीजी सेवा समिति के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि 37 वर्ष पूर्व 1989 में दादीजी सेवा समिति की स्थापना एक बहुत ही छोटे रूप में की गयी थी जो भक्तों के सहयोग से आज वट वृक्ष की तरह बढ़ गया है। संस्था द्वारा सौ सौ बिस्तरों का दो भवन, अग्रसेन भवन एवं अमर प्रेम भवन का निर्माण हुआ है जो समाज में सेवा का कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा विगत 15 वर्षों से प्रतिमाह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में विभिन्न रोगों के सात विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवा देते हैं। अब तक इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से करीब 5000 से अधिक मरीजों के मोतियाबिंद का निःशुल्क फेको विधि से आपरेशन कराया जा चुका है। मौके पर महिला समिति की शकुंतला अग्रवाल, सरिता बंका, सरोज बंका, प्रेमलता गोयल, सुमित्रा मित्तल, रेखा मोदी, चंदा पोद्दार आदि ने मुख्य रूप से भजन संध्या में भाग लिया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स बुद्धा मोटर्स प्रा.लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति संजय कुमार यादव जो पटना सिटी में गाड़ी धोने के पद पर कार्यरत थे। उनकी आश्रिता पत्नी आशा देवी, पुत्र-ललन कुमार एवं पवन कुमार पुत्री-पूजा कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. संजय कुमार यादव की मृत्यु 16-07-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इएसआइसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया।

# लाल गाड़ी अभियान में बिना टिकट, उचित प्राधिकार के पकड़े गए 625 यात्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अगस्त 2025 को वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार सहायक वाणिज्य प्रबंधक/टिकट जांच एवं खान-पान के नेतृत्व में दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के जट डुमरी स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 625 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 2,05,345/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं। इस तरह का टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेगा। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें यह एक दंडनीय अपराध है। सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।

CMYK

## संपादकीय

# भारत और चीन के बीच पारंपरिक रूप से संबंध नहीं रहे हैं ज्यादा प्रगाढ़

चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का अब तक के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 31 अगस्त से एक सितंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित दुनिया के बीस से अधिक देशों के नेता तथा दस अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। अमेरिका की ओर से भारत, चीन और ब्राजील समेत कई देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद इस सम्मेलन को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।इसे अमेरिकी नीति के बरक्स लामबंदी के रूप में भी देखा जा रहा है। रूस तो पहले से ही भारत के साथ है, लेकिन अब शुल्क के मुद्दे पर चीन भी सहयोग की मुद्रा में है। संभव है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन से इतर चीन और रूस के राष्ट्र प्रमुखों से मुलाकात होगी और इस दौरान द्विपक्षीय मसलों के अलावा शुल्क के मुद्दे पर भी एकजुट होने को लेकर चर्चा हो सकती है। जाहिर है, अगर ऐसा हुआ तो इससे अमेरिका के उन प्रयासों को झटका लगेगा, जिनके तहत वह दूसरे देशों पर अपनी मनमानी व्यापार नीतियां थोपकर निजी हित साधने का मंसूबा पाले हुए है।एससीओ एशिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन है, जिसका मकसद सुरक्षा, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस संगठन के सम्मेलन समय-समय पर होते रहते हैं, लेकिन दुनिया में बदल रही भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच इस बार के सम्मेलन को बहुत अहम माना जा रहा है। इस दौरान तीन बड़ी शक्तियां रूस, चीन और भारत के राष्ट्राध्यक्ष एक मंच पर होंगे।दुनिया की राजनीति में यह बदलाव अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप की शुल्क नीति और ब्रिक्स को लेकर उनके रुख के बाद सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और संगठन के विकास की नई रणनीतियों का खाका तैयार किया जाएगा। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत, चीन और रूस के राष्ट्र प्रमुखों का एक साथ आना इस बात का संकेत है कि ये तीनों अमेरिका से अलग-अलग स्तर पर असहमत हैं और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में हैं।हालांकि, यह बात छिपी नहीं है कि भारत और चीन के बीच पारंपरिक रूप से संबंध ज्यादा प्रगाढ़ नहीं रहे हैं, लेकिन अमेरिकी शुल्क के एलान के बाद से दोनों देशों के बीच नजदीकियां नजर आने लगी है। शुल्क के मुद्दे पर चीन की ओर से भारत का खुलकर समर्थन किया जा रहा है।

**विधेयक के अनुसार एक नियामक प्राधिकरण बनाने पर भी काम चल रहा है जो आनलाइन गेमिंग क्षेत्र की देखरेख करेगा। कानून का असर उसके बन जाने के पूर्व से ही दिखने लगा क्योंकि इसमें 25 करोड़ से अधिक यूजर्स वाली गेमिंग कंपनी जिसमे विंजी भी शामिल है ने अपना आधिकारिक बयान जारी कर अपनी सेवाओं को वापस लेने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही ड्रीम-11, रमी सर्कल जैसी प्रमुख कंपनियों ने भी अपने गेम्स को हटाना प्रारंभ कर दिया है। एमपीएल और जुपी ने भी अपना कारोबार समेट लिया है। भारत में आनलाइन गेमिंग बड़ा कारोबार बन चुका है इसमें लगभग 400 कंपनियां काम कर रही थीं और लगभग दो लाख युवा काम कर रहे थे। कंपनियों में 25 हजार करोड़ का निवेश था जिसमें एफडीआई भी शामिल था।**

# मध्यमवर्गीय परिवारों को सुरक्षा प्रदान करेगा ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध का नया कानून

(मृत्युंजय दीक्षित)



नए कानून में आनलाइन मनी गेमिंग की सुविधाएं देने वालों पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपए के जुर्माने तक का प्रावधान है। ऐसे प्लेटफार्म का विज्ञापन या प्रचार करने पर भी दो साल तक की सजा और 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। संसद का मानसून सत्र वैसे तो विपक्षी दलों के हंगामे की बारिश में बह गया किंतु केंद्र सरकार ने इसमें भी जनता के हितों की सुरक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विधायी कार्यों को निपटाया और जनमहत्व के कई क्रांतिकारी विधेयक पारित करवाने में सफलता प्राप्त की। यदि विपक्ष इन विधेयकों को पारित करवाने में सरकार के साथ सहयोग करता और सदन में बहस होती तो यह विधेयक और भी अधिक लाभकारी बनाए जा सकते थे किंतु विपक्ष ने बहस में भाग न लेकर यह अवसर गँवा दिया।

केंद्र सरकार ने मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक नुकसान, युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचाने तथा नुकसान होने पर आत्महत्या करने व अपराध जगत में जाने से बचाने के लिए प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ आनलाइन गेमिंग बिल- 2025 को संसद के दोनों सदनों से पारित करवा लिया। अब इस बिल को राष्ट्रपति की भी अनुमति मिल गई है। इस बिल के पारित होने के बाद से ही अनेक कंपनियों ने ऑनलाइन मनी गेम्स एप बंद करने प्रारंभ कर दिए।

नए कानून में आनलाइन मनी गेमिंग की सुविधाएं देने वालों पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपए के जुर्माने तक का प्रावधान है। ऐसे प्लेटफार्म का विज्ञापन या प्रचार करने पर भी दो साल तक की सजा और 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। अब सरकार का फोकस रियल मनी आनलाइन गेम पर रोक लगाने की रहेगी। विधेयक के अनुसार एक नियामक प्राधिकरण बनाने पर भी काम चल रहा है जो आनलाइन गेमिंग क्षेत्र की देखरेख करेगा। कानून का असर उसके बन जाने के पूर्व से ही दिखने लगा क्योंकि इसमें 25 करोड़ से अधिक यूजर्स वाली गेमिंग कंपनी जिसमे विंजी भी शामिल है ने अपना आधिकारिक बयान जारी कर अपनी सेवाओं को वापस लेने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही ड्रीम-11, रमी सर्कल जैसी प्रमुख कंपनियों ने भी अपने गेम्स को हटाना प्रारंभ कर दिया है। एमपीएल और जुपी ने भी अपना कारोबार समेट लिया है।

भारत में आनलाइन गेमिंग बड़ा कारोबार बन चुका है इसमें लगभग 400 कंपनियां काम कर रही थीं और लगभग दो लाख युवा काम कर रहे थे । कंपनियों में 25 हजार करोड़ का निवेश था जिसमें एफडीआई भी शामिल था। सरकार ने आनलाइन गेमिंग एप पर प्रतिबंध लगाकर अपनी आमदनी का भी नुकसान किया है क्योंकि यह कंपनियां जीएसटी में भी 20 हजार करोड़ का योगदान कर रही थीं। वर्तमान समय में भारत में 1800 गेमिंग स्टार्टअप्स चल रहे थे। सरकार ने अपना मुनाफा त्यागकर मध्यमवर्गीय परिवार के जो लोग हर वर्ष आनलाइन गेमिंग एप्स के चक्कर में पड़कर 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक गंवा देते थे उनका धन बचाने के लिए यह कानून पारित करवाया है। आनलाइन गेमिंग से हर साल 45 करोड़ लोगों को नुकसान होता है। सरकार को इस बात की पूरी जानकारी थी कि आनलाइन गेमिंग एप्स पर प्रतिबंध लगाने से उसे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है और उद्योग समूहों ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा भी था कि अगर प्रतिबंध लागू हुए तो बड़े पैमाने पर नुकसान होगा तब भी सरकार ने आम जनता और समाज को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए यह कड़ा कदम उठाया। सरकार को यह भी पता है कि इस खेल में बहुत बड़े -बड़े लोग शामिल हैं । उद्योगपति से लेकर खेलों की दुनिया के महारथियों से लेकर शेयर बाजार की उठापटक करवाने वालों से लेकर राजनीति में उथल -पुथल करवाने वाले लोग भी इस खेल में शामिल हैं फिर भी सरकार ने इस खेल को प्रतिबंधित कर दिया है। सरकार को पता है कि इसमें शामिल बहुत से लोग कोर्ट चले जाएंगे तब भी सरकार युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए संकल्बद्ध व अडिग है। कानून को कोर्ट में चुनौती के लिए भी सरकार ने तैयारी कर ली है।

विश्व भर की आनलाइन गेमिंग कंपनियों की नजर भारत पर है क्योंकि भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा गेमिंग बाजार है। जैसे ही यह कानून पारित होने की खबर सामने आई वैसे ही ऑनलइान गेमिंग एप्स की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सदन में बिल पारित होते समय केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऑनलाइन मनी गेमिंग को विकार घोषित किया है। उन्होंने कहा कि रोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण आईसीडी -11 ने इसे गेमिंग विकार घोषित किया है। आनलाइन मनी गेमिंग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है ।इसके कारण लोग मनोवैज्ञानिक विकारों और जुनूनी व हिंसक व्यवहार के शिकार हो रहे हैं। यही नहीं आनलाइन गेमिंग के कारण भारत की परिवार संस्कृति पर भी गहरी चोट पहुंच रही है। घरों में बुजुर्गों से लेकर छोटे- छोटे बच्चे तक आनलाइन गेमिंग की लत के ऐसे शिकार हो गये हैं कि उनमें एक -दूसरे को पहचानना व बात करना तक बंद हो गया है, बात होती है तो केवल टास्क पर होती है कौन हारा -कौन जीता पर होती है।

आनलाइन गेमिंग एक महत्वपूर्ण विषय हे जो डिजिटल दुनिया में व्यापक पैमाने पर उभर रहा है। इसके तीन सेगमेंट हैं जिसमें पहला ई स्पोटर्स है जिसमें टीम बनाकर खेलते हैं, मंथन होता है इसमें हमारे खिलाड़ियों ने पदक भी जीते हैं। इस विधेयक में उसे प्रोत्साहित किया जाएगा। दूसरा सेगमेंट आनलाइन सोशल गेम्स हैं जैसे सोलिटेयर, सुडोकू ,शतरंज आदि उन्हें भी बढ़ावा दिया जाएगा। तीसरा है आनलाइन मनी गेम्स जो चिंता का विषय हैं । इसकी एल्गोरिदम अस्पष्ट है, कभी -कभी यह जानना भी मुश्किल होता है कि आप किसके साथ खेल रहे हैं।

आनलाइन मनी गेमिंग एप्स पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून लंबे विचार विमर्श के बाद संसद से पारित कराया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों का प्रतिफल है कि यह आज कानून बन गया है। कानून बनाते समय प्रधानमंत्री मोदी उन परिवारों की भावुक अपीलों से भी प्रेरित हुए जिन्होंने आनलाइन मनी गेम्स में अपने लोगों को खोया। ई -स्पोर्ट्स का सपना देखने वाले युवाओं की कहानियों के सथ कर्ज, लत और निराशा की सत्यता भी जुड़ी थी। इसी मुद्दे पर वित्त, खेल और आईआी मंत्रालय ने मिलकर एक खाका तैयार किया और प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस विषय पर काम कर रहे युवा विशेषज्ञों के साथ व्यापक चर्चा की तब जाकर यह ऐतिहासिक कानून पारित हुआ है।

बड़ी मानवीय त्रासदी - आनलाइन गेमिंग एक बड़ी मानवीय त्रासदी सिद्ध हुई है जिसमें कर्नाटक में 3 साल में ही 18 लोगों ने आत्महत्या कर ली। मैसूर में 80 लाख हारने के बाद एक परिवार ने आत्महत्या कर ली। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भी आत्महत्या व हत्या के अनेक समाचार प्रकाशित हुए जिसका कारण आनलाइन गेमिंग रहा।आनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगों का एक बहुत बड़ा साम्राज्य भी अपना काम कर रहा था जो अब पकड़ में आ रहा है।

विधेयक पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ आनलाइन गेमिंग बिल 2025 भारत को गेमिंग नवाचार और रचनात्मकता का केंद्र बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह ई-र्स्पोट्स और आनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करेगा।साथ ही यह हमारे समाज को आनलाइन मनी गेम्स के हानिकारक प्रभावों से भी बचाएगा। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सिंधिया को लेकर आमने-सामने आ गए दिग्विजय और कमलनाथ- राहुल के अभियान के लिए बड़ा झटका

(संतोष कुमार पाठक )

दिग्विजय सिंह वर्ष 1993 से लेकर 2003 तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें। 2003 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हराकर उमा भारती राज्य की मुख्यमंत्री बनीं। उमा भारती के बाद बीजेपी ने कुछ समय के लिए बाबूलाल गौर को सीएम बनाया लेकिन 2008 में राज्य की कमान शिवराज सिंह को थमा दी गई।

कांग्रेस पार्टी में ऐसे नेताओं की भरमार है जो अपने बयानों के जरिए पार्टी आलाकमान खासकर गांधी परिवार के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहते हैं। कांग्रेस के दो बड़े नेताओं ने एक बार फिर से पार्टी के सामने ऐसी ही असहज स्थिति पैदा कर दी है और सबसे बड़ी बात है कि ये दोनों पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और दोनों ही अलग-अलग दौर में मध्य प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

विडंबना देखिए कि, एक तरफ राहुल गांधी बीजेपी के सबसे मजबूत गढ़ माने जाने वाले राज्यों में से एक मध्य प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं। इसी मिशन के तहत कई बार मध्य प्रदेश का दौरा कर चुके राहुल गांधी ने रविवार, 24 अगस्त को मध्यप्रदेश के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्षों की एक बड़ी बैठक दिल्ली में बुलाई थी। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन सृजन अभियान' के तहत आयोजित की गई इस बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्य प्रदेश में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार सहित पार्टी के कई अन्य बड़े नेताओं ने भी संबोधित किया। लेकिन मध्य प्रदेश से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक, इस बैठक से ज्यादा चर्चा दिग्विजय बनाम कमलनाथ की लड़ाई की हो रही है।

मध्य प्रदेश में पांच वर्ष पहले कमलनाथ सरकार के गिरने के लिए उन्हीं को जिम्मेदार बताते हुए दिग्विजय सिंह ने खुलासा किया कि इसके लिए स्वयं कमलनाथ ही जिम्मेदार थे। एक पॉडकास्ट में बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने पांच वर्ष पहले के घटनाक्रम का खुलासा करते हुए कहा कि, उस समय विचारधारा का विवाद नहीं था बल्कि उस समय के मुख्यमंत्री कमलनाथ लगातार ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपेक्षा कर रहे थे, इसलिए कांग्रेस की सरकार उस समय गिर गई थी। दिग्विजय सिंह ने अपने पॉडकास्ट में कहा कि वर्ष 2020 की शुरुआत में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच कुछ मतभेद पैदा हो गए थे। उन्होंने इसे सुलझाने के लिए देश के एक बड़े उद्योगपति से सहयोग मांगा। उस बड़े उद्योगपति ने तीनों नेताओं (कमलनाथ, ज्योतिरादित्य सिंधिया और उन्हें) अपने घर पर आमंत्रित किया। उस बैठक में दिग्विजय और सिंधिया ने कमलनाथ को एक साझा विशलिस्ट दी थी, जिसमें ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के कुछ अटके हुए कामों का जिक्र था और इस पर जल्द सरकार की तरफ से काम होने की उम्मीद थी। लेकिन कमलनाथ ने उन मुद्दों पर काम नहीं किया। अगर ग्वालियर-चंबल से जुड़ी ज्योतिरादित्य सिंधिया की मांगें पूरी कर दी जाती और कमलनाथ लगातार सिंधिया की उपेक्षा नहीं करते तो उस समय कांग्रेस की सरकार नहीं गिरती।

दिग्विजय सिंह के इन आरोपों पर पलटवार करते हुए कमलनाथ ने उनकी सरकार गिरने का ठीकरा दिग्विजय सिंह पर ही फोड़ दिया। कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह के आरोपों का जवाब देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मध्य प्रदेश में 2020 में मेरे नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिरने को लेकर हाल ही में कुछ बयानबाजी की गई है। मैं सिर्फ़ इतना कहना चाहता हूं कि पुरानी बातें उखाड़ने से कोई फ़ायदा नहीं। लेकिन यह सच है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया को यह लगता था कि सरकार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं। इसी नाराज़गी में उन्होंने कांग्रेस के विधायकों को तोड़ा और हमारी सरकार गिरायी।

आपको बता दें कि, दिग्विजय सिंह वर्ष 1993 से लेकर 2003 तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें। 2003 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हराकर उमा भारती राज्य की मुख्यमंत्री बनीं। उमा भारती के बाद बीजेपी ने कुछ समय के लिए बाबूलाल गौर को सीएम बनाया लेकिन 2008 में राज्य की कमान शिवराज सिंह को थमा दी गई। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में भी राज्य में बीजेपी को ही जीत हासिल हुई लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में मामला गड़बड़ हो गया। मध्य प्रदेश में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 230 सदस्यों वाली विधानसभा में 41.02 प्रतिशत मत के साथ सिर्फ 109 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस ने उस चुनाव में भाजपा से थोड़ा कम यानी 40.89 प्रतिशत वोट हासिल करने के बावजूद भाजपा से 5 सीटें ज्यादा यानी 114 पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने उस समय सपा, बसपा और निर्दलीय विधायकों के सहयोग से सरकार बनाई और कमलनाथ राज्य के मुख्यमंत्री बने। लेकिन 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के खेमे के विधायकों के इस्तीफे के कारण कमलनाथ सरकार अल्पमत में आ गई और इस तरह से राज्य की सत्ता से कांग्रेस की विदाई हो गई।

# आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस और लालू को मतदाताओं की चिंता

**लालू की सत्ता के दौरान यह लगने लगा था कि भ्रष्टाचार और अपराधों के लिए कुख्यात रहा बिहार शेष भारत का हिस्सा है भी या नहीं। बिहार की दुर्गति के लिए कांग्रेस भी कम जिम्मेदार नहीं रही है। बिहार की सत्ता में कांग्रेस लालू यादव के साथ रही है। इन दोनों दलों द्वारा बिहार को दिए जंगलराज के जख्म अभी तक नासूर बने हुए हैं। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा पर कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है और हम लोग ऐसा नहीं होने देंगे। हम लोगों ने बहुत कुर्बानियां दी है और आगे भी देते रहेंगे।**

(योगेंद्र योगी )

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा पर कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है और हम लोग ऐसा नहीं होने देंगे। हम लोगों ने बहुत कुर्बानियां दी है और आगे भी देते रहेंगे। लालू प्रसाद ने राहुल की यात्रा से पहले यह बात कही। बिहार को बर्बादी के कगार पर धकेलने के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और कांग्रेस को अब मतदाताओं के अधिकार और संविधान की चिंता सता रही है। लालू राज में जिस कदर संविधान की धज्जियां उड़ाई गई उससे न सिर्फ बिहार बल्कि विश्व में भी भारत की छवि खराब हुई। लालू की सत्ता के दौरान यह लगने लगा था कि भ्रष्टाचार और अपराधों के लिए कुख्यात रहा बिहार शेष भारत का हिस्सा है भी या नहीं। बिहार की दुर्गति के लिए कांग्रेस भी कम जिम्मेदार नहीं रही है। बिहार की सत्ता में कांग्रेस लालू यादव के साथ रही है। इन दोनों दलों द्वारा बिहार को दिए जंगलराज के जख्म अभी तक नासूर बने हुए हैं। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा पर कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है और हम लोग ऐसा नहीं होने देंगे। हम लोगों ने बहुत कुर्बानियां दी है और आगे भी देते रहेंगे। लालू प्रसाद ने राहुल की यात्रा से पहले यह बात कही। आश्चर्य की बात यह है कि कुर्बानी की बात ऐसे नेता कर रहे हैं, जो भ्रष्टाचार और घोटालों के मामले में आकंठ तक डूबे रहे हैं। बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण और कथित वोट चोरी के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा की शुरूआत की है।

यह यात्रा वोटर अधिकार के कम और बिहार के सत्ता संघर्ष के लिए ज्यादा है। इस यात्रा में लालू यादव की पार्टी और इंडिया गठबंधन के अन्य राजनीतिक दल शामिल होंगे। बिहार के मतदाताओं ने बड़ी मुश्किलों से लालू परिवार की सत्ता लोलुपता से पीछा छुड़ाया है। बिहार की राजनीति के दिग्गज नेता लालू प्रसाद यादव कई घोटालों और विवादों में



घिरे रहे हैं। चारा घोटाला, ज़मीन के बदले नौकरी का मामला, होटल टेंडर घोटाला और सोशल मीडिया पर दिए गए विवादित बयान जैसे मामले लगातार सुर्खियों में रहे। 900 करोड़ रुपये का चारा घोटाला बिहार का एक बड़ा भ्रष्टाचार का मामला है। इसमें लालू प्रसाद यादव मुख्य आरोपी हैं। सीबीआई जांच के बाद, लालू यादव को कई मामलों में दोषी ठहराया गया और जेल भेजा गया। नौकरी के बदले जमीन घोटाला रेलवे भर्ती से जुड़ा एक भ्रष्टाचार का मामला है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए लोगों को नौकरी देने के बदले जमीन ली थी। सीबीआई और ईडी ने इसकी जांच की। इस मामले में लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया और अदालत ने उन्हें दोषी ठहराते हुए सज़ा सुनाई। यह मामला 2004-2009 का है, जब लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे। आरोप है कि उन्होंने रेलवे के दो होटलों (रांची और पुरी) के संचालन का टेंडर एक कंपनी को दिलाने में अनियमितताएं कीं। बदले में, कथित तौर पर लालू की पारिवारिक कंपनी को ज़मीन और लाभ दिए गए। इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत कई लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मामला अभी भी अदालत में चल रहा है। लालू यादव के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट किया गया, जिसमें बिहार को बलात्कार से जोड़ते हुए लिखा गया था - बिहार = बलात्कार। इस पोस्ट के बाद राजनीतिक गलियारों में ज़बरदस्त हंगामा मच गया। विपक्षी दलों ने इसे बिहार और उसकी संस्कृति का अपमान बताया और लालू से माफ़ी की मांग की। लालू यादव ने सफाई देते हुए कहा कि अकाउंट हैक हो गया था और उन्होंने यह पोस्ट नहीं किया था। यह मामला काफ़ी समय तक सुर्खियों में रहा। लालू परिवार के ऐसे विवादित कारनामों की फेहरिस्त काफी लंबी है। इन कारनामों में कांग्रेस प्रत्यक्ष और परोक्ष तौर पर शामिल रही है।

मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी बिहार में सत्ता के घमासान से जुड़ा हुआ है। बिहार के साथ-साथ चुनाव आयोग ने कई राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। इसको लेकर कई विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग की कड़ी आलोचना कर रही हैं और सरकार पर निशाना साध रही हैं। विपक्ष का मानना है कि एसआईआर के तहत सरकार वोट चोरी कर रही है और नागरिकों को उनके वोट देने के मौलिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि इस प्रक्रिया से केवल उन्हीं लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं जो इसके पात्र नही हैं।

इस मुद्दे पर विपक्षी दलों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रक्रिया को रोकने के लिए निर्देश देने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस ने कहा कि जिन 65 लोगों के नामों को चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से बाहर किया है, उन सभी मतदाताओं के नाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक किए जाएं. जिसके बाद आयोग ने कहा कि वह सभी 65 लाख मतदाताओं के नाम और उन्हें हटाए जाने का कारण सार्वजनिक करेगी। राहुल गांधी की ये यात्रा असल में कांग्रेस को बिहार में मुख्य मुकाबले में लाने की जद्दोजहद है। विवादित ढांचा विध्वंस होने के बाद जिस तरह उत्तर प्रदेश में मुस्लिम-दलित वोट कांग्रेस से छिटककर क्षेत्रीय दलों सपा-बसपा के पाले में चला गया, वही कहानी बिहार में भी दिखी, जहां ज्यादातर मुस्लिमों ने आरजेडी को रहनुमा मान लिया और बाकी हिस्सा जेडीयू के पाले में चला गया। 1992 के बाद से यूपी की तरह बिहार में भी कांग्रेस का स्ट्राइक रेट निराशाजनक रहा है।

# आरा से गूंजेगी लोकतंत्र बचाने की पुकार, 30 को विपक्ष की विशाल जनसभा

## आरा में विपक्ष की हुंकार, भीड़ जुटाने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के जितौरा व हेतमपुर पंचायत में बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आरा नगर निगम के पूर्व मेयर एवं राजद नेता सुनील कुमार यादव ने की। राजद नेता सुनील कुमार यादव ने कहा कि आगामी 30 अगस्त को आरा के महाराजा कॉलेज खेल मैदान में वोटर अधिकार यात्रा के तहत एक विशाल जनसभा आयोजित होगी। यह ऐतिहासिक सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस जनसभा में लाखों की भीड़ उमड़ेगी इसलिए यह आंदोलन वोट बचाने और वोट छीनने की साजिशों के खिलाफ जनता को संगठित करने का प्रयास है। जनता का वोट ही लोकतंत्र की असली ताकत है। इसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं की भी बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने इसे बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले विपक्षी एकजुटता का प्रदर्शन और वोटर अधिकारों की बड़ी लड़ाई है। गौरतलब है कि वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत 17 अगस्त से हुई है और यह 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में विशाल रैली के साथ समाप्त होगी। पटना की इस रैली में भी राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव मंच साझा करेंगे। यह यात्रा न केवल मतदान अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को उठाने का प्रयास है, कहना है कि यह यात्रा वोट छीनने के खिलाफ और वोट बचाने के लिए है। मौके पर उपस्थित रहे विश्वकर्मा यादव, आकाश यादव, मक्की सिंह, बिट्टू यादव, पप्पू यादव, विक्की यादव, पिंटू यादव, मुन्ना यादव, युवा नेता गोविन्द कुमार, रविन्द्र कुमार,पलवाहन जी विनय कुमार, छोटू कुमार, हीरा नंद सिंह, रामनिवास सिंह, अशोक सिंह यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वोट चोरों को उखाड़ फेकेंगी जनता : माले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भाकपा-माले के दिवंगत नेता कामरेड नूर आलम की दूसरी स्मृति दिवस पर सरस्वती संस्त विद्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। अध्यक्षता चन्द्रदेव वर्मा, नवल किशोर, बैजू सिंह, शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्ष मंडली और संचालन चन्द्रदेव वर्मा ने की। कामरेड नूर आलम की तस्वीर पर माल्यार्पण और मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू हुआ। जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कामरेड नूर आलम के सपनों को साकार करने का संकल्प व्यक्त करते हुए भाकपामाले को विस्तार और मजबूती प्रदान की अपील की। उन्होंने कहा चुनाव आयोग और मोदी सरकार एसआइआर के जरिए गरीबों दलितों प्रवासी मजदूर अल्पसंख्यक मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर रखने की साजिश की थी। जिसके खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा से उनके मंशा पर पानी फिर गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश आधार कार्ड की मान्यता देने के बावजूद बीएलए और विपक्षी दल के नेताओं से बीएलओ और चुनाव अधिकारी से सामंजस्य नहीं बना रहे हैं जिससे वोटर का नाम कटने का खतरा मौजूद है। इसके खिलाफ 1 सितंबर को गांधीमैदान पटना में वोटर अधिकार रैली में बड़ी तादाद में भाग लेने की अपील की।एक भी वोटर छुटे नहीं चुनाव आयोग को इसकी गारंटी करनी चाहिए। कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव, आईसा के अजय कुमार जिलाध्यक्ष सोनू फर्नाज, रामकुमार तांती, गौड़ी पासवान, नन्हकू पासवान, मांटो पासवान, मुक्तिनारायण सिंह, इन्द्रदेव राम, अमरजीत पासवान, जयजयराम पासवान, रामानंद महतो, अन्नु कुमारी, पुनम देवी, संजय ठाकुर, रामकरण सिंह, मदन सहनी, टारी रजक, राजाराम पासवान, ऐहतेशाम अहमद, कैलाश महतो, विशाल कुमार, सैफ नाबाव शामिल थे।

## एक नजर

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अधिवक्ता स्व अवधेश कुमार लाल की दुसरी पुण्यतिथि पर कोर्ट परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया है। साथ ही अधिवक्ता कक्ष में स्व लाल की तस्वीर लगाया गया है। मौके पर वकील संघ के महासचिव विजयकांत झा ने कहा कि स्व अवधेश कुमार लाल दधिची थे। जीते जी उन्हांने गरीबों को न्याय दिलाने में मदद करते रहे और मरणोपरांत देहदान कर मेडिकल की शिक्षा ग्रह्ना कर रहे युवाओं के लिए खुद का देह उपलब्ध कराया है। ऐसे में इन्हें हम आधुनिक दधीची मानते हैं। मौके पर बिहार बार काउंसिल के सदस्य संजीव कुमार ने कहा कि अधिवक्ता परिवार स्व लाल को अपना आदर्श मानता है। ये हमें समाज के लिए जीने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता सुभाष सिन्हा ने कहा कि स्व अवधेश कुमार लाल का जीवन संतों जैसा रहा है। वे अपने से बड़े सम्मान व छोटे को बहुत मदद्गार के रूप में रहे। यही वजह है कि कोर्ट परिसर में काफी चर्चित रहे हैं।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वकील संघ के अध्यक्ष ध्रुब्ब कुमार महतों, पूर्व अध्यक्ष राममूर्ति प्रसाद सिंह, वैद्यनाथ प्रसाद सिंह व विनोद कुमार सिन्हा, पूर्व महासचिव रामष्ण, वरीय अधिवक्ता विनय रंजन, अश्वनी कुमार सिन्हा, दीपक सिन्हा, स्वेतांशु रंजन, राजेश शर्मा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, संगीता, प्रसन्न कुमार सिंह, धनंजय कुमार, नारायण प्रसाद सहित काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

### बाढ़ पीड़ितों के बीच लगातार कर रहे राहत वितरण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मटिहानी प्रखण्ड में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आपका सेवक आपके द्वार अभियान के तहत राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को वार्ड संख्या 4 कैलाशपुर में पूर्व मेयर संजय कुमार के नेतृत्व में करीब डेढ़ सौ से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच बर्तन और सूखा राशन वितरित किया गया।इस मौके पर पूर्व संजय कुमार ने कहा कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति से गरीब और असहाय परिवारों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। ऐसे में अभियान के तहत जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाई जा रही है।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की मदद से बाढ़ प्रभावित परिवारों को काफी राहत मिलेगी। आयोजकों ने भरोसा दिलाया कि आगे भी बाढ़ पीड़ितों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने का काम जारी रहेगा।

### राजस्व महाअभियान के तहत प्रपत्र वितरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्रामों में राजस्व महाभियान में भूधारियों के बीच प्रपत्र वितरण में तेजी आई है। अंचल अधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि महेशवाड़ा, पहसारा पश्चिम, पहसारा पूर्वी, डफरपुर, नावकोठी, हसनपुर बागर, विष्णु पुर रजाकपुर, समसा में भू-धारियों के बीच वितरण जारी है। महाभियान में भू-धारियों के बीच प्रपत्र वितरण की मनिटरिंग नोडल अधिकारी कर रहे हैं। हर राजस्व ग्राम में पचास फीसदी से अधिक लोगों ने प्रपत्र प्राप्त कर लिया है। वितरण कार्य की समीक्षा प्रत्येक दिन शाम में की जाती है। उन्होंने भू-धारियों से कहा है कि भूधारियो के भूमि में त्रुटि सुधार हेतु 20 सितम्बर तक राजस्व महाभियान चलेगा। इसमें परिमार्जन, खाता, खेसरा संधारण, मृत भू-धारियों के नाम की जमीन को वंशावली के आधार पर नाम हस्तांतरण आदि कार्य संपादित होगा। मौके पर राजस्व कर्मचारी सिया राम, अवधेश कुमार, पंचायत सचिव राम विनय सिंह, चंदन कुमार, विकास मित्र मुकेश कुमार, अर्जुन रजक, रानी, पूनम, विदुषी भारती, मधुमाला आदि मौजूद थे।

### मृतक के परिजनों से मिले विधायक

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया मंगलवार को पीरो प्रखंड के लामारी टोला गांव पहुंचे। वहाँ उन्होंने बिजली के तार की चपेट में आकर हुए लालबाबू यादव की दुखद मृत्यु पर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। विधायक लोहिया दिवंगत आत्मा के दाह संस्कार में भी शामिल हुए और ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति तथा परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# जगदीशपुर से निकलेगा युवाओं का विशाल जत्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड के महुरही गांव स्थित आशीर्वाद फैमिली होटल में बुधवार को आगामी 30 अगस्त को आरा में 'वोटर अधिकार यात्रा' को सफल व यादगार बनाने सहित जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र से युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर युवा राजद, जगदीशपुर की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता युवा अध्यक्ष रवि यादव ने की और संचालन पैक्स अध्यक्ष अमित यादव ने की। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के युवा राजद नेता किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव मौजूद रहे। बैठक में वोटर अधिकार यात्रा में क्षेत्र से युवाओं की अधिकतम भागीदारी और क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने और आम लोगों को केंद्रीय व राज्य नेताओं के आगमन की जानकारी देने के साथ निमंत्रण देने को लेकर गहन चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 36 पंचायतों और एक नगर पंचायत, जगदीशपुर से युवाओं का जत्था 'यात्रा' और सभा में शामिल होने के लिए बाइक से जाएंगे। जत्था का शुरुआत जुलूस के शक्ल में हरिगांव बाजार से सुबह 10 बजे से शुरू होगा। एनएच 319 कौरा, जीरो माइल होते हुए आरा शहर में कूच करेगा।

# प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्र स्तरीय तक खेलेंगे युवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले जिले के सभी महाविद्यालय के एनएसएस इकाई व सेहत केंद्र के द्वारा जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन मटिहानी के आरकेएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया।रेफरी के रूप में खेल प्रशिक्षक सौरभ कुमार व राजकुमार ने योगदान दिया। मौके पर एनएसएस पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज के कहा कि यह कार्यक्रम बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के निर्देशानुसार आयोजित किया गया यह कार्यक्रम का थीम 'रेड रन-2025 है तथा कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में होने वाली भयंकर बीमारी जैसे एचआईवी, एड्स तथा विभिन्न तरह के जानलेबा बीमारियों से जागरूक करने के लिए है। प्रतियोगिता में सभी कलेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मटिहानी के आरकेएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सभी प्रतिभागियों को एकजुट किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने सभी स्वयंसेवक को शुभकामना भेंट करते हुए कहा कि कॉलेज में अध्यनरत युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना सराहनीय पहल है। इससे युवाओं का शारीरिक्त तथा मानसिक विकास होगा। आज के इस कार्यक्रम में कई युवाओं ने अपने धावक कला को दिखाया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक भाग लेने का अवसर मिलेगा।जानकारी साझा करते हुए एम. आरजेडी कलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी ड. रविन्द्र कुमार मुरारी ने बताया कि लड़कियों में प्रतिभागियों में पहला स्थान मनीषा कुमारी, दूसरा स्थान मौसम कुमारी, तीसरा स्थान पूजा कुमारी, चौथा स्थान ऋचा कुमारी तथा पाँचवाँ स्थान मोनिका कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं लड़को में प्रतिभागियों में पहला स्थान अरविंद कुमार, दूसरा स्थान राजवीर गुप्ता , तीसरा स्थान शिवम कुमार, चौथा स्थान केशव कुमार तथा पाँचवाँ स्थान विकाश राय ने प्राप्त किया। आगे उन्होंने सभी को शुभकामना दिया। पटना से आये हुए रिसोर्स पर्सन असीम कुमार झा जी ने टॉप-5 प्रतिभागियों के बीच प्रशस्ति पत्र और उपकार प्रकाशन की प्रतियोगिता पुस्तकें उपहार स्वरूप दिया।इस मौके पर रामधारी सिंह इंजीनियरिंग कलेज से संजीत कुमार, तेयाय कलेज से ड.शैलेन्द्र कुमार, खेल प्रशिक्षक राज कुमार, सौरभ कुमार, पियर एडुकेटर सुमित कुमार, नीतीश कुमार, अजित कुमार, सूरज कुमार, विक्रम राठौड़, श्रीराम सहित दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी में जान मारने की नीयत से गोलीबारी करने की घटना सामने आई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि इस संबंध में स्व राम उदय सिंह के पुत्र राजीव कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने दिये गये आवेदन में कहा कि वह डेरा पर गाय को खिला रहा था। इसी क्रम में दो मोटरसाइकिल पर सवार शिवम कुमार, गोलू कुमार, शिवम कुमार उर्फ मंगल, कारु कुमार उर्फ करका, अमृत कुमार तथा सुन्दरम कुमार आये और कहा कि हमलोग बौआ को मार रहे थे तो तुमलोग क्यों गये थे। इसी बात पर पिस्तौल निकाल कर उस पर फायरिंग कर दिया। जान बचाने के लिए वह मकई के खेत में घुस गया और किसी प्रकार से जान बच सकी। उसने कहा कि यह साजिश सरपंच सुशील कुमार, अंजनी कुमार तथा उत्तम कुमार की है। इधर दूसरे पक्ष से अवध किशोर प्रसाद सिंह ने राज कुमार उर्फ बौआ, राजीव कुमार, जावेद मियां, हरे राम सिंह, गोपाल कुमार, राजा कुमार, राजीव मालाकार आदि को आरोपित करते हुए कहा है कि ज्योंहि शिवम कुमार राजकुमार के डेरा पर पहुंचा त्योंही राजा कुमार, गोपाल कुमार, राजीव कुमार तथा जावेद मियां जान मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई। लाठी, डंडे से घेरने का प्रयास किया किंतु भाग गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने उभय पक्षों की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गये हैं।

# चाकू से गला रेत कर किया महिला को जख्मी

## आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कर रही छापेमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी वार्ड संख्या 06 में मंगलवार की देर रात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दो महिलाओं को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। जख्मी महिला की पहचान टुबुल महतो की 22 वर्षीया पत्नी खुशबू देवी तथा विशाल महतो की 29 वर्षीया पत्नी शोभा देवी के रूप में हुई है। जख्मियों को इलाज के लिए पीएचसी नावकोठी ले जाया गया। जहां प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया गया। जख्मी खुशबू देवी के भैंसुर कन्हैया कुमार जेठानी पुतुल देवी ने बताया कि उसकी देवरानी तथा मुहल्ले की अन्य महिला उसके आंगन में बने शिव मंदिर के प्रांगण में तीज व्रत का पूजा अर्चना कर रही थी। उसने गांव के ही विष्णु देव सहनी के पुत्र धर्मेन्द्र सहनी तथा उसके अन्य दो साथियों पर घटना करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि रात के अंधेरे में बिना कुछ बोले आया और चाकू से वार करना शुरू कर दिया। सर्वप्रथम खुशबू देवी पर वार किया। उसके गले में गहरा जख्म हो गया। फिर बगल में बैठी शोभा देवी ने इसका विरोध की तो उसे भी चाकू से वार कर दिया। जिससे उसके गर्दन, ठुड्डी पर गहरा जख्म हो गया। बचाव के दौरान दायें हाथ की चार अंगुलियां कट गई हैं। खुशबू देवी के गले में चौन व मंगलसूत्र और शोभा देवी के गले में ढोलना भी बदमाश घटना के दौरान ले भागा। बदमाश धर्मेन्द्र सहनी पूर्व में भी बखरी थाने के शिवनगर के नवल किशोर सदा को 21 जनवरी को चाकू मारकर जख्मी कर दिया था। जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। एक माह पूर्व वह जेल से जमानत पर निकला था। वह शराब कारोबार के जूर्म में भी जेल जा चुका है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया किन्तु ग्रामीणों ने बताया कि धर्मेन्द्र की शादीशुदा बहन को खुशबू देवी के जेठ ने बहला फुसला कर लगभग एक साल पूर्व शादी कर लिया था। इससे आक्रोशित होकर धर्मेन्द्र ने इस घटना को अंजाम दिया है। आगे बातें जो भी हो पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु सर्घदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि चंदन कुमार ने धर्मेन्द्र कुमार तथा अन्य तीन साथियों पर चाकू से हमला कर जख्मी करने का आरोप लगाकर आवेदन दिया है। मामला दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

### युवक का शव मिला

**बिक्रम।** नगर पंचायत बिक्रम के खोरैठा वार्ड 4 की पार्षद सुनीता देवी के बड़े पुत्र ध्रुव तिवारी (25 वर्ष)का शव 24 घंटे बाद एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की मदद से बुधवार को अरवल सोन नहर से निकाला गया।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईपीडी / डब्ल्यू / सीओएन / टीएफपी आयल पाइप / 02 / 25-26 दिनांक: 23.08.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (पी एंड डी) / पूर्व रेलवे कांचरापाड़ा कार्यशाला, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 निम्नलिखित कार्य के लिए सिद्ध अनुभवी ठेकेदार से खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है: निविदा सं. : **ईपीडी / डब्ल्यू / सीओएन / टीएफपी आयल पाइप / 02 / 25-26, कार्य का नाम :** ईएमयू/एमईएमयू कोचों में सहायक जलाशय के साथ ट्रांसफार्मर आयल पाइप लाइन असेंबली का परिवर्तन, कोचों की संख्या-392; **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,74,67,360.00; **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। जीसीसी-अप्रैल 2022 के तहत भाग-I के खंड सं. 3 के अनुसार, सभी निविदाकारों को ई-निविदा फॉर्म निःशुल्क जारी किए जाएंगे; **ई-निविदा प्रारंभ करने वाले कार्यालय का पता:** कार्यालय उप मुख्य विद्युत अभियंता / योजना एवं विकास / पूर्व रेलवे/ कांचरापाड़ा कार्यशाला, पिन-743145; **बोली सुरक्षा राशि ई-पेमेंट गेट वे या बैंक गारंटी बांड के माध्यम से जमा की जानी है:** रु. 3,37,400.00 [रेलवे बोर्ड के दिनांक 27.04.2022 के एल/सं. 2022/ सीई-I/सीटी/जीसीसी-2022/नीति (अग्रिम सुधार पर्ची संख्या 5 दिनांक 20.10.2023) के अनुसार, निविदाकर्ता उक्त राशि की बोली सुरक्षा बैंक गारंटी बांड के रूप में भी जमा कर सकते हैं। मूल बैंक गारंटी बोली जमा करने की अंतिम तिथि (अर्थात बोली जमा करने की अंतिम तिथि को छोड़कर) से पहले उप मुख्य विद्युत अभियंता/पी एंड डी/केपीए को सौंप दी जानी चाहिए। बीजी बांड का प्रारूप जीसीसी-अप्रैल 2022 में उल्लिखित है। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जीसीसी-अप्रैल 2022 (संशोधनों के साथ) का पालन करें।] **कार्य की पूर्णता अवधि:** 12 (बारह) महीने; **बोली प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि:** 19.09.2025 से; **बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 03.10.2025 को 14.45 बजे तक; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा दिनांक 03.10.2025 को 15.00 बजे खोली जाएगी। निविदा का पूरा विवरण देखने के लिए वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्ड देखें: **http://www.ireps.gov.in**

(MISC-185/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बेगूसराय जिले में पहुंचा हीरो एशिया कप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** हीरो एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में किया जाएगा। यह पहला अवसर है जब बिहार में पुरूष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता होने जा रही है, जिसमें चीन, जापान एवं ताइवान सहित आठ देशों की टीमें भाग लेंगी।प्रतियोगिता के फाइनल विजेता को दिए जाने वाली ट्रफी फिलहाल पूरे बिहार का भ्रमण कर रही है। ताकि खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया जा सके और वे इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बन सकें। इसी क्रम में बुधवार को ट्रॉफी बेगूसराय पहुंची। ट्रॉफी को जिला पदाधिकारी बेगूसराय, तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष, सहित अन्य पदाधिकारियों ने गांधी स्टेडियम बेगूसराय में सम्मान पूर्वक मंच पर लाया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, खेल विभाग के पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने मिलकर ट्रफी का भव्य स्वागत किया। मौके पर ही पास द बॉल समारोह के तहत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतीकात्मक हकी खेल का प्रदर्शन किया गया और बैलून भी उड़ाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव का क्षण है। क्योंकि बिहार को हीरो एशिया कप की मेजबानी करने का अवसर मिला है। साथ ही आज बेगूसराय जिला भी हीरो एशिया कप ट्रफी यात्रा का हिस्सा बना है। उन्होंने कहा कि यह ट्रॉफी भारत की टीम ही जीते और देश में ही रहे, यह मेरी इच्छा है। आज पिछले दो-तीन वर्षों से केंद्र एवं बिहार सरकार खेलों पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के हित में मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना चला रही है। अब खेल क्षेत्र भी करियर बनाने का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया है। सरकार खेलों के विकास के लिए ग्रामीण स्तर पर मैदान एवं अन्य सुविधाओं का विकास कर रही है।

# माउंट लिट्रा में मनाया गया विश्व वरिष्ठ नागरिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा विद्यालय के प्रांगण में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया। बच्चों की स्नेहभरी प्रस्तुतियाँ देखकर दादा-दादी की आँखें नम हो गईं। इस कार्यक्रम ने बच्चों को यह सिखाया कि वरिष्ठ नागरिक केवल परिवार की धरोहर ही नहीं, बल्कि संस्कारों और अनुभवों का जीवंत खघ्जाना हैं। घर हो या विद्यालय, हर जगह उनका सम्मान करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वे ही वह कड़ी हैं जो पीढ़ियों को जोड़कर रखते हैं। विद्यालय के निदेशक ड. मनीष देवा ने कहा वरिष्ठ नागरिक हमारे जीवन का प्रकाशस्तंभ हैं। उनका अनुभव हमारे लिए अमूल्य हैऔर बच्चों को उनसे सीख लेकर जीवन के सही मार्ग पर चलना चाहिए। वहीं विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल ने कहाबुजुर्ग हमारे परिवार की जड़ें हैं। उनकी सेवा और सम्मान ही सच्ची शिक्षा है। हमें अपने बच्चों में यह संस्कार डालना चाहिए कि वे हमेशा अपने दादा-दादी का आदर करें और उनसे जुड़ाव बनाए रखें।इस तरह यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि बच्चों और बड़ों के बीच प्रेम, सम्मान और पीढ़ियों को जोड़ने का सुन्दर पुल बन गया।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. 222 - एस/1/डब्लू - II, दिनांक: 14.08.2025,** मंडल अभियंता/ III, पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता -700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1; निविदा सं.: टीएन-115- 25-26; कार्य का विवरण:** सियालदह डिवीजन-टीआरआर (पी) - (कुल 31.586 टीकेएम) कृष्णानगर-लालगोला अप और डाउन लाइन के बीच कार्य, साथ ही डिवीजनल इंजीनियर (III), सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ पी.वे / भगवानगोला के अधीन अन्य सहायक कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 2,76,76,453.05; **ईएमडी :** रु. 2,88,400.00; **क्रम सं. (2); निविदा सं.: टीएन-117-25-26; कार्य का विवरण:** सियालदह डिवीजन - टीआरआर(पी) - (कुल 38.515 टीकेएम) कृष्णानगर-लालगोला अप लाइन के बीच कार्य, साथ ही डिवीजनल इंजीनियर (III), सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे/बेलडांगा के अधीन अन्य सहायक कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 3,37,04,979.19; **ईएमडी :** रु. 3,18,500.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 08.09.2025 सभी निविदाओं के लिए 15.00 बजे। **कार्य की पूर्णता अवधि:** सभी निविदाओं के लिए 12 (बारह) महीने। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** सभी निविदाओं के लिए 08.09.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा हेतु बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(SDAH-182/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# स्कॉटिस पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बुधवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर (अररिया) में परिवहन विभाग के सौजन्य से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई), अररिया ने बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए सड़क पर चलने के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों तथा यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। विद्यालय के विद्यार्थियों ने 10 मिनट का एक अभिनय प्रस्तुत कर यह दर्शाया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने से किस प्रकार की परेशानियाँ उत्पन्न हो सकती हैं तथा सड़क पर यदि कोई दुर्घटना हो जाए तो हमें तत्काल किस प्रकार की जिम्मेदारियाँ निभानी चाहिए। इस अवसर पर स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया के निदेशक अनुप कुमार, एमवीआई अररिया पंकज कुमार एवं उनके साथ आए परिवहन विभाग के सभी अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के अपग्रेडेड़ 2 स्कूल अकहा ररिऔना में स्कूल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। इसका उद्घाटन बीईओ अनिल कुमार चौधरी, प्रधानाध्यापक सरोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। बीईओ श्री चौधरी ने कहा कि बदलते परिवेश में विज्ञान का अहम योगदान है। इसमें स्कूली छात्र, छात्राओं ने अपनी समझ के अनुरूप बनाये एक से बढ़कर एक मांडल का निर्माण कर उसकी बखूबी प्रस्तुतिकरण काफी सराहनीय रहा। बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ये ही देश के भविष्य हैं। इनकी लगनशीलता देखने योग्य थी। ये ही देश के वैज्ञानिक बन सकते हैं। इनही से स्कूल की बगिया महकती और चहकती है। उन्हें लगन से अपनी पढाई करने तथा बचेघ् समय का सृजनात्मक कार्यो में लगाने की नसीहत दी। विज्ञान शिक्षिका इंदु कुमारी, दीक्षा श्रीवास्तव,शिक्षक दीपक कुमार के मार्गदर्शन में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट का निर्माण किया। सड़क दुर्घटना एवं उससे बचाव में नवम कक्षा के छात्र आदित्य कुमार का प्रोजेक्ट काफी सराहनीय रहा। उसे प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। दशम कक्षा की छात्रा श्यानसोहराब का मानव शरीर प्रोजेक्ट को निर्णायक मंडल द्वारा द्वितीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। वही ज्वालामुखी की उत्पत्ति तथा उसके विस्फोट से होने वाले नुकसान का रीता कुमारी तथा सीमा कुमारी के प्रोजेक्ट को तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। ग्यारह छात्र, छात्राओं के प्रोजेक्ट को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। सफल प्रतिभागियों को बीईओ, सहायक शिक्षकों ने पुरस्त कर हौसला आफजाई किया। मौके पर समर शिरीन, विनय कुमार, अभिमन्यु कुमार पासवान, मनीष कुमार, मुमताज आलम, राकेश कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

## 400 रुपये के पार जा सकते हैं महारत्न कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 5 बार बोनस शेयर बांट चुकी है कंपनी महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में अच्छी तेजी आ सकती है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज का पसंदीदा दांव बना हुआ है। जेफरीज ने बीपीसीएल के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 410 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर मंगलवार को बीएसई में 312.25 रुपये पर बंद हुए हैं। महारत्न कंपनी ने पिछले 25 साल में अपने शेयरधारकों को 5 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की मजबूत अर्निंग्स विजिबिलिटी और अनुकूल वैल्यूएशंस को हाइलाइट किया है। जेफरीज ने एक नोट में कहा है, बीपीसीएलके शेयर पिछले एक साल में 10 फीसदी से कुछ ज्यादा टूटे हैं, लेकिन क्रूड ऑयल के 70 डॉलर के नीचे बने रहने के साथ ही इसके अर्निंग्स आउटलुक मजबूत बने हुए हैं। जेफरीज का मानना है कि बीपीसीएल अर्निंग्स में ज्यादा स्टैबिलिटी ऑफर करती है। महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड पिछले 25 साल में अपने शेयरधारकों को 5 बार बोनस शेयर दे चुकी है। ऑयल मार्केटिंग कंपनी ने दिसंबर 2000 में 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर दिया। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा। बीपीसीएल ने जुलाई 2012 और जुलाई 2016 में फिर 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। महारत्न कंपनी बीपीसीएल ने जुलाई 2017 में 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर बांटे। यानी, कंपनी ने हर 2 शेयर पर 1 बोनस शेयर दिया। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने जून 2024 में 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर शेयर पर 1 बोनस शेयर दिया। महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर पिछले छह महीने में 28 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 27 फरवरी 2025 को 244.75 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 26 अगस्त 2025 को 312.90 रुपये पर जा पहुंचे हैं। इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में 6 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। बीपीसीएल के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 376 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 234.01 रुपये है।

## वनस्पति तेल उद्योग को राहत की उम्मीद, जीएसटी रिफंड प्रतिबंध हटाने पर जल्द फैसला संभव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनस्पति तेल पर कर रिफंड प्रतिबंध हट सकता है। इस पर जीएसटी परिषद की बैठक में फैसला होने की उम्मीद है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, खाद्य मंत्रालय ने वनस्पति तेल उद्योग के अनुरोध को वित्त मंत्रालय को भेज दिया है। खाद्य तेल उद्योग जुलाई, 2022 से उल्टे शुल्क ढांचे के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) रिफंड पर प्रतिबंधों से जूझ रहा है। इसका विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों और घरेलू निर्माताओं पर प्रभाव पड़ रहा है। खाद्य तेलों पर 5 फीसदी जीएसटी लागू है। पैकेजिंग, केमिकल और प्रसंस्करण उपकरण सहित इनपुट सामग्री पर 12-18 फीसदी की उच्च दर लागू है। इस असमानता के कारण उद्योग को 2021-22 तक आईटीसी पर रिफंड का दावा करने की मंजूरी थी। उधर, सभी वनस्पति तेल उत्पादकों को चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय में पंजीकरण कराना होगा।

# 4 दिन में चांदी 4000 से अधिक उछली, सोने का भाव भी करीब 2000 चढ़ा

### इस साल सोना 25144 और चांदी 29853 रुपये हुई महंगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के भाव में पिछले चार कारोबारी दिनों में बंपर तेजी आई है। चार दिन में चांदी चार हजार से ऊपर चढ़ी है। जबकि, सोना इस अवधि में करीब 2000 रुपये उछल चुका है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक 20 अगस्त को 24 कैरेट गोल्ड का भाव 98946 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 111194 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। इस लिहाज से सोना बिना जीएसटी 1938 रुपये उछल कर 100884 रुपये पर पहुंच गया। जबकि, चांदी सोने के मुकाबले दोगुनी से अधिक रफ्तार से उछल कर 115870 रुपये पर पहुंच गई।

सोने-चांदी में यह उछाल मुख्यत वैश्विक आर्थिक हालात और राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण आई है। नए सिरे से बढ़े तनाव और दुनिया भर में अस्थिरता ने निवेशकों को सुरक्षित समझी जाने वाली चीजों की ओर धकेला है। सोने के साथ-साथ चांदी को भी इसका फायदा मिल रहा है।

आज आईबीजेए गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण रेट जारी नहीं करेगा। मंगलवार को 24 कैरेट सोना 404 रुपये महंगा होकर बिना जीएसटी 100884 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 23 कैरेट गोल्ड के रेट में 337 रुपये की उछाल दर्ज की गई और बिना जीएसटी यह 100423 रुपये पर बंद हुआ।

22 कैरेट गोल्ड भी 92410 रुपये पर बंद हुआ। 18 कैरेट गोल्ड 297 रुपये चढ़कर 75663 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 59017 रुपये रही।

सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 25144 रुपये और चांदी 29853 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

# तत्काल राहत नहीं... ट्रंप के टैरिफ पर सरकार ने हाथ खड़े किए

### ट्रंप के टैरिफ पर सरकार ने हाथ खड़े किए, ट्रंप ने अमेरिका के पैर पर मारी कुल्हाड़ीः जेफरी सैश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ बम फोड़ा है। उन्होंने भारतीय सामान पर 50 टैरिफ लगाया है जो आज से लागू हो जाएगा। अमेरिका पहले से ही भारतीय सामान पर 25 टैरिफ वसूल रहा था। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इससे भारत को करीब 48.2 अरब डॉलर का एक्सपोर्ट प्रभावित होगा। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इसका सबसे ज्यादा असर उन उद्योगों पर पड़ेगा जिनमें ज्यादा लोगों को काम मिलता है। इनमें कपड़ा, झींगा, चमड़ा, हीरे-जवाहरात, कारपेट और फर्नीचर सेक्टर शामिल हैं।



भारतीय एक्सपोर्टर्स के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। कई साल में यह पहला मौका है जब उन्हें इस तरह की दिक्कत का सामना करना पड़ा रहा है। इस बीच रॉयटर्स की एक खबर के मुताबिक कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा कि सरकार को यूएस टैरिफ पर तत्काल कोई राहत मिलने या इसके टलने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि टैरिफ के कारण प्रभावित हुए एक्सपोर्टर्स को वित्तीय सहायता मिलेगी। साथ ही उन्हें चीन, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट जैसे बाजारों में डाइवर्सिफाई करने में मदद की जाएगी।

अमेरिका के जाने माने अर्थशास्त्री जेफरी सैश का कहना है कि भारत पर इतना ज्यादा टैरिफ लगाकर ट्रंप ने अमेरिका का ही नुकसान किया है। इससे अमेरिका दुनिया में अलग-थलग पड़ जाएगा और उसकी कंपनियों का भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत की बांह मरोड़ने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन वह इसमें सफल नहीं होंगे। यह सोचना समझदारी नहीं है कि वह 1.5 अरब की आबादी वाले देश को डरा सकते हैं। ट्रंप अमेरिका को ग्लोबल इकॉनमी से अलग-थलग कर रहे हैं। वह अमेरिका का नुकसान कर रहे हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि ट्रंप के टैरिफ से इस वित्त वर्ष में भारत की इकनॉमिक ग्रोथ को 30 से 80 बेसिस पॉइंट की चपत लग सकती है। हालांकि उनका कहना है कि मजबूत घरेलू मांग और अमेरिका को अपेक्षाकृत कम एक्सपोर्ट से भारत इस झटके को सहने की स्थिति में है। एचडीएफसी बैंक की प्रिंसिपल इकनॉमिस्ट साक्षी गुप्ता ने कहा कि अगर 50 फीसदी टैरिफ बना रहता है तो इससे देश की जीडीपी 6 फीसदी से नीचे आ सकती है। हालांकि उन्होंने साथ ही कहा कि जीएसटी सुधारों, इनकम टैक्स में कटौती और मजबूत घरेलू मांग से भारत इस नुकसान की भरपाई कर सकता है। सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। बड़े अधिकारियों की बैठकें हो रही हैं ताकि स्थिति का आकलन किया जा सके। हालांकि, अधिकारियों ने यह साफ कर दिया है कि भारत अमेरिका के खिलाफ कोई जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। एक अधिकारी ने कहा कि सरकार में इस बारे में लगातार बातचीत चल रही है और उद्योगों के साथ भी बैठकें हो रही हैं। निर्यातकों का कहना है कि तमिलनाडु के तिरुपुर, नोएडा और सूरत में कपड़ा बनाने वाली कंपनियों ने काम करना बंद कर दिया है क्योंकि वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों से सस्ती चीजें आ रही हैं, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। झींगा मछली के कारोबार में भी परेशानी हो सकती है। अमेरिका भारत से आने वाली लगभग 40 झींगा मछली खरीदता है। टैक्स बढ़ने से झींगा मछली का स्टॉक जमा हो सकता है, सप्लाई में दिक्कत आ सकती है और किसानों को नुकसान हो सकता है। अमेरिका के साथ भारत ट्रेड सरप्लस की स्थिति में है जबकि चीन, रूस और यूएई जैसे टॉप पार्टनर्स के साथ वह घाटे में है। भारत से होने वाले कुल मर्केंडाइज एक्सपोर्ट में अमेरिका की हिस्सेदारी 20 है।

## त्योहारों में महंगा नहीं होगा गेहूं
## प्रसंस्करणकर्ताओं पर नई भंडारण सीमा तय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमाखोरी और मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने गेहूं भंडारण की नई सीमा तय कर दी है। थोक, छोटे व बड़े खुदरा विक्रेताओं व प्रसंस्करणकर्ताओं पर यह नियम लागू होगा।

खाद्य मंत्रालय ने कहा, त्योहारों से पहले कीमतों को नियंत्रित करने की कोशिश है। इसके तहत 31 मार्च, 2026 तक लागू गेहूं भंडारण सीमा को संशोधित करने का फैसला किया है। संशोधित मानदंडों के अनुसार, थोक विक्रेताओं को 3,000 टन के बजाय 2,000 टन तक गेहूं का भंडार रखने की मंजूरी है। खुदरा और बड़ी शृंखला वाले विक्रेता प्रत्येक दुकान पर 10 टन के बजाय 8 टन गेहूं रख सकते हैं। प्रसंस्करणकर्ताओं को मासिक क्षमता के 70 प्रतिशत के बजाय 60 प्रतिशत की मंजूरी दी गई है। इसे चालू वित्त वर्ष के शेष महीनों से गुणा किया जाएगा।

सरकार ने इस साल गेहूं के भंडार की सीमा को दो बार संशोधित किया। पहली बार 20 फरवरी को संशोधन हुआ। फिर 27 मई को भंडारण की सीमा बढ़ा दी गई थी। केंद्र सरकार ने 12 जून, 2023 को भंडार सीमा लागू की थी, जो 31 मार्च, 2024 तक प्रभावी थी। 24 जून, 9 सितंबर और 11 दिसंबर, 2024 को इसमें संशोधन किया गया था।

## फैशन में आसमान छू रही प्रियंका

● दीपिका से लेकर आलिया भट्ट तक ग्राहक, करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फैशन की दुनिया में हमेशा से ही कुछ जाने-माने डिजाइनरों का दबदबा रहा है। वे ही तय करते हैं कि रेड कार्पेट पर और आम तौर पर सेलेब्रिटीज कैसे दिखेंगे। लेकिन, अब एक नया बदलाव आ रहा है। कुछ नए डिजाइनर सामने आ रहे हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। ये डिजाइनर नए ट्रेंड सेट कर रहे हैं। वे ऐसे कपड़े बना रहे हैं जो थोड़े अलग और खास होते हैं। ऐसी ही एक डिजाइनर प्रियंका गाडिया हैं। उन्होंने खुद से ही डिजाइनिंग सीखी है। वे मुंबई में अप्पापॉप नाम का फैशन ब्रांड चलाती हैं। इनका टर्नओवर करोड़ों रुपये का है।



अप्पापॉप ब्रांड अपने बोल्ड और अनोखे कपड़ों के लिए जाना जाता है। दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ और वरुण धवन जैसे बड़े बॉलीवुड स्टार्स अक्सर अप्पापॉप के रेडी-टू-वियर कपड़े पहने हुए दिखाई देते हैं। अप्पापॉप में हर तरह के कपड़े मिलते हैं, जैसे फ्लोई ड्रेसेस, स्टाइलिश जैकेट्स, बॉटम वियर और को-ऑर्ड सेट्स।

प्रियंका का यह सफर आसान नहीं था। उन्होंने साल 2012 में मुंबई से ग्रेजुएशन की। उन्होंने कभी भी फैशन की कोई ट्रेनिंग नहीं ली। प्रियंका कहती हैं, मैंने सब कुछ खुद से सीखा है। अपना ब्रांड शुरू करने से पहले मैं मुंबई में एक कंपनी में करती थी। वहां मैं अकाउंट्स का काम देखती थी। काम करने के साथ-साथ, मैं कुछ लोगों के लिए कपड़े भी डिजाइन करती थी। मैं लोकल दर्जियों की मदद से उनके लिए कपड़े बनाती थी। यह सब छोटे स्तर पर होता था।

साल 2015 में प्रियंका की शादी हो गई और वे हांगकांग चली गईं। वहां से उनकी जिंदगी में एक बड़ा बदलाव आया। हांगकांग के फैशन ने उन्हें बहुत प्रभावित किया। प्रियंका हमेशा से ही स्टाइल और डिजाइन के बारे में सोचती रहती थीं। हांगकांग ने उन्हें एक नया अनुभव दिया और उन्हें अपना ब्रांड शुरू करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने साल 2017 में अपना ब्रांड लॉन्च किया। प्रियंका का यह ब्रांड नए लुक्स और ट्रेंड पर फोकस करता है।

## भारत में बने ई-वाहन होंगे 100 देशों में एक्सपोर्ट

● पीएम मोदी बोले- भारतीय का मंत्र बने स्वदेशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लागू होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी और मेक इन इंडिया की जोरदार वकालत की। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की मेक इन इंडिया पहल ने वैश्विक एवं घरेलू दोनों विनिर्माताओं के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। दुनिया अब भारत में बने इलेक्ट्रिक वाहन चलाएगी। देश में बने ई-वाहनों का 100 देशों में निर्यात किया जाएगा।



गुजरात के हंसलपुर विनिर्माण संयंत्र से मारुति सुजुकी के पहले ई-वाहन ई-विटारा को मंगलवार को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी ने कहा, यह गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है। इससे मेक इन इंडिया यात्रा में नया अध्याय जुड़ गया है। पीएम मोदी ने नागरिकों से सिर्फ स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह करते हुए कहा, स्वदेशी हर किसी के जीवन का मंत्र होना चाहिए। आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रहे देश में इससे रोजगार सृजन में मदद मिलेगी।

**स्वदेशी की मेरी परिभाषा :** पैसा कोई लगाए, काम भारतीय करें पीएम मोदी ने कहा, स्वदेशी की मेरी परिभाषा है कि पैसा कोई भी लगाए, पर काम भारतीय करें। महत्वपूर्ण यह नहीं कि निवेश कौन करता है। खास बात यह है कि उत्पाद बनाने में भारतीयों की मेहनत हो। इस तरह मारुति सुजुकी भी स्वदेशी कंपनी है। पीएम ने कहा, पिछले एक दशक में भारत में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन में 500, मोबाइल उत्पादन में 2,700 व रक्षा उत्पादन में 200 की वृद्धि हुई है। पीएम मोदी ने कहा, भारत के पास लोकतंत्र की ताकत, जनसांख्यिकी का लाभ और कुशल कार्यबल का बड़ा भंडार है।

### बेंगलुरु में टीसीएस का नया दफ्तर
## हर महीने 9 करोड़ किराया देगी टाटा की कंपनी

**मुंबई एजेंसी।** मुंबई की मशहूर आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का नया अड्डा बेंगलुरु का इलेक्ट्रॉनिक सिटी होगा। कंपनी ने 360 बिनेस पार्क में लगभग 14 लाख वर्गफीट का दफ्तर किराए पर लिया है। यह सौदा पिछले कुछ वर्षों में शहर के सबसे बड़े लीज डील्स में से एक माना जा रहा है। यह दफ्तर 'टॉवर 5' और 'टॉवर 5क्' में होगा।

यह समझौता कुल 15 साल के लिए हुआ है। पहले चरण की शुरुआत 1 अप्रैल 2026 से होगी, जिसमें ग्राउंड-प्लस-7 मंजिलें शामिल होंगी। दूसरे फेज की शुरुआत 1 अगस्त 2026 से होगी, जो 8वीं से तेरहवीं मंजिल तक फैला होगा। कंपनी इस पूरे स्पेस के लिए हर महीने करीब 9.3 करोड़ किराया देगी, यानी 66.5 प्रति वर्गफीट के हिसाब से। इसके अलावा टीसीएस ने 112 करोड़ की सिक्योरिटी डिपॉजिट भी रखी है। हर तीन साल पर किराए में 12 की बढ़ोतरी होगी। अनुमान है कि पूरे 15 साल में कंपनी का किराया खर्च लगभग 2,130 करोड़ तक पहुंचेगा।

### अब 10 घंटे काम करेंगे प्राइवेट कर्मचारी, यह बदलाव अधिनियम, 2017 में संशोधन करके किया जाएगा

# श्रम विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट में चर्चा


**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार प्राइवेट संस्थानों में कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ाने पर विचार कर रही है। अभी कर्मचारी रोजाना 9 घंटे काम करते हैं, लेकिन प्रस्ताव के मुताबिक, अब यह समय बढ़कर 10 घंटे हो सकता है। यह बदलाव महाराष्ट्र दुकान और प्रतिष्ठान (रोजगार और सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 में संशोधन करके किया जाएगा। इस कानून में दुकानों, होटलों, मनोरंजन स्थलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में काम के घंटे तय किए जाते हैं ।

### कैबिनेट में हुई चर्चा

हिंदुस्तान टाइम्स (एचटी) की रिपोर्ट के अनुसारमंगलवार को राज्य श्रम विभाग ने इस प्रस्ताव को कैबिनेट के सामने पेश किया। मंत्रियों ने इस पर चर्चा तो की, लेकिन उन्होंने इसे मंजूरी देने से पहले कुछ और जानकारियां मांगी हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने बताया कि प्रस्ताव के प्रावधानों और उनके प्रभाव को लेकर अभी और स्पष्टता की जरूरत है। इसलिए अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है ।

### प्रस्तावित बदलाव क्या हैं

श्रम विभाग कानून में लगभग पांच बड़े बदलाव का प्रस्ताव रख रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव है रोजाना काम के घंटों को 9 से बढ़ाकर 10 घंटे करना। प्रस्ताव के मुताबिक, अब किसी भी वयस्क कर्मचारी से एक दिन में 10 घंटे से ज्यादा काम नहीं करवाया जा सकेगा।



साथ ही, एक और प्रस्ताव यह है कि अगर कोई कर्मचारी लगातार 6 घंटे से ज्यादा काम करता है, तो उसे बीच में आधे घंटे का ब्रेक दिया जाना जरूरी होगा। अभी लगातार काम के घंटों की सीमा 5 घंटे है।

इसके अलावा, ओवरटाइम की सीमा भी बढ़ाने का प्रस्ताव है। अभी एक कर्मचारी तीन महीने में 125 घंटे ही ओवरटाइम कर सकता है, इसे बढ़ाकर 144 घंटे करने का सुझाव दिया गया है। एक दिन में कुल काम के घंटे (ओवरटाइम सहित) अभी 10.5 घंटे की सीमा में हैं, जिसे बढ़ाकर 12 घंटे करने की बात कही गई है। जरूरी काम के मामले में दैनिक 12 घंटे की ऊपरी सीमा को पूरी तरह हटाने का भी प्रस्ताव है, यानी जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों से 12 घंटे से भी ज्यादा काम करवाया जा सकता है।

### यह बदलाव किनपर लागू होंगे

अगर यह प्रस्ताव कानून बन जाता है, तो यह बदलाव उन्हीं कंपनियों पर लागू होंगे, जहां 20 या उससे ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। अभी यह कानून 10 या उससे ज्यादा कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों पर लागू होता है।

### आखिर ऐसा प्रस्ताव क्यों लाया गया

अधिकारियों का कहना है कि यह प्रस्ताव उद्योग जगत की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखकर लाया गया है । हालांकि, कैबिनेट में इसपर अभी चर्चा जारी है और कोई निर्णय होने में अभी समय लग सकता है।

## एआई की दौड़ में रफ्तार बढ़ा रहा एपल मिस्ट्रल और पेरप्लेक्सिटी को खरीदने पर कर रहा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेज रफ्तार से अपना छाप छोड़ रहा है। ऐसे में दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी एपल अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ में पिछड़ने के बाद इसे तेजी से पकड़ने की कोशिश में जुट गई है। मीडिया रिपोर्ट्स और सूत्रों के अनुसार, एपल ने फ्रांस कीएआई स्टार्टअप मिस्ट्रल और एआईएआई सर्च कंपनी पेरप्लेक्सिटी को खरीदने को लेकर आंतरिक स्तर पर बातचीत की है। कारण है कि गूगल और सैमसंग जैसी कंपनियों के मुकाबले एपल ने अपने डिवाइसों में एआई फीचर्स को धीरे-धीरे पेश किया है। यही वजह है कि एपल अब बड़े स्तर परएआई कंपनियों को खरीदने की रणनीति पर विचार कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो एपल के सीईओ टिम कुक ने पिछले महीने संकेत दिया था कि कंपनी अबएआई से जुड़ी बड़ी डील्स के लिए भी तैयार है, जबकि पहले वह अधिग्रहण (एम एंड ए) मामलों में काफी सतर्क रहा करता था। बता दें कि मिस्ट्रल एआई को नवीदिया का समर्थन प्राप्त है और इसकी वैल्यूएशन हाल ही में 6 बिलियन से अधिक हो गई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मिस्ट्रल अब 10 बिलियन वैल्यूएशन पर नया फंड जुटाने की तैयारी में है। वहीं दूसरी ओर, पेरप्लेक्सिटी को एमाजन अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और नवीदिया से फंडिंग मिली है। हालांकि, पेरप्लेक्सिटी ने कहा है कि उन्हें किसी भी अधिग्रहण की जानकारी नहीं है,



# डेब्यू शो के लिए सनी देओल ने आर्यन खान को दी शाबाशी



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है।

## सनी देओल ने लिखा, बॉब ने बहुत तारीफ की है

सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा।

## ये सितारे निभाएंगे अहम भूमिकाएं

आर्यन खान निर्देशित सीरीज में राघव जुयाल और एक्टर लक्ष्य लीड रोल में हैं। साथ ही बॉबी देओल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा करण जौहर, रणवीर सिंह और सलमान खान भी आर्यन की सीरीज में कैमियो रोल करते दिखाई देंगे। सीरीज में एक्ट्रेस सहर बांबा लीड रोल में हैं। इस सीरीज को गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है।

## कब से होगा प्रीमियर

सनी देओल के पोस्ट पर नेटिजन्स के मजेदार कमेंट्स आ रहे हैं। शाहरुख खान के फैंस सनी देओल के पोस्ट पर पॉजिटिव कमेंट्स कर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स सनी देओल पर कथित तौर पर नेपोटिज्म को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, नेपोटिज्म। एक अन्य यूजर ने लिखा, आपकी वजह से वीडियो देख लिया। मैं समझ सकती हूं, दोस्ती निभानी पड़ती है। बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर होगा।




# तमिल डेब्यू के लिए परफेक्ट फिल्म है कंचना 4

एक्ट्रेस नोरा फतेही लोकप्रिय तमिल हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'कंचना' के चौथे भाग 'कंचना 4' के साथ तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। इस मोस्टअवेटेड फिल्म में नोरा मुख्य भूमिका निभाएंगी। नोरा ने 'कंचना 4' चुनने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, जब मुझे यह फिल्म ऑफर हुई, तो मुझे लगा कि तमिल सिनेमा में डेब्यू के लिए यह एकदम सही प्रोजेक्ट है। इस फ्रेंचाइजी की पहले से ही मजबूत पहचान है और इसकी अनोखी स्क्रिप्ट ने मुझे आकर्षित किया। नोरा फतेही ने आगे बताया, क्राइम-कॉमेडी ड्रामा मडगांव एक्सप्रेस की सफलता के बाद मैं एक और कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे वही रास्ता नजर आया। मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। नोरा ने बताया कि तमिल भाषा सीखना आसान नहीं है। फिल्म के लिए तमिल भाषा सीखना चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया, भाषा हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मैंने पहले हिंदी, तेलुगू और मलयालम में भी काम किया है और अब तमिल मेरे लिए सबसे मुश्किल भाषा है और इसमें काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। नोरा फतेही ने यह भी बताया कि वह अपने किरदार को पर्दे पर उतारने के लिए किस तरह से तैयारी कर रही हैं। उन्होंने बताया, मैं अपने लाइन्स की रिहर्सल करने और उच्चारण पर काम करने के लिए अतिरिक्त समय दे रही हूं। इसके लिए खूब प्रैक्टिस करती हूं। सेट पर मिला प्रोत्साहन सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। उन्होंने कहा, क्रू को उम्मीद नहीं थी कि मैं कॉमिक सीन में इतनी सहज रहूंगी। ऐसी प्रतिक्रिया मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। यह संस्कृति और भाषा का सम्मान करने के साथ-साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका है। मुझे टीम का भी काफी सपोर्ट मिलता है। नोरा ने तमिल और बॉलीवुड सिनेमा के अंतर को भी रेखांकित किया। उनके मुताबिक, तमिल सिनेमा कहानी और परफॉर्मेंस पर केंद्रित है, जबकि बॉलीवुड की अपनी भव्यता और एनर्जी है। दोनों इंडस्ट्री से सीखना मेरे लिए रोमांचक अनुभव है।

# सिद्धार्थ और जाह्नवी हैं परम सुंदरी की परफेक्ट जोड़ी



प्रोड्यूसर दिनेश विजन ने अपनी आगामी फिल्म परम सुंदरी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह फिल्म आधुनिक तकनीक और पारंपरिक जीवन शैली के बीच के अंतर को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में सिद्धार्थ और जाह्नवी को कास्ट करने का कारण उनकी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग शख्सियत और उनके किरदारों के साथ उनका तालमेल है। टेक्नोलॉजी बनाम सादगी : विजन के मुताबिक, परम सुंदरी सिर्फ एक क्रॉस-कल्चरल कहानी नहीं है, बल्कि यह आज के युवाओं की ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। फिल्म का नायक परम, एक ऐसा किरदार है जो टेक्नोलॉजी और ऐप्स पर पूरी तरह निर्भर है। वहीं, सुंदरी का किरदार एक ऐसी दुनिया से आता है जहाँ जीवन बहुत सरल और तकनीक के प्रभाव से दूर है। विजन ने कहा, फिल्म की कहानी यही संदेश देती है कि आज के युवा हर काम के लिए ऐप्स पर निर्भर हैं, और इस वजह से वे असली और ऑर्गेनिक रिश्तों की खूबसूरती को भूलते जा रहे हैं। कास्टिंग पर विजन के विचार : दिनेश विजन ने सिद्धार्थ और जाह्नवी की कास्टिंग को लेकर कहा कि सिद्धार्थ एक हैंडसम हीरो हैं, लेकिन उन्होंने पिछले छह सालों में कोई रोमांटिक-कॉमेडी नहीं की है। वहीं, जाह्नवी, जो असल जिंदगी में सुंदरी जैसी ही हैं, ने भी ऐसा रोल पहले कभी नहीं निभाया।



# नुसरत भरूचा की उफ्फ ये सियापा में दिखेगी बिना डायलॉग डार्क कॉमेडी

नुसरत भरूचा की फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। बता दें ये फिल्म बिना डायलॉग के एक डार्क कॉमेडी है, जिसमें हर सीन सिर्फ हावभाव और एक्सप्रेशन से कहानी कहता है। फिल्म 5 सिंतबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म की कहानी घूमती है केसरी लाल सिंह (सोहम शाह) के इर्द-गिर्द, जो एक साधारण और भोला-भाला इंसान है। उसकी पत्नी पुष्पा (नुसरत ) उसे पड़ोसन कमिनी (नोरा फतेही) से फ्लर्ट करने का इल्जाम लगाकर घर छोड़ देती है। जैसे ही वह अपनी बेगुनाही साबित करने की कोशिश करता है, अचानक उसके घर एक लाश मिलती है। मामला यहीं नहीं रुकता, थोड़ी देर में दूसरी लाश भी सामने आ जाती है और केसरी की जिंदगी पूरी तरह उलझ जाती है। इस गड़बड़झाले में इंस्पेक्टर हसमुख (ओमकार कपूर) की एंट्री होती है, जो खुद भी अपने मकसद से कहानी में रंग भरता है।

## फिल्म की स्टारकास्ट

फिल्म में सोहम शाह, नुसरत भरूचा और नोरा फतेही मुख्य भूमिकाओं में हैं। सोहम शाह अपनी सीरियस एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस फिल्म में उनकी मासूमियत और बेबस कॉमिक टाइमिंग दिल जीत सकती है। नुसरत भरुचा के लिए यह साल खास है क्योंकि यह उनकी दूसरी फिल्म है 'छोरी 2' के बाद। वहीं नोरा फतेही भी 2025 में तीसरी बार बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। हाल ही में वो अभिषेक बच्चन की 'बी हैप्पी' और कन्नड़ थ्रिलर 'केडी – द डेविल' में नजर आ चुकी हैं। 'उफ्फ ये सियापा' का निर्देशन जी. अशोक ने किया है और इसे लव रंजन और अंकुर गर्ग ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। संगीत की जिम्मेदारी ए.आर. रहमान ने उठाई है, हालांकि यह फिल्म गानों से नहीं बल्कि बैकग्राउंड स्कोर और साउंड इफेक्ट्स से दर्शकों पर असर डालेगी। अभिनेता शारीब हाशमी भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे।




# रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनने जा रहे हैं अर्जुन बिजलानी

## अशनीर ग्रोवर और धनश्री वर्मा भी जुड़ेंगे





टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 'मिले जब हम तुम', 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' और 'नागिन' जैसे लोकप्रिय शोज में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके अर्जुन अब एक नए रियलिटी शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शो का नाम है 'राइज एंड फॉल', जिसे सितंबर में अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जाएगा। अर्जुन बिजलानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया था, जिसने उनके फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया। वीडियो में अर्जुन अपनी पत्नी नेहा और बेटे अयान का जिक्र करते हुए कहते हैं कि उन्हें एक मुश्किल फैसला लेना पड़ा है और अब वो एक अलग रास्ते पर बढ़ रहे हैं। 'राइज एंड फॉल' एक हाई-वोल्टेज रियलिटी शो है जिसमें 16 कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे। शो का फॉर्मेट पावर और स्ट्रैटेजी पर आधारित है। इसमें कंटेस्टेंट्स को दो वर्गों में बांटा जाएगा- शासक और कामगार। शासकों के पास अधिकार और फैसले लेने की ताकत होगी, जबकि कामगारों को उनका पालन करना होगा। लेकिन इस खेल में सत्ता स्थायी नहीं है। किसी भी वक्त शासक कामगार बन सकता है और कामगार शासक। इस तरह शो में लगातार ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिलेंगे। इस शो की सबसे बड़ी खासियत है कि इसके होस्ट होंगे भारतपे के पूर्व सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर। बिजनेस जगत की बेबाक शख्सियत के रूप में मशहूर अशनीर पहले ही 'शार्क टैंक इंडिया' से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुके हैं। उनकी मौजूदगी शो को और भी दिलचस्प बनाने वाली है। इसके अलावा चर्चा है कि धनश्री वर्मा, जो क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ हैं, भी इस शो में कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आ सकती हैं।




# सलमान खान ही नहीं, शिल्पा शेट्टी से लेकर संजय दत्त तक; ये सेलेब भी रहे 'बिग बॉस' के होस्ट

बहुचर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19, 24 अगस्त से शुरू हो गया है। ये नया सीजन भी पिछले कई साल की तरह ही सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाएगा। लेकिन क्या आपको पता है कि साल 2000 में शुरू हुए इस शो को अभी तक कुल छह होस्ट मिल चुके हैं। हालांकि, इन सभी होस्ट में सलमान को दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला। आइए जानते हैं कि बिग बॉस को अभी तक किन-किन सेलेब्स ने होस्ट किया है।



### अरशद वारसी

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अरशद वारसी साल 2006 में बिग बॉस के पहले सीजन के होस्ट रहे थे। ये कह सकते हैं कि इस शो की शुभ शुरुआत अरशद वारसी ने ही की थी।




### शिल्पा शेट्टी

बिग बॉस सीजन 2 की होस्ट बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी थीं। इस शो को काफी लोकप्रियता मिली थी। एक्ट्रेस के मजाकिया अंदाज और शानदार कलाकारी को दर्शकों ने पसंद किया था। शो के बीच में एक्ट्रेस की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें शो छोड़ना पड़ा।

### अमिताभ बच्चन

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की एक्टिंग का हर कोई दीवाना है। शिल्पा शेट्टी द्वारा बिग बॉस सीजन 2 बीच में ही छोड़ने के कारण अमिताभ बच्चन ने इसे होस्ट किया था। अभिनेता उस समय कौन बनेगा करोड़पति शो के जरिए लोगों के दिलों में जगह बना चुके थे। बिग बॉस में भी बिग बी ने शानदार काम किया।



### संजय दत्त

बिग बॉस सीजन पांच में सलमान खान होस्ट थे, लेकिन उनके साथ संजय दत्त भी बतौर होस्ट शामिल हुए थे। दोनों अभिनेताओं की जोड़ी को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।

### फराह खान

बिग बॉस सीजन 8 में निर्देशक-कोरियोग्राफर फराह खान बतौर होस्ट शो के बीच में शामिल हुई थी। वजह थी कि सलमान खान को बजरंगी भाईजान फिल्म की शूटिंग करने के कारण ब्रेक लेना पड़ा था। फराह खान के अंदाज को भी दर्शकों ने पसंद किया था।

### सलमान खान

शो को अभी तक सलमान खान के अलावा पांच होस्ट मिले, लेकिन दर्शकों ने जिसे सबसे ज्यादा पसंद किया वो सलमान खान हैं। अभिनेता सीजन 9 से लगातार बिग बॉस शो को होस्ट कर रहे हैं। आज रविवार से बिग बॉस 19 शुरू हो रहा है, जिसका दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।



## अनीष के हाथों से छूटा गोल्ड, एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**शिमकेंट (कजाखस्तान), एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। 22 साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने



35 अंक जुटाए जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइक्यून ने जीता। अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। मंगलवार को ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा देश को टीम खिताब भी दिलाया। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक 72 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में जूनियर स्पर्धाएं भी हो रही हैं। जूनियर निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अब तक 39 स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।

## भारतीय फुटबॉल महासंघ पर फिर मंडराया प्रतिबंध का खतरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह पहली बार नहीं है जब भारतीय फुटबॉल को इस तरह की शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। अगस्त 2022 में फीफा ने भारत को 'तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप' के आरोप में निलंबित कर दिया था। भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्तूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को मंगलवार को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ द्वारा अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

## कैरेबियन लीग में एक बॉल पर बने 22 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग में सोमवार रात एक बॉल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वॉरियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वॉरियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने। ओशाने थॉमस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बॉल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बॉल डाली। इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थॉमस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया। इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं।

# अश्विन का आईपीएल से भी संन्यास

### अश्विन ने लिखा- खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत, कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज क्रिकेटर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद आईपीएल से भी संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अश्विन ने सोशल मीडिया के माध्यम से आईपीएल को अलविदा कहने की सूचना दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अश्विन ने लिखा, खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत। कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है। लेकिन, विभिन्न लीगों में खेलने की संभावनाएं आज से शुरू हो रही हैं। इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। आईपीएल और बीसीसीआई का विशेष तौर पर शुक्रिया। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं। आईपीएल 2025 में अश्विन सीएसके का हिस्सा थे। टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। ऐसे में अगले सीजन में टीम बड़े बदलावों के साथ उतर सकती हैं। अश्विन के सोशल मीडिया पोस्ट से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह बेशक आईपीएल में खेलते हुए नहीं दिखेंगे, लेकिन दूसरी क्रिकेट लीग में खेलते हुए वह दिख सकते हैं। संभवत~ वह देश के बाहर खेली जाने वाली टी20 लीग में खेलते दिख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई भारत के अंतरराष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट से जुड़े किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को विदेशी टी20 लीग में खेलने की छूट नहीं देता है। हालांकि, अब अश्विन संन्यास के बाद इन लीग में खेल सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह अश्विन का आईपीएल करियर भी शानदार रहा है। 2008 से 2025 के बीच वह चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं। पंजाब किंग्स के वह कप्तान भी रहे हैं।

### 220 आईपीएल मैचों में 833 रन बनाए और 187 विकेट लिए

220 आईपीएल मैचों की 98 पारियों में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं। आईपीएल इतिहास के वह पांचवें सफलतम गेंदबाज हैं।अश्विन ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। आर अश्विन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट बेहद यादगार रहा है। उनका नाम विश्व के श्रेष्ठतम ऑफ स्पिनर्स में शुमार किया जाता है। 2010 से 2024 के बीच 106 टेस्ट में 537 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट उनके नाम दर्ज हैं। टेस्ट क्रिकेट में अश्विन एक बल्लेबाज के रूप में भी सफल रहे हैं। 6 शतक और 14 अर्धशतक की मदद से उन्होंने 3,503 रन बनाए हैं।

## गंभीर की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, हाई कोर्ट ने इस मामले में कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर के खिलाफ निचली अदालती कार्यवाही रोकने की याचिका से सहमत नहीं है। गंभीर, उनके फाउंडेशन और परिवार के सदस्यों पर अवैध रूप से कोविड-19 की दवाइयां वितरित करने के आरोप हैं। गंभीर के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने की याचिका दायर की गई थी। हालांकि न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दृढ़ता से कहा कि अदालत इस अनुरोध पर विचार करेगी। न्यायाधीश ने कहा, अगर आपने एक साधारण अनुरोध किया होता, तो मैं उस पर विचार करती। आप मुझे बहुत सी बातें बताने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले (पार्टी का) नाम, उनकी साख, उनके द्वारा किए गए कार्य। आप नाम उछालने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि यह अदालत में काम करेगा। यह काम नहीं करता। अदालत की सुनवाई 8 सितंबर को होनी थी। यह भी कहा गया कि पूर्व सांसद और क्रिकेटर ने लॉकडाउन के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाइयां दान की थीं। हालांकि, उच्च न्यायालय अपने मूल रुख से पीछे नहीं हटा। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक बार स्थगन आदेश लागू हो जाने पर सुनवाई तुरंत रुक जाती है, जांच रुक जाती है और पूरा मामला अंततः खारिज हो जाता है। यह शिकायत मूल रूप से औषधि नियंत्रण विभाग (डीसीडी) द्वारा गंभीर और उनके फाउंडेशन गौतम गंभीर फाउंडेशन और सीईओ अपराजिता सिंह के खिलाफ दर्ज की गई थी। उनकी मां (सीमा गंभीर) और पत्नी (नताशा गंभीर) को भी औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उल्लंघनकर्ताओं के रूप में नामित किया गया है।



# वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज के बीच होगा महिला युगल मैच



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** यूएस ओपन महिला एकल में पहले राउंड से ही बाहर हुई वीनस विलियम्स का अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है। वीनस महिला युगल में लेयला फर्नांडीज के साथ खेलती हुई दिखेंगी। उन्हें वाइल्ड-कार्ड एंट्री दी गई है। वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज की जोड़ी से होगा। 22 वर्षीय फर्नांडीज को न्यूयॉर्क में महिला एकल में 31वीं वरीयता दी गई है और उन्होंने पहले दौर में हमवतन रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-1 से हराया। वह 2021 में एकल फाइनल में पहुंचीं, जहां वह ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से उपविजेता रहीं। 45 साल की वीनस 2 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। वीनस विलियम्स महिला युगल की सफलतम खिलाड़ियों में से एक हैं। अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ उन्होंने 14 ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। आखिरी बार 2016 में उन्होंने विंबलडन जीता था। महिला युगल में वह आखिरी बार 2022 में सेरेना विलियम्स के साथ यूएस ओपन में दिखी थी। वह सेरेना का विदाई टूर्नामेंट था। 2025 यूएस ओपन में, विलियम्स पहले ही महिला एकल और मिश्रित युगल (रीली ओपेल्का के साथ) में भाग ले चुकी हैं। सोमवार रात, उन्होंने आर्थर ऐश स्टेडियम में एक रोमांचक दूसरे सेट में जीत हासिल की, लेकिन अंततः 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से 6-3, 2-6, 6-1 से हार गईं। 1981 में रेनी रिचर्ड्स के बाद विलियम्स यहां महिला एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं और ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं। विलियम्स और फर्नांडीज महिला युगल ड्रॉ में सात वाइल्ड-कार्ड टीमों में शामिल हैं, जिनमें हैली बैप्टिस्ट और व्हिटनी ओसुइग्वे, रीज ब्रैंटमेयर और एलानिस हैमिल्टन, कारमेन कॉर्ली और इवाना कॉर्ली, क्रिस्टीना पेनिकोवा और थिया फ्रोडिन, क्लर्वी न्गोउए और इवा जोविक, और जूलियट पारेजा और आकाश उरहोबो शामिल हैं। 2025 यूएस ओपन महिला युगल प्रतियोगिता गुरुवार को यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में शुरू होगी।

## 23 साल बाद भारत में होगा फिडे विश्व कप का आयोजन, पीएम मोदी बोले- मेजबानी हमारे लिए खुशी की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन डी गुकेश, मैग्नस कार्लसन, फाबियानो करुआना और आर प्रज्ञानानंदा सहित 206 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दो दशक से अधिक समय के बाद प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है। पीएम मोदी ने कहा कि शतरंज युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे और दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।उन्होंने कहा, प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है और वह भी दो दशक से अधिक समय के बाद। फिडे शतरंज विश्व कप का आयोजन गोवा में 30 अक्तूबर से 27 नवंबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अगले साल के कैंडिडेट टूर्नामेंट के लिए तीन स्थान और 20 लाख डॉलर की इनामी राशि दांव पर लगी होगी। इस टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन डी गुकेश, मैग्नस कार्लसन, फाबियानो करुआना और आर प्रज्ञानानंदा सहित 206 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत के लिए यह बड़ा अवसर है क्योंकि 23 साल बाद पहली बार देश में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। पिछली बार 2002 में हैदराबाद में भारत ने इस प्रतियोगिता की मेजबानी की थी और तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में शतरंज में काफी तरक्की की है। यह टूर्नामेंट आठ दौर में दो बाजियों के नॉकआउट प्रारूप में खेला जाएगा।



# भारत की 17 साल की भारोत्तोलक कोयल बार का जलवा, राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

**अहमदाबाद, एजेंसी।** 17 साल की कोयल ने गजब का जज्बा दिखाते हुए तब सुर्खियां बटोरीं, जब बिंदियारानी और मुथुरमुथुपंडी राजा जैसे भारोत्तोलक पदक जीतने में सफल रहे। कोयल को आने वाले समय का स्टार माना जा रहा है। 17 साल की भारतीय भारोत्तोलक कोयल बार ने मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में दो नए युवा विश्व रिकॉर्ड स्थापित करके युवा और जूनियर दोनों खिताब जीते। जूनियर और युवा दोनों वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए इस किशोरी ने कुल 192 किग्रा (85 किग्रा + 107 किग्रा) वजन उठाया। उन्होंने पहले 85 किग्रा भार उठाकर युवा स्नैच विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर क्लीन एंड जर्क में अपने दूसरे प्रयास में 107 किग्रा भार उठाकर 105 किग्रा के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। इसके साथ ही, उन्होंने 188 किग्रा के मौजूदा युवा विश्व कुल रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।



### कोयल का प्रयास स्नेहा से बेहतर

कोयल का प्रयास उनकी हमवतन स्नेहा सोरेन से तीन बेहतर था, जिन्होंने 185 किग्रा (81 किग्रा + 104 किग्रा) के साथ सीनियर वर्ग में रजत पदक जीता था। इससे पहले महिलाओं में भारत की बिंदियारानी देवी और पुरुषों में मुथुपंडी राजा ने मंगलवार को अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, सारी सुर्खियां गजब का जज्बा दिखाने वाली 17 वर्षीय कोयल ने बटोरीं।

### बिंदियारानी को मिला पदक

महिलाओं के 58 किग्रा वर्ग में भाग लेने वाली बिंदियारानी ने 206 किग्रा (91 किग्रा स्नैच + 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर रजत पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा भार उठाया और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा भार उठाया। वह अपने अंतिम 122 किग्रा प्रयास में असफल रहीं और दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा + 112 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। बिंदियारानी बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक विजेता हैं। वह पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन भी हैं, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण और 2021 संस्करणों में रजत पदक जीता है।

### मुथुपंडी ने भी जीता पदक

पुरुष वर्ग की बात करें तो, मुथुपंडी राजा 65 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, लेकिन 296 किग्रा (128 किग्रा+168 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। मलयेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन ने 297 किग्रा (125 किग्रा+172 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू 292 किग्रा (127 किग्रा+165 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक जीतने में सफल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर सेवाएं बाधित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ट्वीट करके जानकारी दी है कि ब्लू लाइन पर नवादा और द्वारका सेक्टर-13 स्टेशनों के बीच ट्रेनों की गति धीमी हो गई है। डीएमआरसी द्वारा इसकी वजह नहीं बताई गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य तौर पर चल रही हैं। ब्लू लाइन पर नवादा से द्वारका के बीच सिग्नलिंग इश्यू होने के कारण ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई थी। दोनों स्टेशनों के बीच मैनुअली सीमित रफ्तार में ट्रेन चलाई जा रही थी, जिसका असर मेट्रो के दूसरे ट्रेन पर पड़ा था। आपको बताते चलें कि नोएडा सेक्टर 16 से राजीव चौक तक ब्लू लाइन से जाने में सामान्यता करीब 24-25 मिनट का समय लगता है, लेकिन हर स्टेशन पर पांच-पांच मिनट रुकने के कारण काफी देरी हुई है। इसके चलते यात्रियों का काफी इंतजार करना पड़ रहा है। मेट्रो के देरी से चलने पर आम यात्रियों का गुस्सा डीएमआरसी पर निकला। मयंक त्यागी नामक यूजर ने डीएमआरसी के ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए लिखा- मेट्रो का सिर्फ़ किराया बढ़ा है, जबकि सर्विस की क्वालिटी लगातार गिरती जा रही है। उन्होंने लिखा आज 26 अगस्त को, मेट्रो को सिर्फ़ दो स्टेशनों के बीच की दूरी तय करने में लगभग 20-25 मिनट लग गए। सभी लाइनों की यही कहानी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। संतोष चौहान नामक यूजर ने रिप्लाई करते हुए लिखा, मेट्रो नें भी ट्रम्प के जैसा टेरीफ लगा दिया है। लेकिन, मेट्रो ठीक टाइम से नहीं चला रहे हैं। अगर कुछ एडवाइस चाहिए तो मुझे से सम्पर्क करें। अगर ये 100 रूपये भी कर देंगे तो ग़रीब लोग मेट्रो मे फिर भी सफ़र करेंगे।

### दिल्ली में स्कूली बच्चों के लिए उतारी गईं इलेक्ट्रिक बसें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्कूलों में बच्चों के लिए ई-बसों का प्रयोग शुरू हो गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को लोधी एस्टेट स्थित सरदार पटेल स्कूल में हरित परिवहन (इलेक्ट्रिक बस) को बढ़ावा देते हुए 24 बसों से इसकी शुरुआत की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के सभी स्कूलों में इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पहल न केवल विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करेगी, बल्कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार में भी मदद करेगी। एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि स्कूलों को ईवी बसें उपलब्ध कराना सरकार की प्रदूषण के खिलाफ एक प्रभावी पहल है। इसका उद्देश्य है कि स्कूली बच्चे प्रदूषण रहित बसों में यात्रा करें और मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि दिल्ली में पर्याप्त संख्या में ई-बसें हैं। उन्होंने कहा कि लोधी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इलेक्ट्रिक स्कूल बस सेवा की शुरुआत हुई है। बहुत जल्द इस परियोजना में एक और स्कूल को शामिल किया जाएगा।

# दिल्ली में आवारा कुत्तों के लिए नया अभियान

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बड़ा कदम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सड़कों पर अब आवारा कुत्तों के लिए एक नई सुबह शुरू होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बाद दिल्ली सरकार ने एबीसी नियम 2023 के तहत एक बड़ा अभियान शुरू किया है। इस अभियान में आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा, ताकि उनकी आबादी को कंट्रोल करने के साथ-साथ इंसानों और जानवरों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सके।

**लखनऊ मॉडल है देश के लिए एक मिसाल:** सुप्रीम कोर्ट ने लखनऊ के एबीसी प्रोग्राम को देशभर के लिए एक बेंचमार्क घोषित किया है। इस मॉडल का मूल मंत्र है- पकड़ो, नसबंदी करो, टीका लगाओ और वापस छोड़ो। यह तरीका न सिर्फ मानवीय है, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी कारगर साबित हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी नगर निगमों को निर्देश दिए हैं कि वे आवारा कुत्तों के लिए खास फीडिंग जोन और हेल्पलाइन शुरू करें। लखनऊ में ये तरीके सालों से कामयाबी के साथ लागू हो रहे हैं और अब इसे पूरे देश में अपनाने की तैयारी है।

**दिल्ली में क्या होगा खास?:** सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में मौजूद 78 सरकारी पशु अस्पतालों में से 24 को टीकाकरण केंद्रों में बदला जाएगा। दिल्ली में करीब 8 लाख आवारा कुत्तों की आबादी है और इस अभियान में उनकी नसबंदी और रेबीज जैसे खतरनाक रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उसी जगह वापस छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। लेकिन, अगर कोई कुत्ता रेबीज से ग्रस्त है या आक्रामक व्यवहार दिखाता है, तो उसे सड़कों पर नहीं छोड़ा जाएगा। ऐसे कुत्तों को अलग शेल्टर या पाउंड में रखा जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली में एनजीओ, जानवरों के प्राइवेट अस्पताल और वॉलंटियर्स भी इस अभियान में शामिल होंगे। ये सभी मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जो न सिर्फ कुत्तों के लिए बल्कि आम लोगों के लिए भी सुरक्षित और मानवीय हो।

**शिमला की अनोखी पहल=** दूसरी ओर, देश के सबसे पुराने नगर निगमों में से एक, शिमला म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ने भी आवारा कुत्तों के लिए एक अनोखा कदम उठाया है। शिमला में अब कुत्तों को जीपीएस-युक्त क्यूआर कोड कॉलर पहनाए जा रहे हैं। इन कॉलर को स्कैन करने पर कुत्ते की लोकेशन, टीकाकरण की स्थिति और अन्य जानकारी मिलेगी। शिमला के मेयर सुरिंदर चौहान ने बताया, हमारा लक्ष्य रेबीज से होने वाली मौतों को कम करना और लोगों की सुरक्षा बढ़ाना है। अब तक 2000 कुत्तों को टीके लगाए जा चुके हैं। आक्रामक कुत्तों को पहचानने के लिए उनके कॉलर पर लाल टैग लगाया जाएगा। यह पहल इतनी अनोखी है कि गोवा, मुंबई, महाराष्ट्र, पटियाला और हिमाचल के रामपुर जैसे क्षेत्रों की संस्थाएं भी इससे जुड़ रही हैं।

**दिल्ली में महीनेभर में 50 फीसदी तक चढ़े दाम**

## बारिश से मौसम ठंडा पर सब्जियों में आग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण राजधानी दिल्ली में सब्जियों की कीमतें बढ़ गई हैं। बीते एक महीने में सब्जियों के दाम में तकरीबन 50 फीसदी तक का उछाल आ चुका है। इसकी वजह से लोगों का रसोई का बजट बढ़ गया है।

दिल्ली की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी आजादपुर मंडी में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों से सब्जियों की आवक बेहद कम हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में सब्जियों के दाम और बढ़ सकते हैं। आजादपुर सब्जी मंडी की वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश काले ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में उत्तर भारत में हुई बारिश ने सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान में बारिश और जलजमाव के कारण गोभी, शिमला मिर्च, भिंडी, टमाटर और हरी सब्जियों की फसलें खराब हो गई हैं। फसलों में फूल खराब होने के साथ-साथ कीट और रोगों के हमले को बढ़ावा दिया है।

आजादपुर सब्जी मंडी के थोक कारोबारी राजेश काले का कहना है कि भारी बारिश से बर्बाद हुई फसलों की वजह से न सिर्फ किसानों को बल्कि थोक कारोबारियों को भी बड़ा घाटा हुआ है। बड़ी संख्या में व्यापारी हरी सब्जियों की फसल कांट्रेक्ट पर कराते हैं और इसके लिए किसानों को एडवांस भुगतान किया जाता है। ज्यादा बारिश के कारण हरियाणा, राजस्थान, यूपी में भी सब्जियों की या तो बर्बाद हो गई है या गुणवत्ता खराब हो गई है।

## सो रहा था परिवार, आधी रात ऊपर गिर पड़ा छत का हिस्सा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रांस हिंडन के साहिबाबाद थानाक्षेत्र में आधी रात बड़ा हादसा हो गया। जीडीए के एक फ्लैट में छत का हिस्सा भरभराकर गिर गया जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। सभी पहले तल पर फ्लैट के अंदर सो रहे थे। अचानक लेंटर जमीन पर जा गिरा। पुलिस ने घायलों को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

अर्थला की संजय कॉलोनी में जीडीए के तीन मंजिला फ्लैट हैं। पहले तल के एक फ्लैट में जाहिद रहते हैं। परिवार में उनकी मां 70 वर्षीय अलीमन, पत्नी 40 वर्षीय शहनाज, पुत्र 22 वर्षीय जाबिर और पुत्री 20 वर्षीय नजराना हैं। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि रात साढ़े 12 बजे भूतल पर बने फ्लैट का लेंटर भरभराकर गिर गया। इस समय पांचों लोग फ्लैट में सो रहे थे और हादसे के बाद घायल हो गए।

जोरदार आवाज से आसपास के लोगों की नींद खुल गई। लोग मदद के दौड़े और पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल सभी पांच लोगों को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अलीमन और नजराना की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिल्डिंग के अंदर सिर्फ छत का हिस्सा ही गिरा रहा। दीवारें सीधी खड़ी हैं। वहीं हादसे के बाद इमारत में रह रहे बाकी लोगों को भी बाहर निकाल लिया गया है।

## दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर यहां बनेंगे 9 एफओबी और 4 फ्लाईओवर, मिलेगा जाम से छुटकारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर गुरुग्राम-जयपुर खंड में 282 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा मौजूद रहे। इन परियोजनाओं में नौ एफओबी और चार फ्लाईओवर और शामिल हैं।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम और रेवाड़ी केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। दोनों जिले औद्योगिक और कारोबारी गतिविधियों के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते यातायात दबाव, जाम और बरसात के दिनों में जलभराव जैसी समस्याएं लंबे समय से नागरिकों के सुगम आवागमन में बड़ी बाधा बन रही थी। इसके अतिरिक्त पैदल यात्रियों के लिए हाईवे को पार करना एक गंभीर चुनौती थी।

राव ने कहा कि दिल्ली-जयपुर हाईवे पर मूर्तरूप लेने वाली नई परियोजनाएं न केवल जाम और दुर्घटनाओं से राहत देंगी बल्कि आने वाले समय में आधुनिक यातायात व्यवस्था की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। इन परियोजनाओं में चार नए फ्लाईओवर, नौ अत्याधुनिक फुट ओवर ब्रिज, सर्विस रोड का चौड़ीकरण और नालियों का सुधार शामिल है। इन सभी सुविधाओं के पूरा होने के बाद गुरुग्राम और रेवाड़ी में यातायात पहले से कहीं अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित होगा।





हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने पिछले 11 वर्षों में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा और दशा दोनों को बदल दिया है। उन्होंने बताया कि आजादी से लेकर वर्ष 2014 तक पूरे देश में केवल 91 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हो पाया था, जबकि अकेले पिछले 11 वर्षों में ही 60 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी के राष्ट्रीय राजमार्ग आमजन को समर्पित किए गए हैं। यही नहीं पूर्व की सरकारों के समय जहां प्रतिदिन औसतन 12 किलोमीटर नेशनल हाईवे का निर्माण होता था, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में यह रफ्तार बढ़कर 33 किलोमीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है। इस अवसर पर गुरुग्राम नगर निगम की मेयर राजरानी मल्होत्रा, मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ. इंद्रजीत यादव, एनएचएआई से क्षेत्रीय अधिकारी मोहम्मद सैफी, परियोजना निदेशक योगेश तिलक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

दिल्ली-जयपुर हाईवे पर पचगांव चौक, राठीवास, धारूहेड़ा स्थित हीरो कंपनी के पास तथा साल्हावास में चार नए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इसके साथ 2.26 किलोमीटर लंबी नई सर्विस रोड का निर्माण और 30.95 किलोमीटर लंबाई की सड़क का उन्नयन किया जाएगा। 18.05 किमी लंबी नई आरसीसी नालियां बनाई जाएंगी। 40.64 किमी लंबाई की मौजूदा खुली नालियों को ढककर मजबूत किया जाएगा। हर 500 मीटर पर वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनेंगी।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मानेसर एलिवेटेड फ्लाईओवर को एनएसजी गेट के आगे मानेसर की पहाड़ी तक बढ़ाया जाए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा से इसको मंजूरी देने का आग्रह किया।

## बांग्लादेश में मुख्य जेल से 700 खूंखार कैदी फरार! इस्लामी आतंकी और फांसी के दोषी भी शामिल

**ढाका एजेंसी।** बांग्लादेश के शीर्ष जेल अधिकारी ने दावा किया है कि पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान भागे करीब 2,700 कैदियों में से लगभग 700 अब भी फरार हैं, जिनमें कई फांसी की सजा पाए दोषी और इस्लामी आतंकवादी शामिल हैं। महानिरीक्षक (आईजी) जेल ब्रिगेडियर जनरल सैयद मुताहर हुसैन ने मंगलवार को बताया कि जुलाई 2024 में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान जेलों से बड़ी संख्या में कैदी भाग निकले थे। उन्होंने सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस से कहा, फरार कैदियों में नौ इस्लामी आतंकवादी और मौत या आजीवन कारावास की सजा पाए हुए 69 दोषी शामिल हैं। सात महीने पहले गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि करीब 700 कैदी अब भी जेल से बाहर हैं। जेल अधिकारियों ने पहले बताया था कि कई साधारण कैदी स्वेच्छा से लौट आए, क्योंकि उनकी सजा लगभग पूरी हो चुकी थी और वे जेल से भागने के आरोप से बचना चाहते थे, ताकि उनकी सजा और न बढ़े। हुसैन ने यह भी बताया कि अंतरिम सरकार ने जेलों को अब 'सुधार केंद्र कहने और 'जेल विभाग का नाम बदलकर 'करेक्शन सर्विसेज बांग्लादेश करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह नाम परिवर्तन मौजूदा जेल प्रणाली में सुधार के तहत प्रस्तावित कानून का हिस्सा है। हुसैन ने कहा कि कानून में जेल नियमों के आधुनिकीकरण और सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए एआई-आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाने और बॉडी कैमरों की शुरुआत जैसे उपायों का भी प्रस्ताव है, ताकि देशभर की जेलों के अंदर और आसपास चुस्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।





## स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष में तैनात किए आठ डमी सैटेलाइट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** स्पेसएक्स ने मंगलवार रात को अपने विशाल रॉकेट स्टारशिप का नया परीक्षण किया और पहली बार एक परीक्षण पेलोड (आठ डमी सैटेलाइट) को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक तैनात किया। योजना के अनुसार अंतरिक्ष में करीब एक घंटे तक घूमने के बाद स्टारशिप हिंद महासागर में उतर गया।

स्टारशिप ने दक्षिण टेक्सस में स्थित स्पेसएक्स के लॉन्च स्थल स्टारबेस से शाम साढ़े छह बजे के बाद उड़ान भरी। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली रॉकेट का दसवां परीक्षण था। स्पेसएक्स और नासा भविष्य में चांद पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने के लिए इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं।

नासा की ओर से इस दशक के अंत तक चांद पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने के लिए दो स्टारशिप रॉकेट तैयार किए जा रहे हैं। स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क का एलन मस्क का आखिरी लक्ष्य मंगल ग्रह तक मानव को पहुंचाना है।

परीक्षण में सुपर हेवी बूस्टर को भी सफलतापूर्व वापस लाया गया, जो अटलांटिक महासागर में उतरा। इसके लैंडिंग के लिए विशेष इंजन जलने की प्रक्रिया (लैंडिंग-बर्न) का परीक्षण किया गया। स्टारशिप पृथ्वी की कक्षा में घूमता रहा। टेक्सस में दिन से रात हुई, फिर दोबारा दिन आ गया। उसके बाद योजना के मुताबिक यह हिंद महासागर में उतरा।

## पाकिस्तान में पोलियो के दो और नए मामले, 2025 में अब तक कुल 23 केस


**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आए हैं, जिससे इस साल देशभर में कुल मामलों की संख्या 23 हो गई है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये नए केस टैंक जिले के मल्लाजई यूनियन काउंसिल की 16 महीने की बच्ची और उत्तर वज़ीरिस्तान के मीरान शाह-3 यूनियन काउंसिल की 24 महीने की बच्ची में पाए गए हैं। पोलियो अब भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। सुरक्षा चुनौतियों, वैक्सीन को लेकर झिझक और अफवाहों की वजह से पोलियो उन्मूलन की कोशिशें धीमी पड़ रही हैं।इस्लामाबाद स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2025 में अब तक केपी से 15, सिंध से 6, पंजाब और गिलगित-बाल्टिस्तान से 1-1 पोलियो केस सामने आ चुके हैं। एनआईएच ने दोहराया कि पोलियो बेहद संक्रामक और लाइलाज बीमारी है, जिससे जीवनभर के लिए लकवा हो सकता है। इससे बचने का एकमात्र तरीका बार-बार पोलियो की दवा (ओरल पोलियो वैक्सीन) देना है। एनआईएच ने बताया कि जिन बच्चों तक वैक्सीन पहुंचना मुश्किल है या जहां लोगों में वैक्सीन को लेकर संकोच है, वहां खतरा सबसे अधिक बना रहता है। इसलिए केंद्र और राज्य स्तर पर पोलियो वैक्सीनेशन अभियानों को और मजबूत किया जा रहा है। सितंबर 2025 में एक विशेष पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

## दो लोगों को सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को चूमने के लिए मारे गए 76 कोड़े

**बांदा आचे, एजेंसी।** इंडोनेशिया के बांदा आचे प्रांत में दो मर्दों को सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को चूमने के लिए कोड़े मारे गए। शरिया अदालत ने उन्हें इस्लामी कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया था। मंगलवार को बांदा आचे के बुस्तानुस्सलातिन शहर के एक पार्क में मंच पर लगभग 100 लोगों की भीड़ ने यह सजा देखी। समलैंगिक यौन संबंध बनाने वालों को यहां 100 कोड़े की सजा दी जाती है। आचे में जुआ खेलने, शराब पीने, तंग कपड़े पहनने वाली महिलाओं और शुक्रवार की नमाज में शामिल न होने वाले पुरुषों को भी कोड़े मारे जाते हैं।

अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को 80-80 कोड़े की सजा सुनाई गई थी। इस्लामी धार्मिक पुलिस ने बताया कि उन्हें एक सार्वजनिक पार्क के शौचालय में गले मिलते और चूमते हुए पाया गया था। इस सार्वजनिक पिटाई में प्रत्येक व्यक्ति को एक छड़ी से 76 कोड़े मारे गए। दोनों की 80 कोड़ों की सजा को कम किया गया, क्योंकि वे चार महीने तक हिरासत में थे। यह सजा प्रांतीय राजधानी बांदा आचे के एक पार्क में दी गई, जहां भीड़ ने बेंतों की सजा देखी।

बताया जाता है कि ये दोनों 10 लोगों के उस समूह का हिस्सा थे, जिन्हें मंगलवार को बांदा आचे के एक पार्क में विभिन्न अपराधों के लिए कोड़े मारे गए। दोनों को भीड़ के सामने अलग-अलग छड़ी से पीटा गया। बांदा आचे शरिया पुलिस के कानून प्रवर्तन प्रमुख रोसलीना ए जलील ने बताया कि अप्रैल में स्थानीय शरिया पुलिस ने दोनों को उसी पार्क के सार्वजनिक शौचालय में एक साथ पाया था। रोसलीना ने कहा कि एक आम नागरिक ने संदिग्ध गतिविधि देखी और इसकी सूचना पुलिस को दी थी। इन दोनों के अलावा मंगलवार को तीन महिलाओं और पांच पुरुषों को विवाहेतर यौन संबंध, विपरीत लिंग के लोगों के साथ निकटता और ऑनलाइन जुआ खेलने के लिए दोषी ठहराकर कोड़े मारे गए। गौरतलब है कि शराब पीने जैसे अपराधों के लिए बेंत मारने की सजा को आचे में जनता का मजबूत समर्थन प्राप्त है।



**एमनेस्टी इंटरनेशनल की निंदा:** दूसरी ओर एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस सजा की निंदा की। एमनेस्टी के क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक मोंटसे फेरर ने कहा कि समान लिंगीय आचरण को अपराध घोषित करना न्यायपूर्ण और मानवीय समाज में स्वीकार्य नहीं है। गौरतलब है कि 2001 में विशेष स्वायत्तता मिलने के बाद इस क्षेत्र ने धार्मिक कानून लागू करना शुरू किया। जकार्ता ने लंबे समय से चले आ रहे अलगाववादी विद्रोह को दबाने की कोशिश की थी।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 27-08-2025 21:45 Page 1



# हत्याकांड मामले में संजीव सिंह समेत सभी आरोपित बरी

## वर्ष 2017 की घटना ने झारखंड की राजनीति में ला दिया था भूचाल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद की राजनीति को झकझोर देने वाले चर्चित पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में आज बड़ा फैसला आया है। आठ साल, पांच महीने और पांच दिन बाद अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है।

एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक फैसले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह, जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह, डब्लू मिश्रा, विनोद सिंह, सागर सिंह उर्फ शिबू, चंदन सिंह, कुर्बान अली, पंकज सिंह और रणधीर धनंजय उर्फ धनजी सहित सभी आरोपियों को राहत मिली। 2017 का सबसे बड़ा हत्याकांड 21 मार्च 2017 की शाम स्टील गेट के पास अंधाधुंध फायरिंग में नीरज सिंह, चंद्रप्रकाश महतो, अशोक यादव और मुन्ना तिवारी की हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे झारखंड की राजनीति को हिला दिया था।

फैसला आते ही कोर्ट परिसर और झरिया में संजीव सिंह व अन्य आरोपियों के समर्थकों में जश्न और खुशी की लहर दौड़ गई। जगह-जगह पटाखे छोड़े जा रहे हैं और लोग मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। यह फैसला झारखंड की सियासत में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहेगा।

# कोयला एवं खान राज्यमंत्री ने बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे आज भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जिला प्रशासन की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। वहीं बीसीसीएल की ओर से सीएमडी समीरन दत्ता ने कंपनी के सभी निदेशकों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री ने झरिया मास्टर प्लान पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। जो स्थानीय लोगों की प्राथमिकताओं और क्षेत्रीय सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए आगे कदम बढ़ाने के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस दौरान उपायुक्त ने जेआरडीए के तहत बेलगड़िया में चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेलगड़िया टाउनशिप में बड़े पैमाने पर स्किल डेवलपमेंट, आकर्षक पार्क का निर्माण, तालाबों का नवीनीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था हेतु कार्य किया जा रहा है।

उपायुक्त ने लीगल टाइटल होल्डर एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, टाउनशिप एरिया के विकास, स्किल डेवलपमेंट, बेलगड़िया टाउनशिप में जेआरडीए कार्यालय का निर्माण, टाउनशिप एरिया में पेयजल की सुविधा, सुचारू बिजली व्यवस्था, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, रिचार्ज पिट, तालाब सौंदर्यीकरण, पार्क का निर्माण, सुरक्षा व शिक्षा व्यवस्था, सड़क निर्माण, एलइडी स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप को आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने, वहां के निवासियों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित रखते हुए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। जिसमें बेलगड़िया के दोनों तालाबों में मछली पालन के लिए उसका जीर्णोद्धार, लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई है। सुगम आवागमन के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा बसे चलाई जा रही है। 50 ई-रिक्शा प्रदान करने के लिए जेआरडीए और बीसीसीएल के बीच एमओयू हुआ है।

उन्होंने बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारों ओर बाउंड्री वॉल, नालियों की सफाई, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सड़कों का चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट, विद्यालय का जीर्णोद्धार, खेल मैदान, लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना के साथ-साथ अन्य कई योजनाओं के अलावा टाउनशिप के निवासियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना भी इसमें शामिल है। बैठक में मंत्री ने बीसीसीएल के पिछले वर्ष के प्रदर्शन, उत्पादन स्तर, सुरक्षा मानकों एवं संचालन की गहन समीक्षा की और कंपनी की भावी रणनीतियों व योजनाओं पर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऊर्जा एवं औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत बनाने में बीसीसीएल की भूमिका की सराहना करते हुए इसे और अधिक सशक्त बनाने की प्रेरणा दी।

बैठक में सतीश चंद्र दुबे, उपायुक्त आदित्य रंजन, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी) संजय कुमार सिंह, निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारे से गूंजा बोकारो



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से बोकारो नगरी गुंजायमान है। श्रद्धा एवं विश्वास के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय सिटी सेंटर हर्षवर्धन प्लाजा में गणेश मंडली व्यापारी संघ द्वारा वर्षों से आयोजित गणेश पूजन का उद्घाटन धनबाद के सांसद ढूलू महतो एवं बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर सांसद ने सभी के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की कामना गणेश भगवान से की। इस वर्ष वृंदावन के चंद्रयोदय मंदिर का भव्य रूप पंडाल के रूप में बोकारो के धरती पर विद्यमान दिखा। भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा बाघ की सवारी करते हुए आकर्षक एवं भव्यता लिए हुए दिख रहा है। पंडाल के चारों ओर लेजर शो साथ-साथ लाइटिंग की आकर्षक व्यवस्था की गई है।

# बच्चों को अंडा नहीं मिलने से उपायुक्त दिखे नाराज

## उपलब्ध कराने का दिया निर्देश, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जानकारी मिलने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले कई माह से अंडा वितरण नहीं हो रहा है। उन्होंने जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) को इस पर तुरंत ठोस कदम उठाने और किसी भी स्थिति में वितरण में बाधा न आने देने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए तत्काल प्रभाव से अंडा वितरण शुरू करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण उन्मूलन के लिए अंडा एक महत्वपूर्ण आहार है, जिसकी उपलब्धता हर केंद्र पर सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला पशुपालन पदाधिकारी प्रत्येक माह स्वच्छता संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। यह प्रतिवेदन डीएसडब्ल्यूओ





द्वारा संकलित कर जिला स्तर पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना जरूरी है।

उपायुक्त ने डीएसडब्ल्यूओ को निर्देशित किया है कि वे आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाएं। केंद्रों में साफ-सफाई पर विशेष बल दिया जाएगा ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि अंडे की गुणवत्ता सुनिश्चित करना डीएसडब्ल्यूओ की जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या मानक से कम गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर भौतिक निरीक्षण की व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह 20 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण स्वयं डीएसडब्ल्यूओ करेंगी। 20 केंद्रों का निरीक्षण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) करेंगे एवं 20 केंद्रों का निरीक्षण महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) करेंगी। इस क्रम में सभी केंद्रों की भवन की स्थिति, अंडा वितरण, आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समग्र कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करेंगे। साथ ही, जिला को समेकित निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

### संरक्षित क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट, प्रशासनिक भवन, 132 केवी टाउनशिप सब-स्टेशन, गरगा डैम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं इनके आस-पास का क्षेत्र संरक्षित स्थान घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन या सार्वजनिक सभा करना प्रतिबंधित है। विभिन्न संगठनों एवं संघों द्वारा किए जाने वाले धरना-प्रदर्शनों के दौरान जन-सुरक्षा एवं औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीएसएल प्रबंधन ने टु-टैंक गार्डन को आधिकारिक रूप से धरना एवं प्रदर्शन स्थल के रूप में निर्धारित किया है।

सभी संगठन, संघ और संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भविष्य में कोई भी धरना, प्रदर्शन, जुलूस या सभा आयोजित करनी हो तो वह केवल दु-टैंक गार्डन स्थल पर ही की जाए। अन्य किसी स्थान पर इस प्रकार की गतिविधियाँ करना कानूनन वर्जित होगा। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढ़ांडा ने सभी संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे शांति एवं व्यवस्था बनाएं रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें और केवल निर्धारित स्थल पर ही कार्यक्रम आयोजित करें।

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में सफल हुई मंजू सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगंज।** बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत बागदहा पंचायत के बागदहा निवासी गोविन्द हेम्ब्रम की पुत्री मंजु कुमारी ने अपने पहले ही प्रयास में नीट की प्रतियोगी परीक्षा में पास कर परिजनों संग पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया। मंजू के इस सफलता को सम्मानित करने के लिए झामुमों के नेता रतिलाल टूडू उनके गाँव पहुंच कर बिटिया को पुष्प गुच्छ भेंट कर व मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई की। मंजू का दाखिला शहीद निर्मल महतो स्मारक केंद्रीय चिकित्सा अस्पताल में हुआ है। श्री टूडू ने उनकी उज्जवल भविष्य की। मौके पर सोनोत सन्थाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सनातन सोरेन, टुंडी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, झामुमों बाघमारा प्रखण्ड सचिव मनसा राम मुर्मू, अरुण हेम्ब्रम, लखन लाल टूडू, महाबीर हांसदा, बी एम हेम्ब्रम, राकेश सोरेन, बी महतो आदि मौजूद रहे।

# बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ ने उठाई बीजीएच से संबंधित मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बीजीएच से संबंधित मजदूरों की विभिन्न मांगों पर भारतीय मजदूर संघ से संबंध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ की बैठक महामंत्री विनोद कुमार के नेतृत्व में बीजीएच के सीएमओ प्रभारी विभूति करुणामय, सीएमओ डॉक्टर आनंद कुमार डॉक्टर मंडल डॉक्टर इंद्रनील चौधरी से हुई। यूनियन के द्वारा संबंधित मांग पत्र पूर्व में ही दिया गया था। बैठक में सभी वार्डों को वातानुकूलित करना, पार्किंग एरिया में सीसीटीवी कैमरा लगाना, सभी शौचालय को दुरुस्त करना, नगर के सभी हेल्थ सेंटर में दवा रिपीट करना और दवा उपलब्धता सुनिश्चित करना, अल्ट्रासाउंड सीटी स्कैन एमआरआई की रिपोर्ट बीजीएच के एप्लीकेशन में शामिल करना, अस्पताल के कैंटीन में रेट चार्ट के साथ हाइजीनिक भोजन उपलब्ध कराना, अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए भोजन उपलब्ध करना, स्पेशलिस्ट डॉक्टर एवं टेक्नीशियन की कमी को दूर करना, मंदबुद्धि एवं विकलांग बच्चों के लिए विकास केंद्र बनाना। जिसमें ऑक्यूपेशनल थेरेपी स्पीच थेरेपी स्पेशल एजुकेटर थेरेपी एवं चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट उपलब्ध रहे। अस्पताल कर्मी और डॉक्टर को बिहेवियर बेस्ड प्रशिक्षण दिया जाए सभी डॉक्टर और नर्स को नेम प्लेट लगाया जाए। सभी कर्मचारियों को उनकी पत्नी के साथ रूटिंग हेल्थ चेकअप कराया जाए। अस्पताल में जगह-जगह आर ओ वॉटर प्यूरीफायर लगाया जाए बीजीएच में कार्यरत अटेंडेंट महिला पुरुष की बंद हुई सुविधा बहाल किया जाए कॉन्सुलेटिव कंटी हॉस्पिटल सर्विस ऑक्यूपेशनल हेल्थ की एक कमेटी बनाया जाए जिसमें श्रम की के ऊपर श्रमिकों की प्रतिनिधि उपलब्ध हो राउरकेला के तर्ज पर बीजीएच को भी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाया जाए। इन सभी बिंदुओं पर सीएमओ इंचार्ज डॉक्टर विभूति करुणामय ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही 70 बेड के साथ कर्मचारियों के लिए एक वातानुकूलित वार्ड मिलेंगे और इस साल के अंत तक 200 वेट का एक वार्ड कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा अभी वर्तमान में एस 9 से एस 11 तक के लिए कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है और बाद में इसे एस 6 से कर दिया जाएगा। ओ एच एस में फेफड़ा जांच और कान जांच की सुविधा जल्द चालू करने की मांग की गई जिसमें सीएमओ इंचार्ज ने आश्वासन दिया। प्लांट के अंदर ओ एच एस सेंटर में भी कर्मचारियों अब अपना ब्लड सैंपल दे सकेंगे उन्हें बीजी एच जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बैठक में मुख्य रूप से फेडरेशन महामंत्री सह एन जे सी एस सदस्य रंजय कुमार यूनियन के अध्यक्ष बिशेश्वर महतो, उपाध्यक्ष तपन गिरी, कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद केवट, रमेश कुमार मिश्रा शशि भूषण, अरविंद कुमार सिंह, पंकज पांडा, चंदन कुमार, हेमराज, दिगू कर्मकार, अजीत राघव, एसके सुमन, विवेक कुमार सिंह निमाई चंद्र दास आदि उपस्थित रहे।

# विज्ञान मेले में बच्चों के अभिनव प्रयोग की सराहना

**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3सी बोकारो में आज विज्ञान मेले का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति में विज्ञान को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। आर्यभट्ट, सुश्रुत, भास्कराचार्य जैसे महापुरुषों ने विज्ञान और ज्ञान के क्षेत्र में विश्व को नई दिशा दी। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिससे भैया-बहनों में जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का विकास हो सके। मुख्य अतिथि बोकारो के सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय संकुल संयोजक मार्कंडेय पांडे, सरस्वती विद्या मंदिर 2ए के प्राचार्य उपेन्द्र पांडे, विद्यालय 3सी बोकारो के प्राचार्य संजीव, सचिव राजकुमार तथा समिति के सदस्य जयप्रकाश पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसे कक्षा अष्टम की बहन आदिया, अंजली ने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। विज्ञान मेले में शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के भैया-बहनों ने विविध विषयों पर उत्कृष्ट मॉडल्स प्रस्तुत किए।

नितिन राज एवं रणवीर प्रकाश, सुमित कुमार मिश्रा, सोनम कुमारी (किशोर वर्ग), अमरनाथ गोस्वामी (किशोर वर्ग), ऋचा राजशाही, राजकुमार, सानू (तरुण वर्ग), रोशन कुमार (बाल वर्ग), किशोर भगत सिंह, अक्षत कौशिक, आयुष कुमार, यश कुमार (किशोर वर्ग), कल्याणी, कुसुम, ईशिका पॉल, आयुष्मान कुमार (तरुण वर्ग), अमन प्रज्ञान एवं आदर्श कुमार (शिशु वर्ग), निशांत कुमार, प्रिंस राज एवं आदित्य तिवारी (बाल वर्ग), अभिनव राज, रितिका शर्मा, आशीष कुमार (तरुण वर्ग), आकांक्षा जैन, प्राची सिंह, सोनाली, मौसम रानी (तरुण वर्ग), सृष्टि (कक्षा 4, शिशु वर्ग), आनंद कुमार (शिशु वर्ग), सचिन सोरेन (बाल वर्ग), हर्ष गुप्ता एवं दिव्यांश सिंह (बाल वर्ग) को अपने अपने वर्ग का विजेता घोषित किया गया।

विज्ञान मेले ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय के भैया-बहन न केवल परंपरागत ज्ञान से जुड़े हैं, बल्कि आधुनिक विज्ञान और भविष्य की तकनीकों को भी आत्मसात कर रहे हैं।

# बीएसएल में कॉन्फ्रेंस हॉल, डिस्प्ले यूनिट एवं डिजिटल स्टैंडी का उद्घाटन





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य) भवन में नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल, डिस्प्ले यूनिट एवं डिजिटल स्टैन्डी का उद्घाटन निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) अनीष सेनगुप्ता सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह कॉन्फ्रेंस रूम अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच प्रभावी संवाद एवं विचार-विमर्श का सशक्त मंच बनेगा। भवन की लॉबी में स्थापित डिस्प्ले यूनिट में बीएसएल द्वारा निर्मित उत्पादों के साथ-साथ नगर के प्रमुख स्मारकों के प्रतिरूप प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं, डिजिटल स्टैन्डी के माध्यम से संयंत्र के विभिन्न अधिशासी निदेशक (संकार्य) एवं उनके कार्यकाल का क्रमबद्ध परिचय प्रस्तुत किया गया है।

उद्घाटन अवसर पर निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि इन नई सुविधाओं से कार्य-संस्कृति में और सुधार होगा तथा कर्मचारियों के बीच सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इन पहलों का उपयोग संगठनात्मक विकास और टीम भावना को और सुदृढ़ करने में करने का आह्वान किया।

# सर्प दंश से पीड़ित का इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने की चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति को सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती किया गया था। इलाज ने कथित लापरवाही बरते जाने के कारण मरीज की सदर अस्पताल में मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने स्वास्थ्य मंत्री से सदर अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने और चिकित्सकों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

मरीज की मौत की सूचना के बाद अस्पताल में परिजनों और अन्य लोगों की भीड़ लग गई। सदर अस्पताल के डीएस एन पी सिंह ने लापरवाही के आरोप को खारिज किया है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक ने रात दो बजे तक इलाज भी किया और ब्लड जांच भी कराई। सांप काटने का कोई सिंपटम मरीज में नहीं था, जिस कारण एंटी वेनम नहीं चलाया जा सकता था। सुबह स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सकों ने सभी तरह का इलाज किया लेकिन हार्ट फेलियर होने से मौत हुई।

चंद्रपुरा प्रखंड के पिपराडीह के रहने वाले मोहम्मद तसलीम को कल शाम सांप ने दाहिने हाथ में काट लिया था।

इसके बाद डीवीसी अस्पताल में इलाज करने के बाद रात 12 बजे सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती किया गया।

चिकित्सकों ने इंजेक्शन लगाने के बाद जांच शुरू की उसके बाद किसी भी चिकित्सक ने मरीज को देखने का काम नहीं किया। आज जब सुबह मरीज की स्थिति भी बागड़ी तो चिकित्सकों को सूचना दी गई, उसके तुरंत बाद मरीज की मौत हो गई।

मृतक के रिश्तेदार मोहम्मद साहिल ने बताया कि चिकित्सक को यह बताया गया कि हम लोग स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के आदमी है उसके बाद भी इलाज नहीं की गई हम चाहते हैं कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार हो और लापरवाह चिकित्सकों पर कार्रवाई हो।

# संत जेवियर्स में ग्राफ एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो।** सेंट जेवियर्स स्कूल, बोकारो इस्पात नगर में बुधवार को आईटी क्लब द्वारा ग्राफ एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को गणितीय समीकरणों का प्रयोग कर विभिन्न आकृतियाँ बनानी थीं। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गणित को केवल सूत्रों और समीकरणों को रटने के बजाय समझने, कल्पना करने और उसका आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित करना था।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एसजे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। मौके पर क्लब के समन्वयक इम्तियाज खान, प्लस टू के उप-प्रधानाचार्य देबाशीष सर व अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

# सरगना सहित 6 डकैत गिरफ्तार, जेवर व नकदी बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने धनबाद के अलग अलग क्षेत्रों से 6 डकैतों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने 17-18 अगस्त की रात बोकारो के नावाडीह थाना क्षेत्र के बिरनी गांव में धनेश्वर साहू के घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। हथियारबंद 8 से 10 डकैतों ने सोने चांदी के जेवर सहित लाखों रुपए की डकैती की थी। डकैती का खुलासा बोकारो एसपी के द्वारा गठित एसआईटी टीम ने किया है। इस मामले में धनबाद के रहने वाले पांच डकैत के साथ सोनार समेत 6 डकैत को दो देशी पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक कार्बाइन टाइप का देसी कट्टा, 6 गोली 10 ग्राम गला हुआ सोना 470 ग्राम गलता हुआ चांदी और एक स्कॉर्पियो के साथ गिरफ्तार किया है वहीं डकैतों से सोना चांदी खरीदने वाले नावाडीह के सोनार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस डकैत गिरोह का मास्टरमाइंड धनबाद के भूली का रहने वाला विक्रम कुमार है। जो अपने सहयोगी धर्मेंद्र राय रवि कुमार महतो हाशिम शेख किसान पंडित सहित अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर धनेश्वर के घर में हथियार के बल पर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि इन डकैतों से मुकेश सोनार के द्वारा जेवर की खरीदारी की जाती थी। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस गिरोह के द्वारा धनबाद के ईस्ट बसुरिया थाना क्षेत्र में 25 जुलाई और नावाडीह थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में डकैती की घटना को अंजाम दिया था, जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया था। एसपी ने बताया कि यह जीरो पूरी तरह से प्रोफेशनल है और डकैती की घटना को ही अंजाम देने का काम करते हैं। गिरोह के अन्य सदस्य जो अभी फरार है उनके गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि डकैत गिरोह का सरगना विक्रम कुमार के खिलाफ धनबाद के कतरास और तेतुलमारी थाना में पूर्व तीन से मामला दर्ज है। वही एक अन्य सदस्य हसीन शेख के ऊपर बोकारो के नावाडीह और चंदनकियारी थाने में मामला दर्ज है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK